

हर समस्या की जड़ निजीकरण: राहुल गांधी 12
जागरूकता एवं सतर्कता ही जीवन का रक्षाकवच... 10




# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 23
मूल्य: ₹ 3.00/-
पेज : 12+2 (वेब संस्करण)

@janexpressnews  janexpresslive  janexpresslive  www.janexpresslive.com/epaper
गुरुवार | 02 नवंबर, 2023


भारत-बांग्लादेश के बीच अगरतला-अखौरा अंतरराष्ट्रीय रेलवे लिंक सहित तीन परियोजनाओं का शुभारंभ

# 9 साल में हमने जितना काम किया वो कई दशकों में नहीं हुआ: मोदी

## भारत और बांग्लादेश के संबंध निरंतर छू रहे नई ऊंचाइयां: मोदी

## शेख हसीना ने दोनों देशों की दोस्ती को मजबूती देने के लिए मोदी का जताया आभार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेशी पीएम शेख हसीना ने बुधवार को तीन डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स का वर्चुअली उद्घाटन किया। इसमें भारत-बांग्लादेश को जोड़ने वाली दो रेल परियोजनाएं-अखौरा-अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक, मोंगला पोर्ट रेल लाइन और एक मेगा पावर प्लांट-मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट की यूनिट-टू शामिल है। पीएम मोदी ने वर्चुअल संबोधन में कहा कि अखौरा-अगरतला रेल लिंक भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों और बांग्लादेश के बीच पहला रेल लिंक है। इसका उद्घाटन एक ऐतिहासिक पल है। पिछले 9 सालों में हमने मिलकर जितना काम किया है, वो कई दशकों में भी नहीं हुआ था। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने कहा, भारत-बांग्लादेश के बीच तीनों प्रोजेक्ट्स का जॉइंट इनॉगरेशन हमारी पक्की दोस्ती और सहयोग को दिखाता है। शेख हसीना ने दोनों देशों के बीच दोस्ती को मजबूत करने को लेकर भारत के पीएम मोदी के कमिटमेंट की सराहना की।

### 3 नई ट्रेन सेवाएं हुई हैं शुरू: पीएम

भारत और बांग्लादेश के बीच तीन विकास परियोजनाओं के उद्घाटन पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, सीमा पर शांति, सुरक्षा और स्थिरता स्थापित करने के लिए हमने दशकों से लंबित भूमि सीमा समझौते पर हस्ताक्षर किए। हमने समुद्री सीमा का भी समाधान किया। पिछले 9 वर्षों में ढाका, शिलांग, अगरतला, गुवाहाटी और कोलकाता को जोड़ने वाली 3 नई बस सेवाएं शुरू की गई हैं। पिछले 9 वर्षों में 3 नई ट्रेन सेवाएं भी शुरू हुई हैं। 2020 से भारत और बांग्लादेश के बीच पार्सल और कंटेनर ट्रेनें भी चल रही हैं। भारत और बांग्लादेश के बीच दुनिया का सबसे बड़ा क्रूज गंगा विलास शुरू करके पर्यटन को बढ़ावा दिया गया है।




### तीन पॉइंट में तीनों डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के बारे में जान लीजिए...

- अखौरा-अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक भारत सरकार द्वारा बांग्लादेश को दी गई 392.52 करोड़ रुपए की ग्रांट से बनाया गया है। यह 12.24 किमी लंबा है। बांग्लादेश में इसकी लंबाई 6.78 किमी है। वहीं, भारत के त्रिपुरा में यह 5.46 किमी का है।
- खुलना-मोंगला पोर्ट रेल लाइन परियोजना को भारत सरकार की रियायती कर्ज सुविधा के तहत 388.92 मिलियन अमेरिकी डॉलर से तैयार किया गया है। इस परियोजना में मोंगला बंदरगाह और खुलना में मौजूदा रेल नेटवर्क के बीच लगभग 65 किलोमीटर ब्रॉड गेज रेल मार्ग का निर्माण शामिल है। इस परियोजना से बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा बंदरगाह मोंगला ब्रॉड-गेज रेलवे नेटवर्क से भी जुड़ गया है।
- मैत्री सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के लिए भारत ने बांग्लादेश को 1.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का लोन दिया है। इसे इसी लोन से तैयार किया गया है। यह 1320 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट बांग्लादेश के खुलना डिवीजन के रामपाल में बनाया गया है। दोनों देशों के पीएम ने सितंबर 2022 में इसकी पहली यूनिट का इनॉगरेशन किया था।

### बांग्लादेश का टेस्टेड फ्रेंड है भारत

शेख हसीना सितंबर 2022 में भारत दौरे पर आई थीं। उस दौरान उन्होंने कहा था, भारत बांग्लादेश का टेस्टेड फ्रेंड यानी परखा हुआ दोस्त है। भारत और बांग्लादेश के बीच मतभेद हो सकते हैं, लेकिन उन्हें बातचीत के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट की यूनिट-1 का सितंबर 2022 में दोनों प्रधानमंत्रियों द्वारा संयुक्त रूप से अनावरण किया गया था।

### मार्च में भारत-बांग्लादेश डीजल पाइपलाइन का उद्घाटन हुआ था

- 7 महीने पहले यानी मार्च 2023 में पीएम मोदी और शेख हसीना ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भारत-बांग्लादेश डीजल पाइपलाइन का उद्घाटन किया था। उस दौरान पीएम मोदी ने कहा था- मुझे विश्वास है कि यह पाइपलाइन बांग्लादेश के विकास को और गति देगी। साथ ही दोनों देशों के बीच बढ़ती कनेक्टिविटी का उदाहरण रहेगी। कोरोना महामारी के दौरान हमें रेल नेटवर्क के जरिए बांग्लादेश को ऑक्सीजन और अन्य राहत का सामान भेजने में सुविधा रही।
- 130 किलोमीटर लंबी यह पाइपलाइन 377 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से बनकर तैयार हुई। यह भारत और बांग्लादेश के बीच सीमा पार पहली ऊर्जा पाइपलाइन है। इससे दोनों देशों में ऊर्जा सुरक्षा में सहयोग बढ़ा। भारत से पाइपलाइन के जरिए डीजल आयात करने के लिए 2017 में एक समझौता हुआ था। इसके बाद मार्च 2022 में इस पाइपलाइन को बनाने का काम शुरू हुआ। इस परियोजना को जून 2022 तक पूरा होना था, लेकिन कोरोना महामारी के चलते इसमें देरी हुई।

# अब अयोध्या में होगी योगी कैबिनेट की बैठक

रामनगरी से बड़ा सियासी संदेश देने की तैयारी, कुंभ से पहले 2019 में प्रयागराज में हुई थी कैबिनेट मीटिंग



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में अगली कैबिनेट बैठक अयोध्या में की जाएगी। इस बैठक में अयोध्या के विकास और सुंदरीकरण के प्रस्ताव रखे जाएंगे। इसकी अभी तक कोई तारीख तय नहीं हुई है। लेकिन यह माना जा रहा है कि अयोध्या के दीपोत्सव के बाद कैबिनेट बैठक की जा सकती है। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और लोकसभा चुनाव 2024 से पहले अयोध्या में होने वाली कैबिनेट बैठक के सियासी मायने भी तलाशे जाने लगे हैं।

### रामनगरी अयोध्या से बड़ा सियासी संदेश देने की कोशिश

साल2019 के लोकसभा चुनाव से पहले प्रयागराज में कैबिनेट बैठक आयोजित करके योगी 1.0 सरकार ने नया इतिहास तो गढ़ा साथ ही उस साल होने वाले आम चुनाव को लेकर बड़ा सियासी संदेश भी दिया था। अब जब साल 2024 के आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं तब लखनऊ के बाहर कैबिनेट बैठक आयोजित करने का फैसला लिया गया है। अगले साल 22 जनवरी को अयोध्या में राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन से पहले योगी सरकार तमाम गतिविधियों के जरिए माहौल सरगर्म रखना चाहती है। भव्य दीपोत्सव और फिर कैबिनेट बैठक की कवायद इसी की कड़ी मानी जा रही है।

### प्रयागराज में हुई थी योगी 1.0 कैबिनेट की बैठक

29 जनवरी, 2019 को योगी 1.0 सरकार ने नया इतिहास रचते हुए प्रयागराज में कैबिनेट बैठक आयोजित की थी। ये बैठक संगम तट पर बसे टेंट सिटी में आयोजित हुई। गंगा-एक्सप्रेस वे के तौर पर दुनिया का सबसे बड़ा हाईवे बनाने का फैसला लिया। इसके साथ ही प्रयागराज के विकास से जुड़ी कई योजनाओं को हरी झंडी दी गई। सीएम योगी, तत्कालीन डिप्टी सीएम डॉ दिनेश शर्मा सहित सभी मंत्रियों ने बैठक से पूर्व संगम में स्नान किया। गौरतलब है कि जब उत्तराखंड यूपी का हिस्सा था तब कई बार लखनऊ के बजाए कैबिनेट की बैठक नैनीताल में भी होती थी।

# 271 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात देंगे सीएम

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

- सीएम योगी करेंगे 140 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिनों के दौरे पर 3 नवंबर (शुक्रवार) को गोरखपुर आएंगे। सीएम यहां करीब 271 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात देंगे। वे 6 कार्यदायी संस्थाओं की 221.10 करोड़ रुपए की लागत से पूरे 89 हुए विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और 8 कार्यदायी संस्थाओं की 49.48 करोड़ रुपए की लागत वाली 51 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। लोकार्पण और शिलान्यास का यह कार्यक्रम रामगढ़ताल के समीप चंपा देवी पार्क में होगा। शुक्रवार को मुख्यमंत्री के हाथों लोकार्पित होने वाली विकास परियोजनाओं में लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड की 4, लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड तीन की 8, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की 6, यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड की 1, नेशनल प्रोजेक्ट्स कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन लिमिटेड की 20 और जल निगम ग्रामीण की 50 परियोजनाएं शामिल हैं। जबकि, शिलान्यास वाली परियोजनाओं में से 12 की कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड, 1 की लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड, 1 की सीएण्डडीएस (14), व 26 की कार्यदायी संस्था नेशनल प्रोजेक्ट्स कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन लिमिटेड है।


CMS is organising the World's Biggest Conference of 245 Legal Luminaries — the

24th International Conference of Chief Justices of the World

on Article 51 of the Constitution of India

from 1st to 7th November 2023

ICCJW Uniting the World for Children with Enforceable International Law

CMS CITY MONTESSORI SCHOOL




(Above is the Last Year's Conference Photo)

65 PARTICIPATING COUNTRIES




245 Chief Justices, Judges, Nobel Peace Laureate, Presidents, Prime Ministers, Speakers of National Parliaments and Legal Luminaries from 65 countries of the World are participating in it.

— Dr Jagdish Gandhi
Convenor of the Conference & Founder-Manager, CMS


**रिपोर्ट** दीपावली और छठ पूजा से पहले लागू हुआ किराए में 10 प्रतिशत कटौती का आदेश

# राजधानी बस में यात्रा बचाएगी पैसा, बढ़ाएगी त्योहारों की खुशी

- त्योहार के सीजन में यह किसी उपहार से कम नहीं
- प्रदेश के लोग त्योहारों के मौके पर राजधानी बसों से अपने घर जाकर खुशियों में चार चांद लगा सकेंगे

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा



**लखनऊ।** प्रदेश के लोग खुशहाली के साथ घरवालों के साथ त्योहार मना सकें इसलिए यूपी में राजधानी बसों में 10 प्रतिशत की कटौती के आदेश को दीपावली और छठ के पर्व से पहले लागू कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की ओर से प्रदेश में चलने वाली राजधानी बसों का किराया 10 फीसदी तक कम किया था। इसको अब लागू कर दिया गया है। इस खबर के बाद रोज इन बसों में सफर करने वाले यात्रियों को लाभ होगा। त्योहार के सीजन में यह किसी उपहार से कम नहीं। प्रदेश के लोग त्योहारों के मौके पर राजधानी बसों से अपने घर जाकर खुशियों में चार चांद लगा सकेंगे।

### 100 किलोमीटर की यात्रा करने पर यात्री के 13 रुपये बचेंगे

सरकार के फैसले के बाद राजधानी बसों का किराया साधारण बसों के बराबर हो गया है। परिवहन विभाग की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार, योगी सरकार के इस फैसले के बाद अब 100 किलोमीटर की यात्रा करने पर यात्री के 13 रुपये बचेंगे, जिससे यात्रियों को एक बड़ी राहत मिलेगी।

### त्योहारों पर ट्रेन में आसानी से मिलता ही नहीं रिजर्वेशन

दीपावली और छठ पूजा पर बड़ी संख्या में प्रदेश के बाशिंदे देश के कोने-कोने से अपने घर आना चाहते हैं। लेकिन रेलवे में सीमित सीट होने के कारण उन्हें आसानी से रिजर्वेशन नहीं मिलता। इसलिए वो त्योहारों पर या तो चाहकर भी घर नहीं आ पाते हैं या फिर रेलवे के दलालों को मुंह मांगी कीमत देकर घर पहुंचते हैं। ऐसे में इस बार राजधानी बस त्योहार पर खास सहूलियत देने वाली होंगी।

### लखनऊ से दिल्ली जाने में अब 100 रुपये बचेंगे

राजधानी बसों का किराया कम होने के बाद लखनऊ से दिल्ली जाने में अब 100 रुपये बचेंगे। इसके अलावा आजमगढ़, गोरखपुर और बलिया तक सफर करने में भी अब जेब ढीली नहीं पड़ेगी। कुछ दिन पहले योगी सरकार ने राजधानी बसों में 10 फीसदी किराये में कमी की थी। जिसको अब लागू कर दिया गया है।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


# गुटबाजी से दूर रहें कार्यकर्ता, बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करें: अखिलेश यादव

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर लखनऊ में आयोजित सपा की राज्य कार्यकारिणी की बैठक में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को वोटर लिस्ट पर ध्यान देने और गुटबाजी से दूर रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी जिले में गुटबाजी नहीं होना चाहिए। सभी को मिलकर चुनाव के लिए जुट जाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करें और पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के हक व अधिकार की बात करें। सपा की राज्य कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को पार्टी के लखनऊ स्थित मुख्यालय पर हुई। बैठक में वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव और रामगोपाल यादव के साथ ही 300 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए। जिसमें पार्टी की रणनीति को लेकर मंथन किया गया। बैठक में शामिल हुए सपा प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि सपा प्रदेश में लगातार संघर्ष कर रही है। सपा का प्रयास है कि पार्टी यूपी में सभी 80 सीटों पर भाजपा को परास्त करे। लोकसभा चुनाव में अब सिर्फ छह महीने का ही समय बाकी है। ऐसे में बैठक में लोकसभा चुनाव प्रमुख मुद्दा है। सपा विपक्षी गठबंधन इंडिया की सदस्य है पर अखिलेश यादव पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि जिन राज्यों में क्षेत्रीय दल मजबूत हैं वहां उन पर भरोसा किया जाए। हालांकि, मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर सपा व कांग्रेस नेताओं में बयानबाजी हुई है। प्रदेश में कांग्रेस भी सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा कर रही है। इसके लिए अलग-अलग अभियानों व सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। उम्मीद की जा रही है कि इस बैठक में सपा कोई बड़े निर्णय ले सकती है। ▸ संबंधित खबर पेज 05 पर

# रानीपुर टाइगर रिजर्व जंगल में तेजी से सक्रिय हो रहे शिकारी, वन अमला उदासीन

जन एक्सप्रेस FOLLOW-UP

**पाठा का जंगल शिकारियों के लिये बना सुरक्षित ठिकाना**


शिकारियों द्वारा लगाए करंट प्रवाहित तार में फंसकर दुधारू भैंस की मौत

बुधवार के अंक में छपी खबर

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

वन विभाग वन और वन्यजीवों को भले ही सुरक्षित मान रहा हो लेकिन असल मे वन्यजीव बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं,क्योंकि पाठा के जंगलों मे शिकारियों का गिरोह बड़ी तेजी से सक्रिय हैं। वन विभाग के उदासीनता के चलते शिकारियों ने रानीपुर टाइगर रिजर्व जंगल को अपना सुरक्षित ठिकाना बना लिया है। इन शिकारियों का बड़े स्तर के शिकारियों के गिरोह से तार जुड़े हुए हैं। ताजा मामला मारकुंडी वनपरिक्षेत्र द्वितीय से सामने आया है। विगत दिनों टिकरिया जंगल मे शिकारियों द्वारा जंगली जानवरों के शिकार के लिए हाईटेंशन बिजली की लाइन से जंगल मे फैलाए गए करंट मे फंसकर दुधारू भैंस की मौत हो गई थी। किसान की निजी भैस होने से पकड़े जाने के भय से शिकारियों ने मृत भैंस को कई टुकड़ों मे काटकर झाड़ियों और पत्तों मे छिपा दिया। दुर्गंध होने पर चरवाहों से मिली जानकारी पर जब देखा गया तो भैंस टुकड़ों मे मिली।

### करंट मे फंसकर कई लोगों की जा चुकी जान

मानिकपुर व मारकुंडी थानाक्षेत्र के जंगलों में बिजली की कटिया लगा कर काफी अर्शे से शिकारी सक्रिय हैं। अब तक करेंट में फंस कर कई लोगों की भी जान जा चुकी है,लेकिन अब तक वन विभाग व पुलिस इन पर काबू नहीं पा सकी है। कार्यवाही न होने से शिकारियों के हौसले और बुलंद हैं।

### करंट से मरे वन्यजीवों को रेल पटरियों पर फेंका

कई बार करंट से मरे जंगली जानवरों को सच छिपाने के लिए शिकारियों द्वारा रेल पटरियों मे फेंक दिया जाता था। जिस एरिए मे भैंस की मौत हुई है, वहां डेढ वर्ष पहले एक भालू को रेल पटरी पर फेंक दिया था। जिसके शरीर से नाखून, गुप्तांग और दांत गायब थे और भालू के कहीं भी चोंटे नहीं थी। इसी तरह से तेंदुआ को भी करंट से मारकर रेल ट्रैक पर रख दिया था। जिससे ट्रेन से कटने की पुष्टि हो सके। यह क्रम काफी दिनों से चल रहा है।

### कागजों मे वनकर्मी कर रहे गश्त,हकीकत मे नहीं

वनकर्मियों की गश्त की पोल इस घटना ने खुल दिया है। अगर हकीकत मे गश्त की जाती रही होती तो शिकारी इतना निर्भीक होकर जंगल मे करंट नहीं फैलाते। टिकरिया के जंगल में पालतू मवेशी की मौत ने वनकर्मियों की पोल खोल दी है। यहां जब अधिकारी ही इमानदारी के साथ ड्यूटी नहीं करते तो निचले स्तर के कर्मचारी सही ढर्रे पर कैसे चलेंगे।

### संरक्षित जंगल में भी सुरक्षित नहीं है वन्यजीव

सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि जब संरक्षित जंगल मे ही जानवर सुरक्षित नहीं हैं तो जिम्मेदार आखिर कर क्या रहे हैं ? एक तरफ सरकार रानीपुर वन्य जीव विहार जंगल को टाइगर रिजर्व का दर्जा देकर विकसित करने करोड़ों रूपये खर्च कर रही है। टाइगर रिजर्व मे जानवर भी छोड़े जा रहे हैं,लेकिन वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर किसी को चिंता नहीं है।

### अंतरराष्ट्रीय तस्करों से जुड़े हैं स्थानीय शिकारियों के तार

रानीपुर टाइगर रिजर्व के संरक्षित वन क्षेत्र में भी वन्य जीव सुरक्षित नहीं हैं। कुछ महीने पहले चीतल का शिकार करने वाले शिकारियों पर वन विभाग ने कार्यवाही भी की थी। इसके साथ ही इटारसी से चलकर प्रयागराज को जाने वाली पैसेंजर गाड़ी से बड़ी मात्रा मे बारहसिंगा जानवर की सींग पकड़ी गई थी। क्षेत्र मे लंबे समय से शिकारी सक्रिय हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव तस्करों के निशाने पर हैं। पेशेवर इन शिकारियों के तार अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव तस्करों से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। अगर समय रहते अंकुश नहीं लगाया गया तो अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव तस्करों का हब बन सकता है। सूत्रों ने बताया बड़े वन्यजीव तस्कर स्थानीय लोगों से शिकार कराते हैं। अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव तस्कर शिकार के लिए स्थानीय और घुमंतू लोगों की मदद लेते है।

# यातायात माह के शुभारम्भ पर निकली गई जागरूकता रैली

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द एवं पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी के साथ बुधवार को धनुष चैराहा स्थित यातायात केन्द्र से यातायात जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर यातायात माह नवम्बर 2023 का शुभारम्भ किया।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि जनपद में दुर्घटनाएं ज्यादा होती हैं, जरूरी है कि हम यातायात नियमों का पालन करें एवं दूसरों को भी बताएं। उन्होंने कहा कि जो ऑन ड्यूटी पर रहते हैं, वह भी नियम का पालन करें। उन्होंने कहा कि अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट, सीट बेल्ट लगाएं, इससे 90 प्रतिशत जान बच सकती है। उन्होंने कहा कि पुलिस व हम सभी की जिम्मेदारी है की नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि पूरे माह यह मनाया जाएगा। उन्होंने सभी से अपील की कि नियमों का पालन करें। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के सम्बन्ध में चित्रकूट पुलिस द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही पम्पलेट के माध्यम से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। यातायात माह के दौरान 3 सवारी, बिना हेलमेट, ड्रिंक एण्ड ड्राइव, ओवरलोड, ओवरस्पीड वाहनों का जांच अभियान चलाकर चालान किये जाएगें। जगमोहन सिंह बालिका इण्टर कॉलिज, ज्ञान भारती इण्टर कॉलिज व गोपाल दास निर्मला देवी शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलिज के उपस्थित छात्र-छात्राओं के माध्यम से आम जनमानस को यातायात नियमों के सम्बन्ध में जागरूक किया जाएगा। जिससे आमजन यातायात नियमों के प्रति जागरूक होकर इनका पालन करेगे तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी आयेगी। उन्होंने वाहन चालकों से सीट बेल्ट, हेलमेट का प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा से वाहन चलाने, वाहन चलाते समय हेडफोन या मोबाइल फोन का प्रयोग न करने के साथ यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन पायनियर क्लब के संचालक केशव शिवहरे ने किया।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय, यात्री एवं मालकर अधिकारी परिवहन संतोष तिवारी, प्रभारी निरीक्षक यातायात मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने किया बरूआ इंटेक वेल का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बुधवार को बरुआ स्थित इंटेक वेल का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट मैनेजर से कहा कि रेलिंग कलर पेंटिंग व कास्टिंग का जो कार्य बचा है, उसे जल्द से जल्द कराएं। प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र कुमार तिवारी और उनकी लार्सन एंड टूब्रो लिमिटेड की टीम द्वारा किए गए कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही इंटेक वेल पर लगाए गए वीटी पंप का ट्रायल लिया। ट्रायल के सफल होते ही सभी इंजीनियरों, अधिकारियों और कर्मचारियों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। जिलाधिकारी ने कहा कि एलएनटी कंपनी द्वारा क्वालिटी मन्थ मनाया जा रहा है, जो जल जीवन मिशन का एक महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने कहा कि पेयजल के लिए दूर तक जाना पड़ता था, सभी कि इस भावना से यह कार्य संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि पेयजल की गुणवत्ता को बढ़ाएं, जल जीवन मिशन से सम्बन्धित तीनों परियोजनाओं को 15 दिसंबर तक पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के सपनों को पूरा करने के लिए बुंदेलखंड क्षेत्र में पेयजल जल्द से जल्द उपलब्ध कराएं। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे नंदू सुधाकरन ने बताया कि यह इंटेक वेल का एप्रोच ब्रिज 205 मीटर की अत्यधिक लंबाई होने की वजह से बहुत चुनौती पूर्ण रहा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने गुणवत्ता महीने की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण कार्य करना ही सही तरीके से कार्य करना है। जिलाधिकारी, अधिशासी अभियंता जल निगम एवं एडीएम नमामि गंगे ने स्कीम के कमिश्निंग और टेस्टिंग के कार्य को पूरा करने पर चर्चा की। जल जीवन मिशन की टीम में सभी लोगों को प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र कुमार तिवारी ने कार्य की प्रगति एवं प्लान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। सिलौटा पेयजल योजना के अंतर्गत 76 गांव की टेस्टिंग पहले से ही पूरी कर ली गई है। वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का काम भी कंप्लीट हो चुका है। जिसको प्री कास्ट टेक्नोलॉजी से बहुत ही संतुलित तरीके और द्रुत गति से लार्सन ऐंड टुब्रो लिमिटेड की टीम ने पिछले 60 दिनों में बना कर तैयार किया। उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झा ने इसी गति से अंतिम चरण को पूर्ण करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कर्मचारियों विपिन पांडेय, प्रोविंस, प्रसाद, राजू एवं सुनील कुमार आदि को सम्मानित किया गया।

## गांजा कारोबारी को त्वरित न्यायालय ने सुनाई सजा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** गांजा कारोबारी को त्वरित न्यायालय ने 16 माह कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सनद कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती 28 जून 2022 को कर्वी कोतवाली के तत्कालीन उप निरीक्षक शैलेन्द्र पाण्डेय ने उटार खाना कर्वी निवासी संतोष पुत्र रामबाबू को गिरफ्तार किया था। जिसके पास से 1 किलो 200 ग्राम सूखा गांजा बरामद हुआ था। जिसके बाद एनडीपीएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया और न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज सुशील कुमार वर्मा ने निर्णय सुनाया।

# जिला कारागार में मनाया गया करवा चौथ का त्योहार

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



करवा चैथ का पर्व बुधवार को सुहागन महिलाओं ने पूरी आस्था और विश्वास के साथ मनाते हुए निर्जला व्रत रखा। दिनभर व्रत रहने के बाद शाम को चांद के दीदार के बाद महिलाओं ने पति के साथ पानी पीकर अपना व्रत तोड़ा। जिला कारागार में बंद आधा दर्जन जोड़ों ने भी करवा चैथ का त्योहार मनाया। जेल के नियमों का पालन करते हुए महिला बंदियों ने व्रत रखने के बाद शाम को पूजन-अर्चन के साथ बंदी पति के हाथों पानी पीकर परम्परा का निर्वाह किया।

अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए महिलाओं द्वारा रखा जाने वाला प्रमुख व्रत करवा चैथ बुधवार को धर्मनगरी में धूमधाम से मनाया गया। हिन्दू कैलेण्डर के अनुसार कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को होने वाले इस व्रत के लिए महिलाओं ने दिनभर निर्जला उपवास रखा और शाम को सोलह श्रृंगार करने के बाद मेवा, फल से भरी थाली लेकर चंद्र दर्शन किया। इस दौरान पति की पूजा कर अखण्ड सौभाग्य की कामना की गयी। इसी क्रम में चित्रकूट के जिला कारागार में भी करवा चैथ का त्योहार मनाया गया। यहां अलग-अलग मामलों में आधा दर्जन पति-पत्नी बंद हैं। जिनमें महिलाओं ने दिनभर व्रत रखा और शाम के समय जेल नियमों का पालन करते हुए महिला बंदियों को चांद निकलने के बाद उनके पति बंदियों का दीदार कराकर व्रत तोडवाया गया। जेल अधीक्षक शशांक पाण्डेय ने बताया कि जेल में बंद छह महिलाएं करवा चैथ का व्रत थी। शासन के निर्देशानुसार इन सभी महिलाओं के लिए करवा मंगवाकर पूजन की व्यवस्था की गयी। व्रत के बाद सभी महिलाओं को खीर पूडी का भोजन कराया गया। इसके अलावा पीसीओ के माध्यम से महिलाओं को उनके पतियों से फोन पर वार्ता भी कराई गई।

# पति के दीर्घायु व स्वस्थ रहने की कामना करके सुहागिनों ने किया करवाचौथ व्रत

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

सुहागिनो ने करवा चैध व्रत करके पति के दीर्घायु व स्वास्थ रहने की कामना किया। सनातन धर्म मे सुहागिन पति को परमेश्वर के रुप मे देखती है और उनके मंगल कामना के लिए व्रत, उपवास सहित अनेक क्रिया करती है। जिनमे करवाचैथ का व्रत भी एक महत्व पूर्ण अनुष्ठान के रुप मे माना जाता है। मान्यता है कि इन्द्रदेव की इन्द्राणी आज ही के दिन धरती मे उतर कर व्रत के बारे मे जानकारी देते हुये पति के दीर्घायु व स्वस्थ रख सकती है।

करवाचैथ की तैयारियॉ सुहागिनो द्वारा कई दिन पूर्व से करने लगती है। पति के दीर्घायु हो के लिए पूजन आदि के समय सुहागिन महिलाये अपने को सजा-सवार कर ही करती है। जिसके लिए कई दिन पूर्व से ही बाजारो मे रौनक देखने को मिल रही थी। सुहागिनो को सुहाग सामग्री और कपडो की दुकानो मे भीड देखने को मिलती रही है।

धर्म ग्रन्थो के अनुसार पाण्डवो के वनवास के समय जब अर्नुज तपक रने जब इन्द्रनील पर्वत पर की ओर चले गये तब द्रोपती को बडी चिन्ता हुई तो श्री कृष्ण ने द्रोपती को आज के ही दिन करवाचैथ व्रत करने के लिए बताया था और अर्जुन स्वस्थ और तप मे सफल होकर लौटे तभी से करवाचैथ व्रत की शुरुवात हुई। सुहागिन महिलाये इस व्रत को पूरी निष्ठा के साथ पूरे दिन व्रत रहकर पति के दर्शन के बाद पति के हाथो से ही जल आदि ग्रहण करती है। वही आधुनिकता के दौर मे व्रत की लकीर ही पीटी जा रही है। अपने पति की लम्बी दीर्घायु के लिए मनाया जाने वाले वाले करवाचैथ के पर्व पर महिलाओं में सबसे अधिक सजने एवं संवरने की होड़ रहती है।

## उत्तर प्रदेश किसान सभा ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** इजराइल द्वारा फिलिस्तीन में किए जा रहे जन संहार के विरोध में बुधवार को उत्तर प्रदेश किसान सभा ने प्रदर्शन किया। इस दौरान राष्ट्रीपति को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया।

उत्तर प्रदेश किसान सभा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य रूद्रप्रसाद मिश्रा ने कहा कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नही है बल्कि नई समस्याओं को जन्म देता है। साम्राज्यवादी ताकतों के समर्थन से इजराइल द्वारा फिलिस्तीन में किए जा रहे जनसंहार के हमले के विरुद्ध में फिलिस्तीन के समर्थन में एकजुटता प्रदर्शन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि साम्राज्यवादी अमेरिका समर्थित इजराइल द्वारा गाजा फिलस्तीन पर बम्ब बरसा रहा है। यहाँ तक कि अस्पतालों, स्कूलों और सयुक्त राष्ट्र संघ के आश्रय स्थलों पर भी बम्ब गिराए जा रहे हैं।

# क्षत-विक्षत मिली महिला के शव पर तीन लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

जन एक्सप्रेस । बांदा

तहसील नरैनी थाना गिरवां क्षेत्र के ग्राम पतौरा में दलित महिला का सिर धड से अलग और हथेली अलग पाया गया तो ग्राम में हड़कम्प मच गया। महिला के शरीर के ऊपरी हिस्से में कपडा नहीं था। परिजनों ने युवती की हालत देखकर हत्या का आरोप लगाया है। मौके में पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। बताया जाता है कि इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

गिरवां थाना क्षेत्र के पतौरा ग्राम के निवासी सोहन रैदास की पत्नी सुनीता गांव के ही राजकुमार शुक्ला के घर पर जहां आटी चक्की लगी है, उस दीवार में मिट्टी छापने के लिये गयी थी।

उसी दिन मंगलवार को शाम 6 बजे चक्की में सुनीता का शव क्षत विक्षत जमीन में पडा मिला। मृत महिला का सिर धड से अलग और बायें हांथ की हथेली अलग पडी थी। शरीर में कपडे गायब थे। ग्रामीण रक्त रंजिश लाश को देकर भौचक्के रह गये। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। मामले को लेकर गिरवां थानाध्यक्ष से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि गांव के ही तीन लोग बउवा शुक्ला, राजकुमार शुक्ला व रामकेश के खिलाफ धारा 302, 376 एससी एसटी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बालू का अवैध खनन कर रहे माफियाओं ने अन्नदाता समेत चार की बेरहमी से की पिटाई

जन एक्सप्रेस । बांदा

**एक की हालत गंभीर, गंभीर हालत में एक घायल किसान को किया गया कानपुर रेफर**

लगातार हो रही बालू चोरी को लेकर अधिकारियों को किसान और अन्नदाताओं द्वारा सूचित किया जाता रहा है। लेकिन धन बल के चलते और राजनैतिक संरक्षण पाये खनिज विभाग के अधिकारीगणों ने बिना पट्टा किये चोरी कर रहे बालू माफियाओं पर कोई कार्यवाही नही की। जब अन्नदाता बालू खनन माफियाओं को बालू भरने व चोरी करने से रोका गया और कहा गया कि लगातार ट्रैक्टर निकलने से हमारी फसल बर्बाद हो रही है इस पर बालू माफियाओं ने किसान पर फावड़े से हमला कर लहूलुहान कर दिया। बचाने आए तीन अन्य परिजनों को भी बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया। गंभीर हालत में किसान को जिला अस्पताल से कानपुर रेफर कर दिया गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के क्योटरा पहाड़ निवासी चुनूबाद निषाद (50) पुत्र महेश्वरा केन नदी किनारे सब्जी की बारी लगाए है।

मंगलवार की रात कुछ दबंग चोरी-छिपे उसकी बारी उजाड़ कर ट्रैक्टर में बालू भर रहे थे। उसने इसका विरोध किया। यह बात बालू चोरों को नागवार गुजरी। बालू चोरों ने उस पर फावड़े से हमला कर दिया। वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। मदद की आवाज लगाने पर उसका भाई हीरा (60) व भतीजा पप्पू (35), श्रीराम (35) पुत्र मुन्नी लाल को बालू चोरों ने बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया। दबंग धमकी देकर मौके से फरार हो गए। परिजन गंभीर हालत में चुनूबाद को जिला अस्पताल लेकर आए। यहां हालत नाजुक होने पर उसे कानपुर रेफर कर दिया। भतीजे पप्पू ने बताया कि इन दिनों बालू चोर काफी सक्रिय हैं। पुलिस की शह पर अवैध खनन हो रहा है। बालू चोर नदी किनारे लगी उनकी सब्जी की बारी उजाड़ कर धड़ल्ले से अवैध खनन कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले पुलिस और खनिज विभाग को अवैध खनन की सूचना दी थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। बालू चोर नदी किनारे लगी उनकी सब्जी की बारी उजाड़ कर धड़ल्ले से अवैध खनन कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले पुलिस और खनिज विभाग को अवैध खनन की सूचना दी थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

# यातायात माह का जिलाधिकारी ने कबूतर उड़ा किया शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर



यातायात माह नवम्बर 2023 का जिलाधिकारी सी.इंदुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने गुब्बारे छोड़कर, कबूतर उड़ाकर एवं यातायात जागरुकता वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जनता से यातायात नियमों का पालन करने की अपील किया। जिलाधिकारी ने कहा परिवहन विभाग द्वारा बनाए गए मानकों, नियमों का पालन करें, निर्धारित गति में ही वाहन चलाएं। परिवहन विभाग व यातायात से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हाईवे पर निर्धारित स्थान पर यातायात संकेतको को लगाया जाय साथ ही साथ वाहनों के प्रदूषण स्तर, फिटनेस की जांच किया जाय निर्धारित क्षमता से अधिक यात्रियों को ले जाने वाले वाहनों पर नियमानुसार कार्यवाही किया जाय, स्कूल में चलने वाले वाहनों पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने कहा कि जनपद में एक्सीडेंट ज्यादा होते हैं जरूरी है कि हम उनके नियमों का पालन करें एवं दूसरों को भी बताये। जो पुलिसकर्मी आन ड्यूटी पर रहते हैं वह भी नियम का पालन करें। उन्होंने कहा कि अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट, सीट बेल्ट लगाये इससे 90 प्रतिशत जान बच सकती है। पुलिस व हमारी सबकी जिम्मेदारी है कि जो लोग रोड पर निकले उनकी भी जिम्मेदारी है की नियमों का पालन करें। वही पुलिस अधीक्षक ने कहा कि छात्र-छात्राएं, कैडेट्स और पुलिसकर्मी यातायात माह के दौरान सभी को स्लोगन, पोस्टर और इंटरनेट मीडिया के माध्यम से यातायात नियमों के बारे में जानकारी दें। लोगों को ट्रैफिक में लापरवाही से होने वाले नुकसान के बारे में जागरुक करें। ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिया कि यातायात नियमों को तोड़ने वाले, शराब पीकर वाहन चलाने वाले और दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाही करें। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक, वित्त, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर, ट्रैफिक, जिला सूचना अधिकारी, परिवहन विभाग के अधिकारीगण, यातायात प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

## नाबालिग बेटी के लिए एक पखवारे से पिता पुलिस की कर रहा गणेश परिक्रमा

**जन एक्सप्रेस/खागा, फतेहपुर।** एक पखवारे से भी अधिक समय से नाबालिक बेटी के लिए पिता थाना पुलिस सहित आलाधिकारियो के चैखटो मे दस्तक देकर बेटी को सही सलामत खोजने की मांग कर रहा है। वही पिता ने नामजद तहरीर देकर बेटी को वेश्यावृत्ति जैसे जघन्य अपराध मे झोकने की आशंका जाहिर कर रहा है। नामजद आरोपी अपराधी किस्म का व्यक्ति बताया जा रहा है। मामला सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के खजुरियापुर गॉव का है। पीडित पिता विमल ने बताया कि थाना पुलिस को तहरीर देकर नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया है और एक पखवारे से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी बेटी अब तक नही बरामत हो सकी। क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देकर एक बार फिर नाबालिक बेटी को सही सलामत बरामत करने की अपील किया। अरोपी संजय पहले भी अपनी ही पत्नी की हत्या मे संल्पित है और जेल भी हो आया है। आरोपी अपने पिता व भाई के साथ साजिस करके नाबालिक बेटी का अपहरण कर लिया है और आशंका है कि बेटी को कही बेचकर वेश्यावृत्ति जैसे कुकृत्य की आग मे झोक देगा।

# बुन्देलियों ने खून से पत्र लिखकर बुन्देलखण्ड अलग राज्य की किया मांग

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर




अलग बुंदेलखंड राज्य की मांग कर रहे बुंदेलखंड राष्ट्र समिति ने आज के दिन को काला दिवस के रूप में मनाया है। पत्थर कटा चैराहे मे सुभाष चंद्र बोस स्मारक पर काले वस्त्र धारण कर अलग राज्य की मांग के साथ प्रधानमंत्री को सम्बोधित खून से खत लिखे गये। एक नवंबर को काला दिवस के रूप में मना केंद्र सरकार से बुंदेलखंड राज्य बनाने की मांग किया है। पीएम मोदी से बुंदेलखंड राज्य बनाकर वर्षों पुरानी ऐतिहासिक भूल को सुधारने की अपील किया। बुंदेलों की मानें तो आज ही के दिन बुंदेलखंड के दो टुकड़े करके उसके वजूद को खत्म किया गया था। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय ने कहा कि 1947 में जब देश आजाद हुआ, तब बुंदेलखंड राज्य था और नौगांव इसकी राजधानी थी। चरखारी के कामता प्रसाद सक्सेना मुख्यमंत्री थे लेकिन 22 मार्च 1948 को बुंदेलखंड का नाम बदलकर विन्ध्य प्रदेश कर दिया गया और इसमें बघेलखंड को जोड़ दिया गया। एक नवंबर 1956 बुंदेलखंड के इतिहास का वो काला दिल है। जब बुंदेलखंड के दो टुकड़े कर उसको भारत के नक्शे से मिटा दिया गया था। आधा हिस्सा उत्तर प्रदेश और आधा हिस्सा मध्यप्रदेश में शामिल कर दिया गया था। तभी से बुंदेलखंड दो बड़े राज्यों के बीच पिस रहा है। केंद्रीय प्रवक्ता देवव्रत त्रिपाठी नें बताया की तत्कालीन नेहरू सरकार ने प्रथम राज्य पुनर्गठन आयोग के सदस्य सरदार के एम पणिक्कर की बुंदेलखंड राज्य बनाए रखने की सिफारिश को दरकिनार करते हुए यह फैसला लिया था। आयोग ने 30 दिसंबर, 1955 को जो रिपोर्ट केन्द्र सरकार को सौंपी थी, उसमें 16 राज्य और 3 केन्द्र शासित प्रदेश बनाने की सिफारिश किया था, जिसमें थोड़ा बदलाव करके नेहरू सरकार ने 14 राज्य व 5 केन्द्र शासित प्रदेश बना दिया। अगर उस समय बुंदेलखंड के सांसद, विधायक सरकार के इस फैसले का विरोध कर देते तो आज हम लोग देश के सबसे पिछड़े इलाके में न गिने जाते। जिला अध्यक्ष रामप्रसाद विश्वकर्मा ने कहा कि आजादी के बाद बुंदेलखंड के साथ लगातार भेदभाव होता रहा।

## डीएम व एसपी ने किया जिला जेल का औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

जिलाधिकारी सी. इन्दुमती व पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निरुद्ध महिला, पुरूष बैरिक, कारागार अस्पताल, दवा भंडारण रूम, आंगनबाड़ी को देखा। उन्होंने निरुद्ध महिला व पुरूष बन्दियों के थैलो की तलाशी लिया। कोई वांछिक वस्तु नहीं मिली। उन्होंने निरुद्ध बन्दियों से उनके समस्याओं के बारे में पूछा। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देश दिये कि जिन बंदियों को विधिक सहायता की आवश्यकता है उनको सहायता उपलब्ध करायी जाय। दवा भंडारण कक्ष में दवाइयों का रख रखाव ठीक पाया गया। अस्पताल में भर्ती मरीजों के चल रहे इलाज के बारे के जानकारी किया। मरीजों ने बताया कि समय-समय पर जांच व दवाएं मिल रही हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, जेलर सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | गुरुवार | 02 नवंबर 2023



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 32.0 (+2.1)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 16.8 (+0.4)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 94 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 41 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 1.2 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*

# सतीश महाना से बोले कुशाग्र के माता-पिता आरोपियों के घर चले बुलडोजर

**बोले आनंद प्रकाश तिवारी फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलेगी सुनवाई, अभियोजन की मजबूत पैरवी से होगी सजा, मामला बनेगा नजीर**

जन एक्सप्रेसै | अंकित चौधरी/विनीत सिन्हा

शहर में बीती 30 अक्टूबर को थाना रायपुरवा क्षेत्र के आचार्य नगर में निवास करने वाले कपड़ा कारोबारी मनीष कानोडिया के बेटे कुशाग्र की अपहरण के बाद हत्या हो जाने के मामले में लगातर कोई ना कहानी सामने जरुर आ रही है। बीते दिन बुधवार को जब विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना संग सांसद और नेता व्यापारी गण मृतक कुशाग्र के घर पहुंचे तो उनके परिजनों द्वारा आरोपियों को सख्त सजा दिलाए जाने के साथ-साथ उनके घर पर योगी जी का बुलडोजर चलाने की भी बात रखी गई है। ज्ञातव्य हो कि बीते दिन सोमवार को शहर के कपड़ा कारोबारी मनीष कानोडिया के 17 वर्षीय बेटे कुशाग्र की हत्या कर दी गई थी इस मामले में पुलिस तीनों आरोपियों प्रभात उसके दोस्त शिव उर्फ आर्यन और मंगेतर रचिता को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। तीनों से पूछताछ में पुलिस को कई अहम जानकारियां मिली है इनमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह है की मुख्य आरोपी प्रभात सट्टे में रुपया हार गया था जिसकी भरपाई के लिए उसने रचिता और शिव के साथ मिलकर कुशाग्र के अपहरण की योजना बनाई थी। कानपुर के इस हत्याकांड को लेकर कानपुर पुलिस कमिश्नरेट के आला अफसर भी काफी नाराज हैं। अधिवक्ताओं ने तो आरोपियों को मंगलवार को पीट दिया था लेकिन अधिवक्ताओं के द्वारा आरोपियों को पीटे जाने की बात का दोनों संगठनों के अध्यक्ष द्वारा खंडन किया गया है। अब पुलिस ने इस मामले में सभी सबूत के साथ मात्र कुछ दिन में ही चार्ज शीट फाइल करने की तैयारी कर ली है। यही नहीं कुशाग्र हत्याकांड की सुनवाई पुलिस फास्ट ट्रैक कोर्ट में करवाने की तैयारी कर रही है। खुद यह बात जेसीपी ला. एंड ऑर्डर आनंद प्रकाश तिवारी ने कही है उन्होंने कहा है कि आरोपियों को ऐसी सख्त सजा दिलाएंगे।

**जिसे बेटी माना उसी ने करवा दी बेटे की हत्या**

कुशाग्र के परिजनो ने बताया कि रचिता को उन्होंने अपनी बेटी जैसा माना था हमेशा उसकी हर संभव मदद की यहां तक बात हुई थी कि उसके माता-पिता नहीं है तो बेटी का कन्यादान तक कर देंगे पर हमें क्या पता था जिसे हम बेटी समझ रहे हैं वह बेटे की हत्या कर देगी।



**सट्टे में हारे रुपयों से परेशान था प्रभात फिर बनाई फिरौती की योजना**

कुशाग्र हत्याकांड में पुलिस के सामने यह बात भी आई है की मुख्य आरोपी प्रभात कुछ दिन पहले सट्टे में काफी रुपए हर गया था वह इस बात से बहुत परेशान था इसलिए कर्ज उतारने को लेकर प्रभात ने कुशाग्र के अपहरण करने की योजना बनाई थी। वहीं प्रभात और शिव ने भी यह तय किया था कि वह दोनों मिलकर फिरौती की रकम से एक नई कार खरीदेंगे इसके लिए उन्होंने शहर के एक शोरूम में जाकर नई कर देख मिली थी। प्रभात ने दिवाली से पहले कार लाने का वादा किया था।

**प्रभात के पिता और बहन भी शक के दायरे में**

एक बड़ा सवाल है कि क्या कुशाग्र की हत्या प्रभात ने अकेले की या उसके साथ और भी कोई भी शामिल था सीसीटीवी फुटेज में और कोई जाते तो नहीं दिखाई दे रहा है लेकिन पुलिस प्रभात के होमगार्ड पिता सुनील कुमार शुक्ला जो कि दक्षिण में तैनात है और छोटी बहन को शक के दायरे में रख रही है दोनों को थाने बुलाकर पूछताछ की गई है।

**मृतक के घर पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना**

मृतक पुत्र कुशाग्र कानोड़िया के पीड़ित परिजनों को सांत्वना देने उनके आवास पर बुधवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, सांसद सत्यदेव पचौरी, विधायक अरुण पाठक, जिलाध्यक्ष दीपू पांडे, व्यापारियों के प्रतिनिधि के रूप में बीजेपी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय सह संयोजक विनोद गुप्ता, वरिष्ठ व्यापारी नेता रोशन लाल अरोड़ा, नौघड़ा कपड़ा कमेटी अध्यक्ष शेष नारायण त्रिवेदी, अनूप अवस्थी, विक्रम पंडित समेत बीजेपी एवं व्यापारी पहुंचे। जहां पीड़ित परिजन अपने मृतक बेटे कुशाग्र को याद कर बिलख पड़े व्यापारी नेता विनोद गुप्ता ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, सांसद सत्यदेव पचौरी एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, विधायक अरुण पाठक को अब तक के पूरे घटनाक्रम से अवगत कराते हुए कहा कि शहर का व्यापारी इस घटनाक्रम से बेहद आक्रोशित है एवं दुखी है इन दोषियों के विरुद्ध चार्जशीट जल्द से जल्द दाखिल कर इनको फांसी की सजा दी जानी चाहिए यह अपूर्णीय क्षति सिर्फ पीड़ित परिजनों की नही है अपितु शहर के प्रत्येक व्यापारी की व्यक्तिगत क्षति है। विनोद गुप्ता ने पार्टी नेतृत्व से मांग करते हुए कहा कि दोषियों के साथ उक्त घटना में शामिल अन्य लोगो को भी जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए एवं मृत्युदंड की सजा ही इन आरोपियों को दी जानी चाहिए, मृतक के पिता ने रोते हुए विधानसभा अध्यक्ष एवं सांसद से गुहार लगाई कि दोषियों के घरों पर बुलडोजर चलना चाहिए और फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामला चलाकर जल्द से जल्द दोषियों को फांसी दी जाए इसके अलावा पीड़ित परिजनों ने विधानसभा अध्यक्ष एवं सांसद से गुहार लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी से हमारी मांग है कि ऐसे दोषियों को इतनी कठोर सजा दें जिससे आने वाले समय में ये कार्यवाही एक नजीर के रूप में पेश हो हमने तो अपना बच्चा खो दिया किंतु कोई और परिवार हमारे जैसा असहनीय कष्ट न झेले, व्यापारी नेता विनोद गुप्ता ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, सांसद सत्यदेव पचौरी एवं पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने पीड़ित परिजनों से कहा कि शासन से लेकर सरकार तक पीड़ित परिजनों के साथ हर कदम पर मजबूती के साथ खड़ी है पुलिस प्रशासन को सख्त निर्देश दिए जा चुके हैं की मामले की गहन जांच करके इस घटना के सभी तथ्य उजागर कर दोषियों के विरुद्ध जो कठोर से कठोर सजा है वह दिलाने के लिए शासन प्रयासरत है, पीड़ित के चाचा संजय कनोडिया ने विधानसभा अध्यक्ष, सांसद एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष के सामने कहा की अपराधी का पिता जो कि उसी थाने में होमगार्ड है वह हम परिज़नों को धमकी दे रहा था, जिस पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पीड़ित परिजनों से कहा कि होमगार्ड सस्पेंड होगा और इस घटना में जो भी अन्य जिम्मेदार दोषी पाए जायेंगे उन सबको भी जांच में शामिल कर उनके खिलाफ भी कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु के लिए संपन्न किया करवा चौथ का व्रत






जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

करवा चौथ का व्रत सुहागिनों के लिए सबसे महत्वपूर्ण व्रत माना जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार करवा चौथ व्रत रखने की परंपरा महाभारत काल से चली आ रही है जब पांडवों पर संकट आया था तब श्री कृष्णा के कथन के अनुसार द्रौपदी ने करवा चौथ का व्रत पूजन किया था जिसके फल स्वरुप पांडवों पर आया संकट टल गया था। इस व्रत की ऐसी मान्यता है की जो सुहागिन स्त्रियां इस दिन अन्य -जल का त्याग कर सच्चे मन से इस व्रत को रखतीं हैं और पूजन अर्चना करती है उसके सुहाग पर कभी कोई विपदा नहीं आती है। इस बार करवा चौथ व्रत का समय सुबह 6:36 से रात 8:26 तक पड़ा है। पूजा का मुहूर्त शाम 5:44 से रात 7:02 तक रहा है और चांद निकलने का समय रात 8:26 रहा है। इस व्रत में करवा का विशेष महत्व होता है, इस दिन चांद का दीदार करते हुए करवा से ही चंद्रमा को अर्ध्य दिया जाता है ,कहते हैं कि इसके बिना व्रत अधूरा माना जाता है। इस बार भी सुहागिन महिलाओं ने बड़े ही धूमधाम से करवा चौथ का व्रत मनाया और अपने पति की दीर्घायु के लिए ईश्वर से कामना की।



## नगर निगम ने मेरी ही विधानसभा में विकास कराने और गरीबों को हटाने का ठेका ले रखा है: अमिताभ



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर में मंगलवार को थाना कोतवाली अंतर्गत फूल बाग स्थित फल और सब्जी मंडी में उस समय हड़कंप गया जब फुटपाथ पर लगने वाली दुकानों को हटाने के लिए नगर निगम का प्रवर्तन दल बुलडोजर के साथ पहुंचा। अक्रोशित सब्जी दुकानदारों ने दल का विरोध करते हुए सड़क जाम कर दिया सड़क जाम होते ही पुलिस प्रशासन के हाथ पैर फूल गए और मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल ने पहुंच कर सड़क जाम कर रहे दुकानदारों को समझा कर रास्ता खुलवाया। वहीं फूलबाग सब्जी मंडी के अध्यक्ष अजय सोनकर ने बताया कि काफी समय से यहां पर सब्जी और फल मंडी दुकानदार दुकान लगाकर अपना और परिवार का भरण पोषण करते थे। नगर निगम ने बिना कोई नोटिस दिए दुकानों को क्षतिग्रस्त कर रहा है। नगर निगम प्रवर्तन दल अधिकारी विद्यासागर ने बताया कि पूर्व में सभी दुकानदारों को बताया जा चुका था कि उन लोगों को कंपनी बाग और फूलबाग आसपास के सभी फुटपाथ को खाली करना है उनके लिए एक विशेष जगह नगर निगम ने बनाई है जहां पर अपनी मंडी लगाकर रोजगार कर सकें सब्जी दुकानदार मानने को तैयार नहीं है और नगर निगम द्वारा बताए गए स्थान पर सब्जी मंडी लगाने को तैयार नहीं हालांकि पुलिस प्रशासन और नगर निगम के अधिकारियों के बीच वार्ता चल रही है। हंगामे की सूचना पर पहुंचे सपा विधायक अमिताभ बाजपाई ने कहा कि ऐसा लगता है कि नगर निगम ने उनकी ही विधानसभा में विकास करने और गरीबों को हटाने का ठेका ले रखा है। यह भी कहा कि यहां पर कई दुकानें फेरी नीति के तहत रजिस्टर्ड हैं। अधिकारियों से बात कर त्यौहार के बाद बैठक कर मामले को निपटाने के लिए कहा गया है।

## मटर की वैज्ञानिक खेती विषय पर जारी की एडवाइजरी

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर के वैज्ञानिक डॉ.राजेश राय ने बुधवार को मटर की वैज्ञानिक खेती विषय पर एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि मटर की खेती से कम समय में पैदावार ली जा सकती है वही यह भूमि की उर्वरा शक्ति भी बढ़ाने में सहायक है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में 4.34 लाख हेक्टेयर में मटर उगाई जाती है जो कुल राष्ट्रीय क्षेत्र का 53.7 फीसदी है। शोध छात्र प्रसून सचान ने बताया कि मटर बुवाई का उपयुक्त समय अक्टूबर के अंतिम पकवारा से नवंबर मध्य होता है। इसकी बुवाई से पहले राइजोबियम कल्चर से बीजों का उपचार करने से अधिक लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि मटर की के पी एम आर 400,केपीएमआर 522, अपर्णा, रचना, पूसा प्रभात उन्नतशील प्रजातियां हैं। तथा इसकी बुवाई के लिए बीज दर 75 से 85 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की आवश्यकता होती है। रोग एवं कीटों की रोकथाम के लिए बीज एवं मृदा को शोधित अवश्य करें। उन्होंने किसानों को बताया कि इसका उत्तम कृषि कार्य प्रबंधन करने से 25 से 30 कुंतल प्रति हेक्टेयर उपज प्राप्त की जा सकती है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### यातायात पखवाड़ा सप्ताह का विधान सभा अध्यक्ष ने किया उद्‌घाटन

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। यातायात विभाग द्वारा ट्रैफिक पुलिस लाइन में यातायात पखवाड़ा सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस दौरान श्री महाना ने कहा कि शहर में जो यातायात सप्ताह मनाया जा रहा है इसको पूरे वर्ष किया जाना चाहिए क्योंकि कोई चीज बेहतर हो उसको बेहतर बनाने के लिए और अधिक मेहनत करनी पड़ती है क्योंकि नियम एक बार बनाया जा सकता है और उसको सुचारू स्वरूप से चलने का काम पब्लिक का होता है पुलिस एक इंस्पेक्टर को खड़ा कर सकती है उसके पीछे जनता है जनता को इसमें बढ़कर का हिस्सा लेना चाहिए। यातायात अधिकारियों को इसको और बेहतर बनाने के लिए ट्रांसपोर्टर बस संचालकों और बाजारों में बाहर लग रही दुकानों की दुकानदारों से बात करके एक समन्वय बनाना चाहिए जिससे यातायात और बेहतर रूप से चलाया जा सके ।

### मच्छरदानी लेकर कांग्रेसियों ने नगर निगम घेरा

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।



शहर में लगातार बढ़ रहे डेंगू के प्रकोप के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विकास अवस्थी की अगुवाई में नगर निगम के जोन 5 कार्यलय में प्रदर्शन किया गया। विकास अवस्थी की अगुवाई में हुए इस प्रदर्शन की खास बात यह रही की सभी लोग हाथों में मच्छरदानी लिए हुए थे। इस दौरान कानपुर नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि शहर में जगह जगह गंदगी और जलभराव की समस्या से डेंगू की समस्या गम्भीर है।

### जे.सी.बी. से सड़क खोदने पर भड़क गईं महापौर

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। शहर की महापौर प्रमिला पांडेय का गुस्सा एक बार फिर चर्चा पर है, इस बार यह गुस्सा अपने ही विभाग के अफसरों पर दिखाई दिया है । ज्ञातव्य हो कि दीपावली को देखते हुए एक दिन पहले ही बैठक में महापौर ने सड़क न खोदने के निर्देश दिए थे, अगले ही दिन अशोक नगर में उस आर.सी.सी सड़क को खोद कर डाल दिया गया, जो कि ठीकठाक दिखाई दे रही थी, इलाकाई लोगों की शिकायत पर जब मौके पर महापौर पहुंची तो रोड की हालत देखकर उनका गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। आरसीसी रोड तोड़ रही जेसीबी की चाभी उन्होंने अपने अर्दली के जरिए रखवा ली,नगर निगम पहुंचते ही महापौर ने नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन और जोनल अभियंता को तलब कर लिया। महापौर ने मौका-ए-हालात के वीडियो नगर आयुक्त को दिखाए और इस बात पर सवाल उठाया कि आरसीसी सड़क को रिपेयर भी कराया जा सकता है, जिसमें कम पैसा खर्च होता है तो उसको पूरा क्यों तुड़वाया जा रहा है ,आखिरकार ये ठीक नहीं है इससे सरकारी धन की सिर्फ बर्बादी की जाएगी7 जोनल अभियंता ने बताया कि इस सड़क का टेंडर अगस्त 2022 में स्वीकृत हुआ था, उस समय टेंडर के साथ वर्क आर्डर भी जारी कर दिया था लेकिन लगभग पांच लाख की लागत से इस सड़क का निर्माण होना है, इस पर महापौर ने कहा कि जब सड़क पूरी तरह सही थी तो फिर क्यों जेसीबी लगाकर उसे तोड़ा गया। इसके अलावा त्योहार के समय जब सड़क खुदाई बंद करने के निर्देश उन्होंने दिए थे तो क्यों सड़क पूरी तोड़ डाली गई, महापौर प्रमिला पांडेय ने बताया कि इलाकाई लोगों की शिकायत पर जब वह पहुंची तो लोगों ने उनके सामने अपना आक्रोश जताया और पूरा त्योहार खराब होने की बात कही।

# निर्माणाधीन भवन में काम कर रहे मजदूर की पैर फिसलने से गिरकर हुई मौत

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



शहर के थाना अनवरगंज क्षेत्र स्थित कोपर गंज महावीर एंकलेव होजरी मार्केट में निर्माणाधीन भवन में काम कर रहे मजदूर की गिर कर मौत हो गई।मजदूर की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सांत्वना दी। जानकारी के मुताबिक महावीर एनक्लेव होजरी मार्केट में निर्माणाधीन भवन में शुक्ला गंज चंपापुरवा निवासी आकाश निषाद पुत्र विश्वंभर निषाद उम्र 25 वर्ष विगत एक साल से काम कर रहा था।मृतक आकाश निषाद दो भाई तीन बहनों में सबसे छोटा था और परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी मृतक आकाश निषाद पर ही थी। मां बताशी देवी ने बताया की आकाश की तीन बहने हैं आरती, मोनिका, मांशी जिनकी शादी कराने के लिए वह दिन रात मेहनत करता था।रोज की तरह वह काम करने आया था और पैर फिसलने से चौथे मंजिल से गिरकर उसकी मौत हो गई। मां ने कहा कि ठेकेदार भी बहुत अच्छा है लेकिन उसका बेटा अब इस दुनिया में नहीं है। वहीं मौके पर पहुंची एसीपी सृष्टि सिंह ने बताया पूरे मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है वैधानिक कार्रवाई भी की जा रही है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि जहां पर यह घटना हुई थी वहां के कुछ संभ्रांत दुकानदारों ने आकाश के परिजनों को ठीक-ठाक मुआवजा दिया है जिससे कि आकाश की आखिरी ख्वाहिश अपनी तीनों बहनों की शादी करने वाली पूरी हो सके।

## डिजिटल मार्केटिंग एवं जावा टेक्निकल ट्रेनिंग का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल में बुधवार को डिजिटल मार्केटिंग एवं जावा टेक्निकल ट्रेनिंग का आयोजन हुआ। इन कार्यशालाओं में विश्वविद्यालय के विभिन्न डिपार्टमेंट से 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विश्वविद्यालय प्लेसमेंट प्रभारी डॉ.प्रभात द्विवेदी ने बताया कि डिजिटल मार्केटिंग की वर्कशॉप में मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन मार्केटिंग, वेबसाइट मैनेजमेंट, एस. इ.ओ. आदि तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। वही जावा ट्रेंनिंग में विश्वविद्यालय के बीटेक, एमसीए एवं बीसीए की छात्र-छात्राओं को ऑब्जेक्ट ओरिएंटल प्रोग्रामिंग एवं जावा कलेक्शन फ्रेम वर्क की ट्रैनिंग कराई गई। उन्होंने बताया कि इस पांच दिवसीय वर्कशाप के बाद सभी छात्र-छात्राओं का फीडबैक फॉर्म भरवा कर ट्रेनिंग का फीडबैक लेने के साथ ही प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्लेसमेंट के सह प्रभारी डॉ.प्रशांत त्रिवेदी, अभिषेक सिंह राठौड़, विशाल बाजपेई, सौरभ गुप्ता, सुनील द्विवेदी, अपराजिता प्रकाश, मानवेंद्र सिंह, मयंक राठौर आदि मौजूद रहे।

# बिल्हौर विधान सभा क्षेत्र में सपा ने पटेल जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर सभा का आयोजन किया

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो




बिल्हौर विधानसभा के क्षेत्र अरौल स्थिति मकनपुर रोड में बिल्हौर ब्लाक अध्यक्ष आशीष कटियार द्वारा आयोजित लौह पुरुष सरदार पटेल के जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे मुख्यअतिथि बिल्हौर विधानसभा की प्रत्याशी श्री मती रचना सिंह गौतम पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक कटियार महासचिव जीतेन्द्र कटियार जिला उपाध्यक्ष साहिर हुसैन जफ़री चाचा विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव उपस्थिति रहे वही तमाम वरिष्ठ प्रधान पूर्व प्रधान ने अपने अपने विचार रखे श्री मति रचना सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को देश में राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाया जाता है। वह एक मजबूत, अडिग और दृढ़ संकल्पित व्यक्तित्व के धनी थे। सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाद में एक किसान परिवार में हुआ था। वह अपने माता-पिता की चौथी संतान थे।वही उन्होंने सरदार पटेल किसानो के हितो की रक्षा के लिए कई आंदोलन किये और अंग्रेजो के खिलाफ हमेशा आवाज उठाते रहे इस अवसर पर वक्ताओ ने सरदार पटेल को याद करते हुए कहा कि राष्ट्रीय आंदोलन से लेकर आजादी के बाद तक सरदार पटेल जी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है जब देश आजाद हुआ तब देश में 560 से ज्यादा छोटी बड़ी रियासते थी कुछ रियासते भारत से जुड़ने को तैयार नहीं थी सरदार पटेल ने अपने शानदार नेतृत्व क्षमता से इन रियासतों को भारत में जोड़कर एक अखण्ड भारत का निर्माण किया राधे श्याम कटियार पूर्व प्रधान, महेंद्र जीत सिंह कटियार पूर्व प्रधान, प्रवीण चंद्र कटियार पूर्व प्रधान, विधानसभा उपाध्यक्ष शैलेंद्र कन्नौजिया, जिला उपाध्यक्ष साहिर हुसैन जाफरी, विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव सेक्टर अध्यक्ष नीरेंद्र कटियार पूर्व प्रधान, ब्रजेंद्र सिंह कल्लू नेता, महमूद अली जिला पंचायत सदस्य, राम सनेही कुशवाहा, शशिकांत पाल, कैलाश प्रजापति, राम प्रकाश कटियार, पिछड़ा वर्ग महासचिव गुड्डू कटियार कैलाश प्रजापति आनंद कटियार, सेक्टर अध्यक्ष आदर्श कटियार, सेक्टर अध्यक्ष सुरेश कटियार, सेक्टर अध्यक्ष धर्मवीर यादव, पंकज कटियार पिछड़ा वर्ग विधानसभा, अध्यक्ष शशिकांत पाल, विनोद राजपूत ठाकुर प्रसाद राजपूत, विवेक कटियार सेक्टर अध्यक्ष अखिल कटियार भारी संख्या में सम्मानित साथी उपस्थित रहे

## एल्डर कमेटी में 110 अधिवक्ताओं ने की सदस्यता ग्रहण

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में सरगर्मी तेज हो गई है। एल्डर कमेटी के मुताबिक 110 अधिवक्ताओं ने सदस्यता ग्रहण की गई है। मालूम हो कि 1 महीने पहले बार एसोसिएशन का वार्षिक कार्यकाल समाप्त हो चुका है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए एल्डर कमेटी के द्वारा आगामी वर्ष के लिए बार एसोसिएशन के चुनाव कराने के कार्यक्रम की तैयारी की गई है। एल्डर कमेटी के वरिष्ठ सदस्य अनिल पोरवाल ने बताया कि प्रथम चरण में 110 वकीलों ने बार एसोसिएशन की सदस्य बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि बताया कि स्क्रीन होने के बाद मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हो जाने के उपरांत एल्डर कमेटी अध्यक्ष के द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम के तिथियों की घोषणा की जाएगी। इस संबंध में सभी उम्मीदवारों के बीच में सरगर्मी तेज हो गई है। अध्यक्ष पद के लिए सम्भावित 5 उम्मीदवार सम्पर्क करके वकीलों की नवाज टटोलने में लगे हैं।

# यातायात जागरूकता वाहन को राज्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### ट्रैफिक लाइट और सीसीटीवी कैमरों का हुआ शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस। उरई**

यातायात माह की शुरुआत बुधवार को हुई। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर जागरुकता वाहन को रवाना किया। साथ ही 17 बाइक चालकों को मुफ्त हेलमेट प्रदान किये। वहीं इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने 66 लाख की धनराशि से शहर को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए ट्रैफिक लाइट और सीसीटीवी कैमरों का शुभारंभ किया। जिससे लोग यातायात का पालन सही तरीके से कर सके।

शहर कोतवाली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने लोगों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी, साथ ही कहा कि कोई भी व्यक्ति यातायात नियमों का उल्लंघन न करें, नियमों के पालन से ही जीवन सुरक्षित रहता है। इसलिए हमेशा यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने शहर को बड़ी सौगात दी, शहर को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए शहर के तीन मुख्य चौराहे जिसमें भगत सिंह चौराहा, अंबेडकर चौराहा, जिला परिषद पर ट्रैफिक लाइट और सीसीटीवी कैमरे सांसद निधि से लगवाए। ताकि लोगों से यातायात नियमों के बारे में सही से पालन कराया जा सके। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी सपा विधायक विनोद चतुर्वेदी व डीएम राजेश कुमार पांडेय ने भी लोगों को यातायात नियमों के बारे में जानकारियां दी। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री ने यातायात वाहन को हरी झंडी दिखाकर व ट्रैफिक लाइटों का फीता काटकर शुभारंभ किया।



### लोगों को ट्रैफिक लाइट के बारे में जागरुक कर, काटे जाएंगे चालान- एसपी

**उरई।** एसपी डॉ. ईरज राजा ने कहा कि शहर में यातायात माह पर प्रत्येक दिन विशेष जांच अभियान चलाया जाएगा। इसका मुख्य लक्ष्य लोगों को यातायात नियमों के बारे में सही से जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि अभी शहीद भगत सिंह चौराहा, अंबेडकर चौराहा व जिला परिषद चौराहा पर ट्रैफिक लाइट और सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। अभी कुछ दिनों तक चालान नहीं किए जाएंगे, पहले लोगों को ट्रैफिक लाइट के बारे में जागरुक किया जाएगा। इसके बाद लोगों के यातायात का उल्लंघन करने पर चालान काटे जाएंगे। यातायात माह में विशेष रूप से उन वाहनों की चेकिंग की जाएगी, जिनमें विधायक, सदस्य जिला पंचायत, जिलाध्यक्ष लिखा होगा, क्योंकि शहर में कई लोग जनप्रतिनिधियों के नाम पर गाड़ियों को चला रहे हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### कड़ कड़ मे है भगवान, मांगे मिले उसको दान: व्यास रंजन दास



**जन एक्सप्रेस/भाटपाररानी/देवरिया।** स्थानीय विकासखंड के ग्राम सभा अजोरिया में 29 अक्टूबर से महा शतचंडी यज्ञ का शुभारंभ बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ हुआ। ग्राम सभा अजोरिया के ग्राम प्रधान उमेश प्रसाद के नेतृत्व में पूरे गांव की सहयोग से महा शतचंडीयज्ञ का आयोजन शुभारंभ हुआ। बता दें ग्राम सभा अजोरिया में 29 अक्टूबर के दिन गांव व क्षेत्र के हजारों महिलाएं व बालिकाओं के द्वारा कलश यात्रा निकला जो कलश यात्रा अंजोरिया गांव से शुरू होकर चनुकी घाट तक गया, चनुकी घाट से कलश में जल भरकर पुन: अजोरिया में यज्ञ स्थल पर कतार बद्ध होकर महिलाएं और बालिकाये पहुंची। यज्ञ मंडप में कथावाचक श्री विकास रंजन दास महाराज जी ने भगवान श्री कृष्ण के अनेको लीलाओं का वर्णन किया, प्रभु श्री कृष्ण के बचपन की अनेकों घटनाएं जैसे उन्होंने बताया कि बचपन में भगवान श्री कृष्ण ने ताड़कासुर, पूतना राक्षसी, सकटासुर राक्षस, कालिया नाग, नरकासुर राक्षस और कालयवन आदि राक्षसों के बध का कथा सुनाया। कथावाचक विकास रंजन दास महाराज जी की कथा को सुनकर गांव और क्षेत्र से आए हुए श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। इस शतचंडी महायज्ञ के मुख्य कार्यकर्ता ग्रामसभा अजोरिया के ग्रामप्रधान उमेश प्रसाद तथा रामचंद्र पांडे, भवानी यादव, राजू श्रीवास्तव, मुन्ना यादव, तेजू याद, सुनील गुप्ता, बृजानंद कुशवाहा, टैंन लाल श्रीवास्तव, धनेश प्रसाद, राम बहादुर के साथ गांव के सभी ग्रामीण आदि अनेकों लोग थे।

### रामपुर बुजुर्ग में धूमधाम से मनाई सरदार पटेल जयंती

**जन एक्सप्रेस/बनकटा/देवरिया।** बनकटा थाना क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग में सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती का कार्यक्रम अक्षरा साइंस क्लासेज पर आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि और अन्य सभी के द्वारा सरदार पटेल के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते शिक्षक और संस्कार पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अखिलेश सिंह ने कहा कि सरदार पटेल अखंड भारत के शिल्पी थे और वे अपनी बेहतरीन नेतृत्व और प्रशासनिक क्षमताओं के लिए भी जाने जाते थे। बनकटा के युवा भाजपा नेता राहुल प्रताप सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देशी रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। शिक्षक अरविन्द कुमार ने बताया कि सभी रियासतों के राजाओं को यह स्पष्ट कर दिया था कि अलग राज्य का उनका सपना असंभव है और भारतीय गणतंत्र का हिस्सा बनने में ही उनकी भलाई है। इस अवसर पर अखिलेश सिंह शिक्षक प्रमोद कुमार पटेल, शिक्षक अरविन्द कुमार,संजय कुमार, शिक्षक विजय सिंह, पत्रकार पुरुषोत्तम पांडेय, पुरषोत्तम राय, सत्यम पांडेय, रामाश्रय यादव, संतोष यादव, दीनानाथ यादव, दीनानाथ पटेल, चंद्र भूषण मणि जी, राणा प्रताप सिंह,लक्ष्मीकांत सिंह, सूर्यकांत सिंह,पंकज सिंह, राकेश प्रजापति, शैलेंद्र कुमार, मंजूर आलम, जितेन्द्र जायसवाल, रामजी सिंह, संतोष पटेल, शिवजी गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### एसपी ने पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में किया बदलाव, तीन पुलिसकर्मी हुए लाइन हाजिर

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** एसपी संकल्प शर्मा ने दरोगा व 14 पुलिसकर्मियों का तबादला किया जिसमें दरोगा समेत 3 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर भी हुए जनपद में शिकायतों के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने एक दरोगा समेत 15 पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया। सलेमपुर कोतवाली में तैनात एक दरोगा और जिले के थानों में तैनात 3 पुलिसकर्मियों को एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया है। सलेमपुर कोतवाली और विभिन्न थाना में तैनात कुछ पुलिसकर्मियों के विरुद्ध एसपी संकल्प शर्मा को शिकायत मिली थी। प्रकरण की जब जांच कराई गई तो शिकायत की पुष्टि हुई। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए देर रात एक दरोगा समेत 15 पुलिसकर्मियों का तबादले का आदेश जारी कर दिया।

### दिनेश गुप्ता बने तहसील प्रभारी

**जन एक्सप्रेस/सलेमपुर, देवरिया।** अमित रेखा राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार दिनेश कुमार गुप्ता को भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार समन्वय समिति व सोशल मीडिया पत्रकार महासंघ का सलेमपुर का तहसील प्रभारी बनाया गया है। उक्त आशय की सूचना संगठन के केन्द्रीय कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। इनके मनोनयन पर संगठन के जिलाध्यक्ष श्यामानन्द पाण्डेय, भाटपार रानी तहसील अध्यक्ष असगर अली, महासचिव रामप्रकाश द्विवेदी, आदि ने बधाई दी।

### एसपी ने यातायात नियमों का पालन करने की दिलाई शपथ

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुनयोजित तरीके से गतिमान बनाये रखने के उद्देश्य से व आमजनमानस को यातायात नियमों के प्रति सजग/जागरुक किये जाने हेतु बुधवार को पुलिस अधीक्षक देवरिया संकल्प शर्मा द्वारा हरी झण्डी दिखाकर आयोजित कार्यक्रम **यातयात माह नवम्बर-2023** का शुभारंभ किया गया व मौजूद लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलायी गयी । पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा अपने वक्तव्य में यातायात जागरूकता के सम्बन्ध में मौके पर मौजूद सम्मानित समाजसेवियों, पत्रकार बन्धुओं व मौजूद अन्य लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए, यातायात सम्बन्धी नियमों के पालन करने के प्रति जागरूक कर नियमों को पालन करने की अपील की गयी साथ ही वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने व सीट बेल्ट लगाने की हिदायत भी दी गयी, यह भी बताया गया कि यातायात नियमों के पालन से ही वाहन दुर्घटनाओ में कमी लायी जा सकती है ।कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री राजेश सोनकर, प्रभारी यातायात उप निरीक्षक गुलाब सिंह सहित समाजसेवी, पत्रकार बन्धु व पुलिस कर्माचारीगण मौजूद रहे।

### तमंचा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार, दूसरा फरार-तलाश जारी

**जन एक्सप्रेस/कुठौंद।** थाना क्षेत्र में किसी अनजान वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद कर चालान कर दिया। एसपी डॉ. ईरज राजा के निर्देशन व एएसपी असीम चौधरी के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी रविंद्र गौतम के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश प्रजापति, हदरूख चौकी इंचार्ज सत्यदेव सिंह सहित पुलिस बल के साथ क्षेत्र में चोर, लुटेरे वाछित व वारंटियों के अलावा नशीले पदार्थों की बिक्री करने वाले लोगों की तलाश में धरपकड़ अभियान चलाने में लगे हुए थे। इसी दौरान मुखबिर द्वारा क्षेत्र में घूम रहे शातिर युवक की भनक लगी। भनक लगते ही थानाध्यक्ष ने बताए ठिकाने पर दबिश डाल दी और घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसका दूसरा साथी पुलिस को चकमा देकर मौके से भागने में सफल हो गया। पकड़े गए युवक ने पुलिस के पूछे जाने पर अपना नाम पुष्पेन्द्र यादव उर्फ अर्जुन पुत्र बलबीर यादव निवासी ग्राम भवानी मौदहा हमीरपुर बताया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किए। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर चालान कर दिया गया। वहीं मौके से फरार हुए शातिर युवक की तलाश शुरू कर दी। इस दौरान पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष व उपनिरीक्षक के अलावा आशीष आनन्द, मो. समीर सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

### अधेड़ पर टाफी का लालच देकर मासूम के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप

**जन एक्सप्रेस/सिरसा कलार।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने गांव के ही निवासी अधेड़ पर 6 वर्षीय मासूम को टोफी का लालच देकर दुष्कर्म के प्रयास करने का आरोप लगाया गया है। परिजनों द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर पुलिस ने मासूम को मेडिकल प्रशिक्षण के लिए भेज दिया। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि वह अहमदाबाद में रहता है, जबकि उसके बच्चे परिवार के साथ घर पर रहते है। बताया कि बीते दिन 28 अक्टूवर की शाम को झिंझिया के कार्यक्रम के दौरान बच्चियां घर से पैसे मांग रही थी।

# भारतीय किसान यूनियन ने बैठक कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। कालपी**



भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं की मासिक पंचायत गजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। पंचायत में किसानों की समस्या को लेकर चर्चा हुई। साथ ही किसानों ने 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीम हेमंत पटेल को सौंपकर समाधान करने की मांग उठाई।

कृषि उत्पादन मंडी समिति कालपी के चबूतरा में आयोजित भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं की मासिक पंचायत की अध्यक्षता करते हुए गजेंद्र सिंह ने बिभिन्न समस्याओं को उठाया। किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन देते हुए बताया कि अन्ना जानवर घूम कर किसानों की फसल चौपट कर रहे हैं। जिससे किसान बहुत अधिक परेशान है अन्ना जानवरों को गौशालाओं में व्यवस्थित किया जाए। इसके साथ ही नहरे फुल गेज में चलायी जाएं, जब तक किसानों के पलेवा ना हो जाए। राजकीय नलकूपों को ठीक कराया जाए और नलकूप नंबर 30 हथनौरा को चालू कराया जाए। सरकारी केंद्र पर कम खाध उपलब्ध होने के कारण किसान बाजार से रू.150 से रू. 200 तक की महंगी खाध खरीद रहे है। सरकारी केंद्र पर खाध उपलब्ध कराई जाए।

जिससे किसानों को खाध लेने में कोई दिक्कत ना हो।मदारीपुर सड़क के किनारे खड़े विद्युत पोलों से आये दिन दुर्घटनाएं हो रही है, जबकि लोक निर्माण विभाग के द्वारा इन पूलो को हटाने के लिए विद्युत विभाग को पैसा दिया जा चुका है फिर भी विभाग के द्वारा इन पोलों को नहीं हटाया जा रहा है इनको हटाया जाए और किसानो की आर्थिक स्थिति सही नहीं है। इसी को देखते हुए किसानो की आरसी ना काटी जाए तथा जिन किसानों की आर्सी कट गई है उसको रुकवाया जाए सरकारी क्रय केंद्र पर बाजरा का रेट रू.2500 है जबकि मंडी में किसानों का बाजरा 18 सौ रुपए से रू.1900 में खरीदा जा रहा है मंडी में भी सरकारी रेट के हिसाब से बाजरा खरीदा जाए इस दौरान तहसील अध्यक्ष अजय पाल सिंह ने कहा कि अगर किसानों की समस्या का निस्तारण नहीं हो रहा है इस स्थिति में किसान मजबूर होकर सड़क पर निकाल कर तहसील प्रांगण में अनिश्चितकालीन के लिए धरना प्रदर्शन करेगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन की होगी इस मौके पर सचिन सिंह भदोरिया जयराम कुशवाहा जितेंद्र सिंह जगमोहन सिंह अजय सिंह विश्वनाथ सिंह महेश अनुराग पांडे कालका प्रसाद सहित तमाम भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**जन एक्सप्रेस। उरई**

झांसी कानपुर रेल मार्ग के अजनारी रेलवे क्रॉसिंग नंबर 181 के पास एक अधेड़ की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना मिलते ही आरपीएफ व जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और शिनाख्त होने के बाद शव सिविल पुलिस को सौंप दिया।

शहर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार की सुबह अजनारी रेलवे क्रॉसिंग के पास मुंबई से प्रतापगढ़ जाने वाली उद्योग नगरी एक्सप्रेस की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई। रेलवे लाइन पर पड़े शव को देखकर लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। घटना की खबर मिलते ही आरपीएफ व जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराने का प्रयास शुरू कर दिया।आरपीएफ दरोगा डीपी सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान प्रेम नगर निवासी दीपक सुहाने 58 वर्ष पुत्र शंकर सुहाने के रूप में की गई है। बताया कि मृतक की बाजार में लोहे की दुकान है, वह लोहिया पुल के पास कैसे पहुंच गया। शव को कोतवाली पुलिस को सौंप दिया गया है, और पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। फिलहाल मामले की जमीनी स्तर पर जांच पड़ताल की जा रही है।

## तीन दुकानों में अज्ञात कारणों के चलते लगी आग



**जन एक्सप्रेस। उरई**

कोतवाली के राठ रोड स्थित मंडपम गेस्ट हाउस के पास मंगलवार की रात अज्ञात करणो के चलते तीन दुकानों में आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक तीनों दुकाने जलकर राख के ढेर र में तब्दील हो गई।

शहर कोतवाली क्षेत्र में रोड स्थित मंडपम गेस्ट हाउस के पास कन्फेक्शनरी की तीन दुकानें हैं। बताया गया है कि उन दुकानों को दुकानदार रोज की तरह बंद कर अपने घर चले गए थे। मंगलवार की देर रात अज्ञात करणो के चलते उन दुकानों में आग लग गई, और दुकानों में रखा कन्फेक्शनरी का सामान धू धू कर जलने लगा। देखते ही देखते आग ने दुकानों को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया और आग की लपटे तेज हो गई।

दुकानों से उठती आग की लपटे देखकर स्थानी दुकानदारों में हड़कंप मच गया और उन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग बढ़ती देख उन्होंने तत्काल मामले की सूचन दमकल कर्मियों को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक दुकानों में रखा सामान पूरी तरह जल का खाक हो गया था। भीषण आग की चपेट में आकर खिलौना शॉप चलने वाले प्रहलाद का करीब डेढ़ लाख, महेश गिफ्ट शॉप का करीब 2 लाख, कॉस्मेटिक का काम करने वाले विनोद बाबा का करीब 2 लाख और पत्थर का काम करने वाली नरेश का करीब 25 हज़ार रुपये का नुकसान होना बताया जा रहा है।

## करवा चौथ की तरह पति पूजे जायें तो गृह कलह काहे का

**जन एक्सप्रेस। महोबा**

भारत की नारी अपने सुहाग की रक्षा हेतु युगो-युगो से प्रयन्तशील रही है ना- ना प्रकार की मुसीबतो और कष्टो का सामना करने से कभी अपने पथ से बिलचित नही हुई है। चूकि भारत की नारी ने अपने मान सम्मान को सदैव पति से जोड़े रखा है। भारत की नारी का यह मानना रहा है कि अगर उसका पति सकुशल है तभी तक उसका मान सम्मान जीवित है अन्यथा की स्थिति मे वह अपने को निरीह और असम्मानीय भावना से स्वंय अपने आप को देखती रही है। इन्ही भावनाओ को लेकर महिलाओ ने आज निर्जला करवा चैथ का व्रत रख पति की लम्बी आयु की कामना को लेकर देवादिदेव महादेव मॉ आदिशक्ति, गौरा पार्वती तथा, विघ्न विनाशक गणेश जी की विधिवत पूजा अर्चना कर तथा चॉद के दीदार होने पर अपने-अपने पतियो को भी पति परमेश्वर की तरह उनकी भी आरती उतारकर ईश्वर से पतियो की लम्बी आयु की कामना की। भारत की नारी आज भी 21 वीं सदी मे अपनी परम्पराओ को बरकरार रखे हुए है। जबकि 21वीं सदी मे तमाम उतार चढ़ाओ के साथ साथ धार्मिकता का क्षरण हुआ है फिर भी महिलाएं अपनी परम्पराओ को निर्वाहन करने मे अग्रहणी भूमिका अदा कर रही है। महिलाओ की दृढशक्ति को देखते हुए यह कहना अतिसंयोक्ति नही होगा कि युगो-युगो से चली आ रही परम्पराएं और धार्मिकता महिलाओ के कारण ही जीवंत है।

## डीएम, एसपी ने यातायात माह नवंबर का किया शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस। महोबा**

जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुनयोजित तरीके से गतिमान बनाये रखने के उद्देश्य से व आमजनमानस को यातायात नियमों के प्रति सजग, जागरुक किये जाने हेतु आज जिलाधिकारी महोबा मृदुल चैधरी द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता की उपस्थिति में फीता काटकर परमानन्द तिराहा पर आयोजित हुये कार्यक्रम यातयात माह नवम्बर-2023 का शुभारंभ किया गया व मौजूद लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलायी गयी।



जिलाधिकारी महोबा व पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा अपने वक्तव्य में यातायात जागरूकता के सम्बन्ध में मौके पर मौजूद स्कूली छात्रो, सम्मानित समाजसेवियों, पत्रकार बन्धुओं को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए, यातायात सम्बन्धी नियमों के पालन करने के प्रति जागरूक कर नियमों को पालन करने की अपील की गयी साथ ही वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने व सीट बेल्ट लगाने की हिदायत भी दी गयी, यह भी बताया गया कि यातायात नियमों के पालन से ही वाहन दुर्घटनाओ में कमी लायी जा सकती है।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा बताया गया कि यातायात माह नवम्बर-2023 के दौरान जनपद के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों में यातायात पुलिस व स्वयं सेवी समूहों के सहयोग से नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग, निबन्ध लेखन एवं अन्य आयोजनों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जायेगा, इसके अतिरिक्त यातायात जागरूकता हेतु जनपदीय यातायात पुलिस द्वारा जनपद में भम्रण कर आमजन को यातायात के नियमों को पालन करने के लिए जागरूक किया जायेगा।

इस कार्यक्रम के अवसर पर विभिन्न समाजसेवियों द्वारा महोबा संस्कृति के अनुरुप, माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपजिलाधिकारी सदर, एआरटीओ महोबा, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी चरखारी, यातायात, प्रतिसार निरीक्षक, यातायात निरीक्षक, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली महोबा सहित स्कूलों के छात्र, समाजसेवी, पत्रकार बन्धु व पुलिस कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# राजनैतिक दल नहीं चाहते बुंदेलखंड राज्य बने: सुलखान

**जन एक्सप्रेस। महोबा**

बुंदेलखंड राज्य आंदोलन में आज उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक सुलखान सिंह भी खुलकर आ गए। वे महोबा के आल्हा चौक में बुंदेली समाज के काला दिवस कार्यक्रम में माथे पर काली पट्टी बांधकर शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रिकार्ड 34वीं बार खून से खत लिखकर बुंदेलखंड राज्य की मांग कर रहे बुंदेलों के पक्ष में उन्होंने कहा कि राजनैतिक दल नहीं चाहते कि बुंदेलखंड राज्य बने। वे इसके खिलाफ हैं। आल्हा चौक के अंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में बुंदेली समाज के सदस्यों ने आज काले कपड़े पहने और अपने माथे पर काली पट्टी बांधकर एक नवंबर, 1956 के उस सबसे त्राषदीपूर्ण दिन को याद किया जब बुंदेलखंड के दो टुकड़े कर भारत के नक्शे से मिटा दिया गया। साथ ही बुंदेली समाज ने नेहरू सरकार की उस ऐतिहासिक भूल को सुधार कर फिर से बुंदेलखंड राज्य बहाल करने की अपील की।



बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने कहा कि हमारा बुंदेलखंड राज्य देश आजाद होने के 8 वर्ष 7 माह बाद तक अस्तित्व में था और नौगांव इसकी राजधानी थी। बुंदेलखंड राज्य को बनाए रखने की 1953 में न्यायमूर्ति फजल अली की अध्यक्षता में बने प्रथम राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिश को भी नेहरू सरकार ने खारिज कर दिया। आयोग के सदस्य हृदय नाथ कुंजरू और केएम पणिक्कर बुंदेलखंड राज्य को बनाए रखना चाहते थे। एक नवंबर,1956 को जब मध्यप्रदेश राज्य का गठन हुआ तो बुंदेलखंड राज्य को आधा-आधा बांटकर भारत के नक्शे से मिटा दिया गया। आजादी के वक्त जब देश की 562 रियासतों किया गया तो संविधान सभा ने 35 रियासतों को मिलाकर बुंदेलखंड बनाया था और कामता प्रसाद सक्सेना पहले मुख्यमंत्री बने थे। उन्होंने कहा कि मोदी जी को बुंदेलखंड की जनता ने भरपूर समर्थन दिया है और अब मोदी जी को भी जनभावनाओं का सम्मान करते हुए बुंदेलखंड राज्य बना देना चाहिए ताकि क्षेत्र को विकास की मुख्य धारा में लाया जा सके। आज खून से खत लिखने के लिए तारा पाटकर, डा. अजय बरसैया, प्रेम चौरसिया, सिद्ध गोपाल सेन, मनीष जैदका, माधव खरे, सुधीर द्विवेदी, हरीओम निषाद, अमरचंद विश्वकर्मा, सुरेश बुंदेलखंडी, डा. देवेन्द्र पुरवार, गया प्रसाद, अजय मिश्र, रमाकांत नगायच समेत एक दर्जन से अधिक बुंदेलों ने अपना खून दिया।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

# यूपी में सपा 65 सीटों पर लड़ेगी लोकसभा चुनाव: अखिलेश यादव

## कार्यकारिणी बैठक में बोले अखिलेश, जातीय जनगणना मुख्य मुद्दा, किसान, युवा, महिलाओं पर करें फोकस

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में राज्य कार्यकारिणी की बैठक हुई। मीटिंग में निर्देश दिया गया है कि जिन उम्मीदवारों को चुनाव जीतने को लेकर सभी पदाधिकारी दिन-रात जुट जाए। अखिलेश यादव ने कहा की पीडीए के फार्मूले को पूरे प्रदेश में लागू करना है। उन्होंने कहा कि किसान, युवा और महिलाएं सरकार से सबसे ज्यादा परेशान है। इसलिए इन्हें फोकस किया जाए। अखिलेश ने कहा कि जातीय जनगणना को प्रमुख मुद्दा बनाने के लिए गांव-गांव में बूथ स्तर पर जाकर पार्टी के पदाधिकारी जन जागरण अभियान निकालेंगे। अखिलेश ने आगे बताया कि नेताजी मुलायम सिंह यादव के बताए गए रास्ते पर चलते हुए हम 2024 के चुनाव में उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा लोकसभा जीतेंगे। समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में 65 लोकसभा सीट पर लड़ेंगी और 15 सीट गठबंधन को दी जाएंगी। सपा प्रवक्ता फखरूल हसन चांद ने सपा की राज्य कार्यकारिणी मीटिंग के बाद ये जानकारी दी है।




### सपा कार्यालय के बाहर होर्डिंग में अखिलेश को भावी प्रधानमंत्री दिखाया गया

सपा की राज्य कार्यकारिणी से पहले सपा कार्यालय के बाहर अखिलेश भावी प्रधानमंत्री के होर्डिंग लग गए हैं। इनमें त्योहारों की शुभकामनाओं के साथ सियासी संदेश देने की कोशिश हो रही है। बैठक में सभी पदाधिकारियों को लोकसभा प्रत्याशियों के लिए समर्पित होकर काम करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। इसमें राज्य कार्यकारिणी के सभी जिला अध्यक्षों को टीम का ऐलान करने के लिए कहा गया है। ये पीडीए के फार्मूले के तहत बनेंगी। इस बैठक में शिवपाल यादव और रामगोपाल यादव के अलावा यूपी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

### बूथ मैनेजमेंट और नई टीम में जोश

अखिलेश ने नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में जातीय जनगणना और पीडीए रणनीति के बारे में विस्तार से चर्चा की। चुनाव में पार्टी को किन मुद्दों पर फोकस करना है, इसे भी अखिलेश अपनी प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में बताया। सपा जातीय जनगणना और पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) पर सबसे ज्यादा फोकस कर रही है। इसे किस तरह जनता के बीच ले जाना है, इस पर भी चर्चा हुई है।

### बूथ प्रबंधन पर सबसे अधिक जोर

अखिलेश यादव ने पार्टी के पदाधिकारी और पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद, पूर्व विधायकों और करीब 300 से ज्यादा पदाधिकारियों को 2024 चुनाव को लेकर चल रही तैयारी और बीजेपी को घेरने को लेकर गुरु मंत्र दिए। बता दें कि संगठन ऐलान के बाद यह पहली बैठक है।

### चौधरी शहरयार को अहम जिम्मेदारी

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने राज्य कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य एहसान मो अली उर्फ चौधरी शहरयार को फैज़ाबाद लोकसभा सीट के लिए दरियाबाद का प्रभारी नियुक्त किया है।उन्हें संगठन और चुनाव सम्बंधित पार्टी कार्यों को सम्पादित कराने की ज़िम्मेदारी दी गई है। उनकी नियुक्ति आगामी लोक सभा चुनावों को देखते हुए अहम मानी जा रही है।

### 40 नेताओं को चुनाव लड़ने की हरी झंडी

सपा लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक सीटें जीतने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। यही वजह है कि अखिलेश यादव ने लोकसभा क्षेत्र प्रभारी बनाए गए करीब 40 नेताओं को चुनाव लड़ने के लिए हरी झंडी दे दी है।

# 61 देशों से पधारे मुख्य न्यायाधीश व न्यायाधीश आगरा में ताजमहल का दीदार कर हुए अभिभूत



जन एक्सप्रेस | लखनऊ/आगरा

सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा आयोजित 'विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 24वें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' में प्रतिभाग हेतु 61 देशों से पधारे 250 से अधिक मुख्य न्यायाधीशों व अन्य प्रख्यात हस्तियों ने बुधवार को आगरा में विश्व प्रसिद्ध ताजमहल का दीदार किया एवं भारत की सांस्कृतिक विरासत को सराहा। सम्मेलन में पधारे सभी गणमान्य अतिथि नई दिल्ली में एकत्रित हुए और वहीं से आगरा के लिए रवाना हुए। ताजमहल के अवलोकन के उपरान्त ये सभी गणमान्य अतिथि वापस नई दिल्ली लौट आये, जहाँ राष्ट्रीय बहाई आध्यात्मिक सभा द्वारा बहाई हाउस ऑडिटोरियम में सभी सम्मानित अतिथियों के लिए स्वागत समारोह एवं रात्रिभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गृह राज्यमंत्री श्री अजय कुमार मिश्र ने बतौर मुख्य अतिथि पधारकर समारोह की गरिमा को बढ़ाया। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि 61 देशों से पधारे मुख्य न्यायाधीश व अन्य गणमान्य हस्तियाँ कल, 2 नवम्बर को प्रातः 10.00 बजे नई दिल्ली में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की समाधि 'राजघाट' पर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे एवं इसके उपरान्त अपरान्हः 12.30 बजे कान्स्टीट्यूशन क्लब में सम्मेलन के प्रथम सत्र को सम्बोधित करेंगे। भारत सरकार की विदेश एवं संस्कृति राज्यमंत्री सुश्री मीनाक्षी लेखी इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगी। इसी दिन, अपरान्हः 4.00 बजे सभी गणमान्य अतिथि राष्ट्रपति भवन में जलपान करेंगे। 3 नवम्बर को ये सभी गणमान्य अतिथि लखनऊ पधारेंगे।

### 61 देशों के मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीश व कानूनविद् ने किया प्रतिभाग

श्री शर्मा ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में जिन 61 देशों के मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीश व कानूनविद् आदि प्रतिभाग कर रहे हैं, उनमें अल्बानिया, अंगोला, आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, बेल्जियम, बेनिन, बोस्निया हर्जेगोविना, बोत्सवाना, ब्राज़ील, बुरूण्डी, बुर्किना फासो, कैमरून, कोस्टारिका, क्रोएशिया, कांगो, इक्वाडोर, मिस्र, इस्वातिनि, इथियोपिया, जार्जिया, जर्मनी, घाना, गिनी, गुयाना, हैती, जमैका, किरिबाती, किर्गिज रिपब्लिक, लेबनान, लिसोटो, लक्ज़मबर्ग, मेडागास्कर, मलावी, माल्टा, मारिटानिया, मारीशस, मंगोलिया, मोज़ाम्बिक, म्यांमार, नेपाल, नीदरलैंड, निकारागुआ, नाइजीरिया, नार्वे, पेरू, साओ टोमे एण्ड प्रिंसिपे, दक्षिण कोरिया, दक्षिण सूडान, स्पेन, सूरीनाम, स्वीडन, स्विट्ज़रलैंड, तंजानिया, छाड़, टोगो, ट्यूनीशिया, यूके, अमेरिका, वेनेज़ुएला, जाम्बिया एवं भारत हैं।

## दीपावली से पहले बोनस मिलने से राज्य कर्मचारी परिषद खुश,मुख्यमंत्री का जताया आभार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राज्य कर्मचारियों को दिवाली से पूर्व बोनस देने का वादा मुख्यमंत्री निभा रहे हैं। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने विगत सप्ताह मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दिवाली से पहले बोनस देने की मांग किया था। पत्रावली मुख्यमंत्री के अनुमोदन के लिए वित्त विभाग द्वारा भेज दी गई है। शासनादेश हो जाने की पूरी उम्मीद है।राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने दिवाली से पहले बोनस देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कराया है कि मुख्यमंत्री ने दिवाली से पहले बोनस देने का वादा किया था द्य राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के माध्यम से विगत सप्ताह मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दिवाली से पहले बोनस एवं बढे हुए महंगाई भत्ते का भुगतान करने का अनुरोध पहले ही किया जा चुका है। जेएन तिवारी ने बोनस की सीमा न्यूनतम वेतन 18000 के बराबर करके बोनस की गणना किए जाने का अनुरोध किया है।

# जिम्मेदारों द्वारा अवैध रियल स्टेट के कारोबार पर अंकुश लगाने का निष्फल प्रयास जारी!

- एलडीए, रेरा व जिला पंचायत पर कार्यवाही करने में भेदभाव के आरोप!
- कहीं सख्ती तो कहीं तहसील के अधिकारी भी दिखते हैं लाचार

जन एक्सप्रेस | विश्वामित्र पांडेय

### पूर्व में बंधन ग्रुप के द्वारा कब्जाई गई सरकारी भूमि की जांच में लगे थे धांधली के आरोप

अवैध प्लाटिंग और सरकारी भूमि पर कब्जे की शिकायत और जन आंदोलन के बाद बंधन ग्रुप के द्वारा अवैध कब्जे की जांच पड़ताल के लिए कमेटी का गठन कर प्रशासन द्वारा पैमाईश कराई गई थी, तत्कालीन स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो मौके पर जांच करने पहुंची टीम के साथ भी बंधन ग्रुप ने अभद्रता व मारपीट की थी। उक्त घटना की शिकायत भी की गई थी। उक्त प्रकरण को स्थानीय मीडिया द्वारा उठाया भी गया था, जिसपर पत्रकारों को भी बंधन ग्रुप द्वारा धमकी दी गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तत्कालीन जांच में 18 बीघे से अधिक सरकारी व बंजर भूमि होने की पुष्टि भी हुई थी, लेकिन आगे की कार्यवाही समय बीतने के साथ ही ठंडे बस्ते में चली गई।

लखनऊ उत्तर प्रदेश की राजधानी में पांव पसार चुके अवैध रियल एस्टेट के कारोबार पर पूर्ण रूप से अंकुश लगा पाना फिलहाल तो सरकार की पहुंच से काफी दूर समझ में आ रहा है, लेकिन जिस तरह जिलापंचायत और लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा कुछ अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया और वहीं पड़ोस में काम कर रही दूसरी कंपनियों द्वारा को जा रही अवैध प्लाटिंग को छोड़ दिया जाता है, ऐसे में इन विभागों द्वारा की गई कार्यवाहियों पर भेदभाव के आरोप भी लगने शुरू हो गए हैं। अखबारों में खबरें प्रकाशित होने के बाद संबंधित अधिकारियों के सख्त तेवर वाले बयान मानों अवैध कारोबारियों पर कहर बन कर बरसने ही वाले होते हैं लेकिन अखबारों की सुर्खियों से खबरें हटते ही जिम्मेदार अधिकारी अपने आदेशों और बयानों को भूल जाते हैं। फिलहाल इन बातों को अनदेखा नहीं किया जा सकता कि अधिकारियों और सफेदपोश की सह के बिना प्रदेश की राजधानी लखनऊ जैसे क्षेत्र में कोई भी अवैध कारोबार पनप सकता है।




# अपराध रोकने में नाकाम थाना आलमबाग की पुलिस

- नशे के अपराधियों को संरक्षण देना व क्षेत्र में घर में घुसकर बलात्कार अपहरण चोरी जैसी घटनाओं पर नहीं रोक पा रही आलमबाग पुलिस
- पुलिस के उच्च अधिकारियों के आदेशों को भी नहीं मानती है आलमबाग पुलिस

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार सिंह

**लखनऊ।** पुलिस विभाग में चर्चित थाना आलमबाग इस समय अपराधों की रोकथाम में नाकामयाब है प्रभारी व उनके कारखास जो सिर्फ क्षेत्र में नशे का कारोबार करवाकर दिन-रात वसूली में लगे हैं। थाना आलमबाग क्षेत्र में दिनदहाड़े घर में घुसकर बलात्कार दबंगों द्वारा हो रहे हैं जिसमें एक अभियुक्त को लाभ देते हुए अस्पताल में भर्ती कराया जाता है व एक को संदेह के घेरे में रखा जाता है पीड़िता को लगातार धमकियां मिलती हैं राजधानी लखनऊ में दिन दहाड़े घर में घुसकर दरिंदों द्वारा बलात्कार जैसी घटना की गई पुलिस निष्क्रिय बनी हुई है हाल ही में एक अन्य नाबालिक का अपहरण जैसी घटना हुई जिसकी अभी तक बरामदगी नहीं हुई है बलात्कारी युवक सुमित को पुलिस के द्वारा लाभ देते हुए 28 तारीख को लोक बंधु अस्पताल में भर्ती कराया जाता है। सूत्रों के मुताबिक थाना प्रभारी आलमबाग व उनके कारखास मात्र वसूली करने में ही मस्त रहते हैं क्षेत्र में बादस्तूर नशे का कारोबार तेजी से फैलता जा रहा है जिससे बलात्कार जैसी घटनाएं हो रही हैं नशे में लिप्त लोगों के वीडियो व फोटो पुलिस को उपलब्ध कराने के बाद भी उनके विरुद्ध कोई भी कार्यवाही नहीं की गई विगत दिनों समाचार पत्रों में लगातार नशे के कारोबारी के फोटो तक छापी गई किंतु फोटो व वीडियो को देखते हुए उनसे मोटी रकम लेकर उनके विरुद्ध कोई भी कार्यवाही नहीं की गई बल्कि अपने आलाधिकारियों को खुश करने के लिए एक निर्दोष लड़के को सेटिंग करके जेल भेज दिया जाता है विस्तृत सूत्रों द्वारा पता चलता है की मादक पदार्थ बेचने वालों के कथनानुसार पता चला आलमबाग थाने में वर्षों से महीने दारी जाती है जब थाने पर दबाव पड़ता है तो हम लोग खुद ही माल और मुल्जिम थाने वालों को दे देते हैं जिससे वह थाने में बंद करने के नाम पर खाना पूर्ति करते हैं यह भी पता चला कि पैसा लेकर कम मात्रा में जेल भेजा जाता है जिससे मुलजिमों की जमानत आसानी से हो जाती है थाना आलमबाग वर्तमान में निष्क्रिय हो गया है सिर्फ क्षेत्र में अवैध वसूली वाहन चेकिंग के नाम पर वह नशे का कारोबार कराकर अवैध धंधे में लिप्त है जिससे क्षेत्र में लगातार चोरियां बढ़ती जा रही हैं अपहरण हुआ बलात्कार जैसी घटनाएं हो रही हैं आज तक दिए गए वीडियो व फोटो पर थाना प्रभारी व उनकी स्पेशल टीम ने कोई भी कार्यवाही नहीं की आखिर कब तक नशे के कारोबारियों पर कार्यवाही करेगी आलमबाग पुलिस यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी लोक बंधु ने बताया सुमित नाम के व्यक्ति को आलमबाग पुलिस 28 तारीख को अस्पताल लाई थी जिसकी सीटी स्कैन और भी जांच कराई गई सभी जांच नॉर्मल आई थी युवक को कोई भी डेंगू नहीं हुआ था

# पति की लंबी आयु के लिए सुहागिनों ने रखा करवा चौथ का व्रत

- औरत के लिए कोई व्रत नहीं रखता, फिर भी लंबी उम्र जी लेती हैं, प्रेम करती है राधा की तरह, मीरा की तरह विष पी लेती है

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

आज पूरे देश में हर सुहागिनों द्वारा मनाया जाने वाला करवा चौथ का त्यौहार देर शाम सुहागिनों ने बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सुहागिनों ने अपनी-अपनी छतों पर पहुंचकर मोहल्ले की औरतों के साथ आकाश में निकले चांद को निहारा चांद को निहारने के बाद ही अपने-अपने पतियों के दर्शन किए और उनकी लंबी आयु की कामना की वही पतियों ने भी अपनी-अपनी पत्नियों द्वारा रखे गए निर्जला व्रत के इस त्योहार पर अपनी पत्नियों को अपने हाथों से पानी पिला कर ईश्वर से उनकी मनोकामना पूर्ण करने की कामना की। इसी बीच हमारे अभिमन्यु कुमार की पत्नी कामनी ने अभिमन्यु कुमार रावत की लंबी आयु की कामना के लिए निर्जला व्रत रखा था। पत्नी कामनी ने बताया कि वह इस निर्जला व्रत को पिछले 8 सालों से लगातार रखती चली आ रही हैं। उनका मानना है कि करवा चौथ के दिन निर्जला व्रत रखने से पति की आयु में वृद्धि होती है साथ ही पति के हर सुख-दुख में बराबर की भागीदारी निभाने का वादा भी किया। पत्नी कामनी कहती है कि आज के दिन देश व विदेश में करोड़ों की संख्या में महिलाएं अपने-अपने पतियों के लिए निर्जला व्रत रखती हैं और पति की लंबी आयु की कामना करती है हमने भी सदियों से चली आ रही इस परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए अपने पति के लिए व्रत रखा है।

### पीएमजीएसवाई: सुल्तानपुर मे वृक्षों के पातन हेतु 14 लाख धनराशि स्वीकृत

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सुल्तानपुर में पीएमजीएसवाई फेज-3के अन्तर्गतएफडीआर तकनीक से निर्माणाधीन पैकेज एमआरएल 02- करौदी कला रवनिया रोड से कटघरपूरे चौहान तक के निर्माण में बाधक वृक्षों के पातन हेतु 14,52,000 रूपये की धनराशि अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है

## मालिक को मृत दिखाकर दूसरे के नाम किया मकान फर्जी प्रमाण पत्र से किया खेल, चार को पांच साल कैद

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मकान मालिक को मृत दिखाकर घर दूसरे के नाम ट्रांसफर किए जाने के मामले में भ्रष्टाचार निवारण के विशेष न्यायाधीश ने आवास विकास परिषद के तत्कालीन लेखाकार सुरेश कुमार श्रीवास्तव समेत चार को पांच-पांच साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने सुरेश पर 33 हजार और बाकियों पर 28-28 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में शिव शंकर गुप्ता व राजेंद्र श्रीवास्तव को बरी कर दिया। सरकारी वकील लक्ष्मी पांडेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान सिंचाई विभाग की इंस्पेक्टर महिमा राय ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया कि जांच में पता चला कि इंदिरानगर में एक मकान राम नरेश को आवंटित हुआ था। आर्थिक स्थिति खराब होने पर वह मकान बेचना चाहते थे। उन्होंने 47,700 रुपये में अर्जुन सिंह नेगी के नाम से विक्रय अनुबंध कर लिया। आरोप है कि रजिस्ट्री का पैसा बचाने के लिए आवास विकास परिषद इंदिरानगर के लेखाकार सुरेश कुमार ने लाभ लेकर मकान को पवित्रा देवी तथा अर्जुन सिंह नेगी के नाम नामांतरण कराने का आश्वासन दिया। फिर राम नरेश को मृतक बताते हुए फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र पेश कराकर मकान अर्जुन सिंह की पत्नी पवित्रा देवी के नाम करवा दिया। इस धोखाधड़ी में शामिल पूर्व आवंटी राम नरेश ने पवित्रा देवी को सगी बहन बताते हुए आवास एवं विकास परिषद में झूठा आवेदन पत्र तथा शपथ पत्र दिया। जांच में मामला सामने आया। कोर्ट ने अर्जुन सिंह नेगी, पवित्रा देवी, सुरेश कुमार श्रीवास्तव के साथ राम नरेश को भी सजा सुनाई।

## एसजीपीजीआई में फिजियोथेरेपिस्ट के पद पर चयन प्रक्रिया पर संयुक्त परिषद को आपत्ति

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की तरफ से आरोप लगाया गया है कि फिजियोथरेपिष्ट चयन प्रक्रिया में एसजीपीजीआई प्रशासन ने नियमों का खुला उल्लंघन किया गया है। शासन के निर्देश की एसजीपीजीआई प्रशासन अनदेखी कर रहा है। परिषद ने एसजीपीजीआई मेंफिजियोथेरेपिस्ट के पद पर सेवा नियमावली के विपरीत नियुक्ति के लिए परास्नातक अर्हता निर्धारित कर गलत तरीके से चयन करने प्रक्रिया करने का आरोप लगाया था।अभ्यर्थियों का शासन के निर्णय के विपरीत वेरिफिकेशन कराने पर रोष व्यक्त किया था। संयुक्त परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा ने बताया कि एसजीपीजीआई प्रशासन ने साल 2021-22 में फिजियोथेरेपी के 8 पद पर विज्ञापन प्रकाशित किया गया था जिसमें शैक्षिक योग्यता 3 वर्ष डिप्लोमा इन फिजियोथेरेपी मांगी गई थी जिसका परिषद ने पुरजोर विरोध किया था।बताया जा रहा है कि 3 वर्षीय डिप्लोमा फिजियोथेरेपी पाठ्यक्रम उत्तर प्रदेश में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में ही संचालित हो रहा था। वहीं प्रदेश में स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा 4 वर्षीय डिग्री कोर्स और 2 वर्षीय डिप्लोमा,डिग्री पाठ्यक्रम एसजीपीजीआई, केजीएमयू सहित कई अन्य संस्थानों में चलाया जा रहा है। अनुसार 2 वर्षीय डिप्लोमा और 4 वर्षीय डिग्री धारकों की चयन प्रक्रिया में शामिल करने का निर्देश दिया था,जिसके बाद एसजीपीजीआई प्रशासन ने फिजियोथेरेपिस्ट संवर्ग का पद विज्ञापित किया।

# ललितपुर में ककरावल जलप्रपात के नजदीक बुनियादी सुविधाओं का होगा विकास: जयवीर

- एक किलोमीटर दूरी पर डेढ़ एकड़ में बुनियादी सुविधाओं का विकास करेगा पर्यटन विभाग

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

ललितपुर में ककरावल जलप्रपात के आसपास पर्यटन गतिविधियाँ बढ़ाने एवं देशी-विदेशी सैलानियों को आकर्षित करने के लिए अवस्थापना सुविधायें बढ़ाई जायेगी। इसके लिए लगभग 03 करोड़ रूपये का प्रस्ताव शासन को स्वीकृत के लिए भेजा गया है। शासन से स्वीकृति मिलते ही बुनियादी सुविधाओं के विकास का कार्य शुरू करा दिया जायेगा। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ललितपुर में पर्यटन की दृष्टि से कई महत्वपूर्ण स्थल हैं जिसमें ककरावल जलप्रपात भी शामिल है। बरसात के मौसम में इस जलप्रपात के आस-पास मनोरम दृश्य उत्पन्न होता है। इस प्रपात के आसपास हरियाली के साथ रमणीक प्राकृतिक स्थल भी हैं। इस प्रपात को देखने के लिए दूर-दूर से पर्यटक आते रहते हैं। पर्यटकों की संख्या बढ़ाने तथा उन्हें जरूरी सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए प्रपात स्थल से करीब एक किमी दूरी पर बुनियादी सुविधायें सृजित करने का निर्णय लिया गया है। पर्यटन विभाग का ईको पर्यटन पर विशेष फोकस है। इसको ध्यान में रखते हुए ललितपुर में जल प्रपात के समीप पर्यटक सुविधाओं के विकास का निर्णय लिया गया है। जल प्रपात के समीप बुनियादी सुविधाओं के विकास से पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी होगी। इससे स्थानीय लोगो को रोजगार भी प्राप्त होगा।

### जनपद में आवागमन की बेहतर सुविधायें उपलब्ध

पर्यटन सेक्टर में असीमित संभावनायें हैं। राज्य सरकार पर्यटन सेक्टर के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। प्रत्येक जनपद में आवागमन की बेहतर सुविधायें उपलब्ध हैं। कानून व्यवस्था को बेहतर बनाया गया है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि पर्यटन विभाग ककरावल जलप्रपात से करीब एक किलोमीटर दूरी पर डेढ़ एकड़ में बुनियादी सुविधाओं का विकास करेगा। इसमें कार पार्किंग, गजिबो, कैफेटेरिया, बाउंड्रीवाल, वाच टावर, बेंचेज, साइनेज के अलावा शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। विभाग की यह कोशिश है कि यहां पर्यटक आएं तो उन्हें अपने वाहन खड़ा करने का स्थान मिले। साथ ही घूमने-फिरने, बैठने की व्यवस्था भी हो। पर्यटक आएंगे तो खाने-पीने का भी इंतजाम होना चाहिए। इसलिए कैफेटेरिया भी बनाया जाएगा। इसके अलावा कई सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# अमृतकाल और अखंड भारत का प्रतिबिंब

**जेएएम के माध्यम से 2.73 लाख करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि अंतरित की गई, जिससे नकली लाभार्थी उजागर हुए और वितरण प्रणाली में लीकेज को रोका गया, जो 2014 से पहले बड़े पैमाने पर मौजूद थे। कोविड-19 महामारी के दौरान, भारत की एकजुटता और जनभागीदारी एक बार फिर उजागर हुई। प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता ने देश को निवारक उपायों को तेजी से लागू करने के लिए प्रेरित किया। सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए कोविड योद्धा उभरकर सामने आए और महामारी का मुकाबला करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।**

*लाल किले की प्राचीर से 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था- यह देश प्राचीन सांस्कृतिक विरासत की ऐसी आधारशिला पर बना है, जहां वैदिक काल में हमें केवल एक ही मंत्र बताया जाता थाजिसे हमने सीखा है, जिसे हमने याद किया है संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्। अर्थात हम साथ चलते हैं, हम साथ आगे बढ़ते हैं, हम साथ मिलकर सोचते हैं, हम मिलकर संकल्प लेते हैं और हम साथ मिलकर इस देश को आगे ले जाते हैं। प्रधानमंत्री ने तब एक ऐसे भारत के लिए अपना दृष्टिकोण अर्थपूर्ण तरीके से सामने रखा जिसमें प्रत्येक भारतीय का साझा लक्ष्य था। उन्होंने ऐसे भविष्य का संकेत दिया था, जहां जनभागीदारी सबसे मजबूत हथियार के रूप में और विश्व गुरु के रूप में सत्ता के शिखर पर उभरेगी। इसके बाद प्रधानमंत्री ने कैलेंडर पर एक महत्वपूर्ण तिथि अंकित की राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में 31 अक्टूबर। यह भारत के लौह पुरुष और देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत के प्रति एक श्रद्धांजलि है। इसका मतलब सिर्फ एक तारीख से कहीं अधिक है। इसने सरदार पटेल परिकल्पित एकता और अखंडता के सार को फिर जागृत करने की पवित्र प्रतिबद्धता को मूर्त रूप दिया। यह उनके दिखाए रास्ते पर चलने का एक वादा था तथा एकजुटता और सामूहिक प्रयासों के शाश्वत मूल्यों पर आगे बढ़ने की प्रतिज्ञा थी। एक दशक बाद आज हमने फिर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया। इसी के साथ भारत ने एकता के स्थायी सिद्धांत और सहयोग की मजबूत ताकत से आलोकित पथ पर की गई उल्लेखनीय यात्रा को पुनर्जीवित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोक-केंद्रित शासन के लोकाचार के तहत, भारत विश्व का एक अग्रणी देश बन गया है। आज का भारत 2023 में 3.75 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ,2004-2014 के खोए हुए दशक से उबरते हुए तेजी से चमक रहा है। यह जानना दिलचस्प है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, वार्षिक वित्तीय बजट मात्र एक वित्तीय रूपरेखा से परिवर्तित होकर एक गतिशील नीति दस्तावेज बन चुका है। यह लोगों की आकांक्षाओं पर आधारित है। हमारी उल्लेखनीय वृद्धि ने राष्ट्रीय गौरव, नवीनीकृत गरिमा और साझा स्वामित्व की भावना को जागृत किया है। लोगों ने सरकार पर भरोसा जताते हुए व्यापक विकास को गति दी है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत लगभग 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं तथा खुले में शौच की प्रथा की समाप्त हुई है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत लड़कियों के अधिकारों को प्रोत्साहन दिया गया है। और गव इट अप अभियान के अंतर्गत एक करोड़ से अधिक परिवारों ने कम विशेषाधिकार प्राप्त लोगों का समर्थन करने के लिए स्वेच्छा से एलपीजी सब्सिडी छोड़ दी है। यह जनभागीदारी और राष्ट्रीय एकता के कुछ शानदार उदाहरण हैं। मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल ने हमारी भारतीयता को पुनर्जीवित किया है। इससे एक राष्ट्रव्यापी लोकप्रिय भागीदारी-केन्द्रित अभियान की शुरुआत हुई है। हमने अपने एमएसएमई को बढ़ावा दिया, युवा उद्यमिता को प्रेरित किया और भारत के अद्वितीय कौशल और प्रचुर संसाधनों का लाभ उठाया। भारत ने 2014 के बाद से खुद को इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण में 300 प्रतिशत की वृद्धि के साथ एक शुद्ध आयातक से एक प्रमुख वैश्विक मोबाइल फोन निर्माता के रूप में स्थापित किया है। भारत के पास अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको सिस्टम है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**बड़वानी जिले की राजपुर क्रमांक 188 पर प्रदेश भर की नजर है। इस सीट पर भी मुख्य मुकाबला कांग्रेस-भाजपा के बीच ही हैं। कांग्रेस के बालाराम बच्चन का मुकाबला भाजपा के अंतरसिंह पटेल से होने जा रहा है। यह जोड़ी वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में भी आमने-सामने थी। रोचक मुकाबले में कांग्रेस के बालाराम बच्चन 949 मतों से विजय हुए थे। 2018 चुनावों के बाद गठित कमलनाथ सरकार में बाला बच्चन को गृहमंत्री बनाया गया था। यही कारण है की प्रदेश की नजर राजपुर सीट पर विशेष है। बालाराम बच्चन काफी सतर्क आदिवासी नेता है। कम अंतर से विजय होने के बाद क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को बढ़ाया है। शपथ-पत्र अनुसार बालाराम 59 वर्षीय हैं।**

# बड़वानी जिले में भाजपा को 2018 के परिणाम बदलने की चुनौती



नरेंद्र तिवारी पत्रकार

**बड़वानी जिले की महाराष्ट्र से लगी विधानसभा सेंधवा क्रमांक 187 में कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार में तब्दील करते हुए वर्तमान विधायक ग्यारसीलाल रावत का टिकिट काटकर इस आदिवासी बाहुल्य सीट पर जय युवा आदिवासी 'जयस' के बड़वानी जिला अध्यक्ष मोंटू सोलंकी को अपना उम्मीदवार बनाया है।**

मध्यप्रदेश का आदिवासी बाहुल्य जिला बड़वानी जहां विधानसभा की चार सीट है। इन चारो में से तीन पर अभी कांग्रेस का कब्जा है। बड़वानी विधानसभा में प्रेमसिंह पटेल भाजपा के विधायक है। इसके अलावा राजपुर में बाला बच्चन कांग्रेस विधायक है, सेंधवा में ग्यारसीलाल रावत कांग्रेस के विधायक है, पानसेमल में चंद्रभागा किराड़े कांग्रेस की विधायक है। अब जबकि मौजूदा विधायकों में तीन अपना भाग्य फिर से आजमा रहे है। एक विधायक का पार्टी ने टिकिट काट दिया है। कांग्रेस पार्टी को वर्ष 2018 के परिणामों में तीन सीट बरकरार रखना है। एक सीट भाजपा से छीनना है। इसके विपरित भाजपा को तीन सीट कांग्रेस से जीतकर अपने पक्ष में करना है। याने बड़वानी सीट को बरकरार रखते हुए सेंधवा, राजपुर, पानसेमल सीटों पर जीत दर्ज करना है। बड़वानी जिले की आदिवासी बाहुल्य इन चारो विधानसभा क्षेत्रों में राजनीतिक दलों ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। जिले में इस बार आप पार्टी ने भी अपनी दस्तक दी है। वैसे आप पार्टी का अभी इस जिले में जनाधार नहीं है, किंतु जिन्हे राजनीतिक पार्टी ने टिकिट नहीं दिए उन्होंने आप से लड़ना निर्दलीय लडने से बेहतर समझा। निर्दलीय भी मैदान में है, किंतु उनका कम ही असर होगा। इस जिले में चारो विधानसभा सीटों पर भाजपा-कांग्रेस की सीधी टक्कर नजर आती है। मध्यप्रदेश का विधानसभा क्रमांक 190 याने कि बड़वानी जहां के मौजूदा विधायक प्रेमसिंह पटेल हैं। जिले में एकमात्र भाजपा विधायक है। एमपी सरकार में कैबिनेट मंत्री भी है। वर्ष 2018 के चुनाव में कांग्रेस की फूट की वजह से सबसे अधिक मतों से विजय रहे। कांग्रेस की फूट ही वह कारण रहा जिसने कांग्रेस के उम्मीदवार को तीसरे स्थान पर धकेल दिया था। वर्ष 2018 के चुनाव में प्रेमसिंह पटेल को 88151 वोट प्राप्त हुए। कांग्रेस के उम्मीदवार रमेश पटेल को 34084 और जबके निर्दलीय उम्मीदवार राजन मंडलोई को 49334 मत प्राप्त हुए थे। वर्ष 2018 के प्रदर्शन के कारण ही कांग्रेस ने राजन मंडलोई पर भरोसा जताया है। राजन ने अपने शपथ-पत्र में अपनी उम्र 50 वर्ष दर्शाई है। अपनी शैक्षणिक योग्यता में बीई तथा एलएलबी करना स्वीकार किया है। भाजपा के उम्मीदवार की तुलना में युवा तथा पढ़े-लिखे है। राजन मंडलोई के सामने भाजपा के कद्दावर नेता प्रेमसिंह पटेल है। जिनकी उम्र शपथ-पत्र अनुसार 63 वर्ष दर्शाई गई है। प्रेमसिंह पटेल की शैक्षणिक योग्यता 4थी क्लास दर्शाई गई है। एक से अधिक बार बड़वानी विधानसभा के विधायक प्रेमसिंह पटेल का बड़वानी की राजनीति में बरसो से कब्जा बना हुआ है। उनके पुत्र बलवंत पटेल बड़वानी जिला पंचायत के अध्यक्ष है। अनुभवी प्रेमसिंह का मुकाबला कांग्रेस के युवा इंजीनियर और वकील राजन मंडलोई से है। राजन बड़वानी नपा के अध्यक्ष रह चुके है।बड़वानी की इस विधानसभा में मुकाबला भाजपा-कांग्रेस के बीच ही दिखाई देता है। भाजपा को यह सीट बचाने की चुनौती है तो कांग्रेस को भाजपा से जीतकर अपने नाम करने की चुनौती दिखाई दे रही है। बड़वानी जिले की अगली विधानसभा 189 पानसेमल इन दिनों काफी चर्चा में है, चर्चा का कारण कांग्रेस पार्टी के अंदर चल रही खींचतान को माना जा रहा है।





**अंतरसिंह पटेल भाजपा 7 वीं कक्षा तक पढ़े लिखे है। उनकी शपथ-पत्र में 49 वर्ष उम्र दर्शाई गई है। यहां पूर्व की तरह मुकाबला बेहद कड़ा और रोमांचक हैं। दोनो राजनीतिक दल ऐड़ी चोटी का दौड़ लगाकर अपने पाले में करने की जुगत में लगे दिखाई दे रहे हैं।**

कांग्रेस ने यहां फिर से विधायक चंद्रभागा किराड़े को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। चंद्रभागा किराड़े के विरुद्ध स्थानीय विरोध बड़े स्तर पर देखा जा रहा हैं। जिसके कारण विधानसभा में विरोधी मिलकर निर्दलीय को चुनाव में उतार रहे है। एक से अधिक निर्दलीय भी चुनाव में भाग ले सकते है। यहां कांग्रेस उम्मीदवार चंद्रभागा किराड़े 65 वर्षीय हैं। उनकी शैक्षणिक योग्यता बीए, एलएलबी हैं। उनके मुकाबले भाजपा ने युवा चेहरे श्याम बरड़े को उम्मीदवार बनाया है। श्याम 47 वर्ष के होकर एमए हिंदी साहित्य तक पढ़े है। शिक्षक के पद से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर राजनीति में आए है। पानसेमल विधानसभा में कांग्रेस का आंतरिक विरोध सामने नजर आ रहा हैं जिसके परिणाम स्वरूप निर्दलीय उम्मीदवार मैदान है। आप पार्टी ने निवाली के पूर्ण जनपद अध्यक्ष दयाराम डावर को अपना उम्मीदवार बनाया है। दयाराम डावर निवाली से भाजपा समर्थित जनपद अध्यक्ष रह चुके है। यहां भाजपा का अंतर्विरोध बाहरी कम आंतरिक अधिक है। टिकिट न मिलने से तमतमतमाएं पुराने चेहरे चुनाव में क्या करेंगे कहा नहीं जा सकता हैं। वैसे 2018 में इस विधानसभा सीट पर कांग्रेस की चंद्रभागा ने अपने निकटमतम प्रतिद्वंदी को दिवानसिंह को 25 हजार से अधिक मतों से पराजित किया था। इस विधानसभा में निर्दलीय उम्मीदवार भाजपा-कांग्रेस के बीच परिणामों को कितना बना बिगाड़ पाएंगे यह वक्त के गर्त में छुपा है।

## एक्सप्रेस कविता

*कत्ल हुआ इस तरह हमारा किश्तों में ,*
*कभी खँजर बदल गये कभी कातिल ।*
*शामिल था मै किश्तों में तेरी जिंदगी में,*
*कभी मुझे ख़ारिज किया कभी शामिल।*
*बड़े दिनों बाद रौशनी लौटी है शहर में,*
*आज पकड़ा गया है यारों मेरा कातिल।*

*लहरे थक गई है,सागर में मचलते हुए,*
*तलाशती है वो भी कहीं कोई शाहिल।*
*मेरे क़त्ल का इल्जाम न लगाना उस पर,*
*वो तो सिर्फ बेवफाई के जुर्म में है शामिल।*
*क़त्ल की आरज़ू भी,इल्तजा भी मेरी ही थी,*
*बेहद मासूम है,भला कैसे होगा वो कातिल।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*जीवन में मिलने वाले मौकों का फायदा वही उठा सकते हैं जो दिमागी रूप से इसके लिए तैयार होते हैं।*

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पंचमी 21:52 तक |
| नक्षत्रः | आर्द्रा 29:57 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | शिव, 13:13 |
| सूर्योदयः | 06:34 |
| सूर्यास्तः | 17:34 |
| चंद्रमाः | मिथुन राशि में |
| राहुकालः | 13:27-14:49 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | 11:42-12:26 |

## जन एक्सप्रेस

### परंपरा पुरानी है !

*लेकर टिकट वितरण को ।*
*है मचा बवाल ।।*
*दिया कैसे उनको ।*
*बड़ा है सवाल ।।*
*परंपरा पुरानी है ।*
*है होता हर हाल ।।*
*पाने खातिर टिकट ।*
*जाते बुनते जाल ।।*
*उसी को निभाना है ।*
*लो बातें ये जान ।।*
*केवल नहीं एक ।*
*और भी महान ।।*
*हो जाएंगे बाग़ी ।*
*रखा नहीं यदि ख्याल ।।*
*हमको भी है आती ।*
*चलनी नई चाल ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# बाजार में धड़ल्ले से बिक रहे नकली बादाम



**आज** के समय में बाजार में तमाम तरह के मिलावटी सामां धड़ल्ले से बिकते हैं। ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए लोग ऐसी मिलावट और कालाबाजारी करते हैं। मिलावटी फूड्स का सेवन करने से आपकी सेहत गंभीर रूप से खराब हो सकती है। इसकी वजह से कई गंभीर बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। यही नहीं डायबिटीज, कैंसर और पेट से जुड़ी जानलेवा बीमारियां भी मिलावटी सामान खाने से सबसे ज्यादा होती हैं। त्योहारों के सीजन में ड्राई फ्रूट्स और नट्स में भी खूब मिलावट की जाती है। बाजार में कई बार सरकारी एजेंसियां नकली बादाम, काजू आदि की खेप को पकड़ती हैं। इन चीजों में मिलावट इस तरह से की जाती है कि आसानी से इनकी पहचान करना मुश्किल हो। आम लोग बाजार से बादाम खरीदते समय यह फर्क नहीं कर पाते हैं कि शरीर को पोषण देने वाली जो चीज खरीदकर घर ले जा रहे हैं, वह असली या नहीं। इन चीजों में मिलावट ऐसे की जाती है कि यह बिलकुल असली की तरह दिखे। लेकिन कुछ टिप्स को अपनाकर आप असली और नकली बादाम में फर्क कर सकते हैं। असली और नकली फूड प्रोडक्ट्स की पहचान करने को लेकर भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण भी समय-समय पर कुछ टिप्स जारी करती रहती है। असली और नकली बादाम की पहचान करने के लिए आपको इन चीजों का ध्यान रखना चाहिए असली और नकली बादाम की पहचान करने के लिए इसे आप अपनी हथेली पर रगड़ें। रगड़ने पर अगर बादाम से रंग छूट रहा है, तो समझ लें यह नकली और मिलावटी है। इसे बनाने के लिए ऊपर से पाउडर छिड़क कर रंग बढ़ाया जाता है। बादाम के रंग से भी आप इसकी पहचान कर सकते हैं। असली बादाम का रंग हल्का भूरा होता है, जबकि नकली बादाम का रंग कुछ ज्यादा डार्क दिखता है। असली और नकली बादाम की पहचान करने के लिए इसे कागज पर कुछ देर के लिए दबाकर रखें। अगर ऐसा करने से कागज पर तेल के निशान दिखते हैं, तो बादाम असली है। इसके अलावा असली और नकली बादाम की पहचान इसकी पैकिंग से भी की जा सकती है। इसे खरीदते समय पैकिंग पर लिखी चीजों को ध्यान से पढ़ें। कई बार मिलावट करने वाले लोग ब्रांड्स की पैकिंग कॉपी करके इसे मार्केट में बेंचते हैं। इसकी पहचान आसानी से की जा सकती है। नकली बादाम खाने से न सिर्फ आपके शरीर को पोषण नहीं मिलता है, बल्कि इसका सेवन करने से पेट से जुड़ी गंभीर बीमारियों का खतरा भी रहता है। लंबे समय तक मिलावटी चीजों का सेवन करने से कैंसर जैसी बीमारियां भी हो सकती हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# राष्ट्रीय दृष्टिकोण से ही निकलेगा एसवाईएल नहर विवाद का समाधान



-राकेश सैन

**दूसरी तरफ भारत द्वारा पाकिस्तान से की गई जलसंधि की समीक्षा चल रही है, बताया जाता है कि इस संधि के अनुसार पाकिस्तान को जरूरत से अधिक नदियों का जल जा रहा है। इस जल को रोक कर भारत अपनी पानी की मांग पूरी कर सकता है।**

सर्वोच्च न्यायालय ने सतलुज-यमुना सम्पर्क नहर विवाद पर पंजाब सरकार को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि इस पर राजनीति न हो। इस आदेश के तुरन्त बाद पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार तुरंत सक्रिय हो गई, किन्तु समाधान के लिए नहीं बल्कि राजनीतिक हलवा पकाने के लिए। सुर वही छह दशक पुराने 'मैं ना मानूं-मैं ना मानूं' वाले। रोचक बात है कि शिरोमणि अकाली दल जैसे क्षेत्रीय दलों की तो छोड़ें कांग्रेस-भाजपा जैसे राष्ट्रीय दल भी न केवल सरकार के स्वर में स्वर मिलाते नजर आए और बल्कि एक-दूसरे से आगे दिखने की होड़ में राष्ट्रीय दृष्टिकोण का गला घोंटते भी दिखाई दिए। जबकि वास्तविकता ये है कि इस मसले पर राष्ट्रीय दृष्टिकोण अपनाने से ही कोई समाधान संभव है। मुद्दे की पृष्ठभूमि में जाएं तो विधि कार्य विभाग, जल शक्ति विभाग व पीआईबी की आधिकारिक वेबसाइट अनुसार, 1955 में रावी और ब्यास के पानी का आकलन 15.85 मिलियन एकड़ फीट (एमएएफ) किया गया। जिसमें राजस्थान को 8, पंजाब को 7.2 व जम्मू-कश्मीर को 0.65 एमएएफ पानी आवंटित किया गया। साल 1966 में पंजाब पुनर्गठन अधिनियम के बाद पंजाब और हरियाणा दो राज्य बने। इसमें पंजाब के हिस्से में से 3.5 एमएएफ का हरियाणा को दिया गया।

**धान की अंधाधुंध बिजाई, जल के प्राकृतिक स्रोतों जैसे तालाबों, जलाशयों को भरा जाना, उनमें प्रदूषण बढ़ना यहां का जल संकट बढ़ा रहा है। तालाब जहां बरसात का अतिरिक्त पानी सहेज कर इलाके को आपदा से बचाते हैं वहीं यह गर्मियों में पानी के अच्छे स्रोत बनते हैं। जंगलों की अंधाधुंध कटाई ने वर्षा जल का संवर्धन करने वाले एक कुदरती साधन को समाप्त कर दिया।**

परंतु पंजाब ने राइपेरियन सिद्धांतों का हवाला देते हुए दोनों नदियों का पानी हरियाणा को देने से इनकार कर दिया। राइपेरियन सिद्धांतों के मुताबिक, जल निकाय से सटे भूमि के मालिक को पानी का उपयोग करने का अधिकार है। विरोध के बाद केंद्र सरकार ने साल 1976 में पानी के बंटवारे पर एक अधिसूचना जारी की, लेकिन दोनों राज्यों में विवाद इतना था कि इसे लागू करना मुश्किल हो गया। हालांकि, हरियाणा ने 1980 तक अपने क्षेत्र में नहर को लेकर परियोजना पूरी कर ली। दोनों राज्यों में टकराव जारी रहा, बातचीत से भी कोई हल न निकलने के बाद साल 1981 में एसवाईएल नहर पर समझौता किया गया। 8 अप्रैल, 1982 को पटियाला के एक गांव कपूरी में एसवाईएल नहर की आधारशिला रखी गई। नहर की लंबाई 214 किलोमीटर है। इसमें से पंजाब में 122 किमी हिस्सा है। पंजाब ने भी 92 किलोमीटर के अपने हिस्से पर 1982 में काम तो शुरू किया लेकिन राजनीति के चलते इसे रोक दिया गया। जब पंजाब में इसका विरोध बढ़ा तो तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने अकाली दल के प्रमुख हरचंद सिंह लोंगोवाल के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए। समझौते के बाद फिर नहर का कार्य शुरू किया गया लेकिन खालिस्तानी उग्रवादियों ने कई इंजीनियरों को और मजदूरों की हत्या कर दी और एक बार फिर परियोजना ठप हो गई। मसले के हल को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश वी. बालकृष्ण इराडी की अध्यक्षता में इराडी अधिकरण का गठन हुआ। इसके बाद भी विवाद बना रहा तो 1996 में हरियाणा ने सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया। न्यायालय ने 2002 में पंजाब को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में एसवाईएल काम को पूरा करे। पर पंजाब विधानसभा में 2004 वर्ष में पंजाब टर्मिनेशन ऑफ एग्रीमेंट्स अधिनियम पारित किया जिसके तहत जल-साझाकरण के सभी समझौतों को खत्म कर दिया गया। पंजाब सरकार ने ऐसा करते समय इस तथ्य का ध्यान भी नहीं रखा कि किसी द्विपक्षीय समझौते को एक पक्ष निरस्त नहीं कर सकता। तब से लेकर अब तक एसवाईएल का निर्माण अधर में लटक कर रह गया और टकराव अभी भी छह दशक पुरानी स्थिति में है। वर्तमान में भी जिस तरह न्यायालय ने एसवाईएल नहर पर सख्त टिप्पणी करते हुए पंजाब सरकार को फटकार लगाई और इसकी परवाह न करते हुए पंजाब सरकार सहित सभी राजनीतिक दलों ने जो हठीला रवैया अपनाया है उससे किसी का भला होने वाला नहीं। आवश्यक है कि इस मुद्दे का सर्वमान्य हल निकाला जाए। हाल के दिनों में जब पंजाब के कई हिस्से बाढ़ का संकट झेल रहे थे तो बाढ़ के पानी की निकासी के लिए इस नहर की आवश्यकता महसूस हुई। इसका अर्थ यह कि समस्या एसवाईएल नहर नहीं बल्कि पंजाब में पानी की कमी है। अगर विभिन्न स्रोतों से पंजाब में पानी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जाए तो इस नहर के निर्माण में शायद ही किसी को आपत्ति होगी। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पंजाब हो या हरियाणा या और कोई राज्य, सभी एक राष्ट्र के अंग हैं। शरीर के एक अंग का दूसरे से विरोध नहीं हो सकता। इस मुद्दे का निवारण इसलिए भी किया जाना जरूरी है क्योंकि पंजाब में राजनीतिक दल तो अपनी राजनीति चलाते ही हैं, साथ में देश विरोधी शक्तियां इसको लेकर समाज के एक वर्ग विशेष की भावनाएं भड़काने व उनको उकसाने का काम करती हैं।

# प्रसूता की मौत के बाद परिजनों ने किया चक्का जाम

**अप्रशिक्षित डॉक्टरों द्वारा ऑपरेशन किए जाने का लगाया आरोप, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच**

**बिना डिग्री चिकित्सक के संचालित हो रहे अस्पताल!**

अब सवाल यह उठता है कि ऐसे मानक विहीन अस्पतालों का संचालन किसकी सह पर किया जा रहा है ? जिले में ऐसे दर्जनों अस्पताल हैं जहां पर रजिस्ट्रेशन के लिए लगाए गए एमबीबीएस डॉक्टर सैकड़ो किलोमीटर दूर रहते हैं। कभी अस्पताल तक आते भी नहीं है परंतु अस्पताल बराबर संचालित किया जा रहा है। वहां अप्रशिक्षित लोग गंभीर ऑपरेशन भी कर रहे हैं। अच्छी खासी रकम भी मरीजो से वसूली जा रही है। शासन प्रशासन द्वारा बनाए गए नियम कानून ताख पर रखकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी आंख कान बंद किए हुए हैं, जिसका खामिया जनपद वासियों को भुगतना पड़ रहा है। जिले के कई समाज सेवी तथा जानकार लोगों द्वारा शासन से ऐसे मानक विहीन अस्पतालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की जा रही है।

**जन एक्सप्रेस । सादुल्लानगर/बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर के थाना सादुल्लाह नगर क्षेत्र में स्थापित एक अस्पताल के डॉक्टरों की लापरवाही से प्रसूता की जान चली गई। परिजनों ने प्रसूता की मौत के बाद अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा किया तथा रोड जमकर कार्रवाई की मांग की। मौके पर पहुंचे उच्च अधिकारियों के समझाने पर चक्का जाम हटाया गया। इस घटना ने स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था की भी पोल खोल कर रख दी है। अस्पताल में कोई भी एमबीबीएस डॉक्टर तैनात नहीं है, उसके बावजूद भी ऑपरेशन वीयूएमएस डिग्री धारक डॉक्टर तथा बगैर डिग्री के लोगों द्वारा ऑपरेशन किए जा रहे हैं। ऐसे अस्पतालों को मान्यता कैसे मिल रही है और उनका संचालन कैसे हो रहा है यह एक बड़ा सवाल है।

जानकारी के अनुसार 31 अक्टूबर को रोशन हॉस्पिटल में डाक्टर की लापरवाही के चलते प्रसूता की जान चली गई। परिजनो द्वारा हंगामा करते हुए किया रोड जाम किया गया जिससे पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फुल गए। उच्चाधिकारियों के बडे मानमनौवल के बाद पोस्टमार्ट कराने के लिए परिजन राजी हुए । परिजनो के तहरीर पर डाक्टर के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर उपजिलाधिकारी उतरौला व क्षेत्राधिकारी उतरौला के समक्ष पंचायत नामा भर कर पोस्टमार्ट के लिए रवाना किया गया। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्रामपंचायत गूमा फातमा जोत निवासी अनिल कुमार पुत्र कुवंर चंद जयसवाल द्वारा थाने में प्रार्थना पत्र देकर कहा गया है कि बीते 31 अक्टूबर मंगलवार को सांय 7 बजे पत्नी रीना कुमारी को प्रसव पीड़ा शुरु होने पर सादुल्लानगर स्थित रेहरा मार्ग पर रोशन हास्पिटल मे जांच के लिये लाया गया, जहां पर डाक्टर प्रबेज अहमद द्वारा चेक करने के बाद बताया गया कि रीना कुमारी को अस्पताल में भर्ती करना पड़ेगा। डाक्टर के कहने पर रीना कुमारी को असपताल मे भर्ती कर दिया गया। डाक्टर परबेज द्वारा कहा गया कि रीना कुमारी का आप्रेशन करना पडेगा, जिसके लिए 20 हजार रुपया जमा करना पड़ेगा। डॉक्टर के कहने पर 20 हजार रुपया जमा करने के बाद रात्रि 10 बजे अप्रक्षिशित डाक्टर कारसाज द्वारा आप्रेशन करके बच्ची को जन्म दिलाया गया। ऑपरेशन के कुछ देर बाद प्रसूता की हालत बिगड़ने लगी।

हालत बिगड़ती देख डाक्टर द्वारा प्रसूता को गोण्डा के लिये रेफर कर दिया गया जहां पर प्रसूता की मौत हो गयी। प्रार्थना पत्र को संज्ञान में लेते हुए तत्काल प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह द्वारा डॉक्टर परबेज, डाक्टर कारसाज सहित चार लोगो के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट 1956 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी गई।

# डीएम ने पराली प्रबंधन जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**किसानों से पराली न जलाने की डीएम की अपील**

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



किसानों को कृषक पराली जलाने से होने वाले नुकसान एवं पराली प्रबंधन के बारे में जागरूक किए जाने के लिए जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से पराली प्रबंधन जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना अधिक किया गया। जागरूकता वाहन द्वारा पूरे जनपद में ग्राम पंचायत में जाकर पराली प्रबंधन के बारे में किसानो को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने किसानों से अपील किया कि धान की फसल के अवशेष को ना जलाएं एवं वातावरण को प्रदूषण से मुक्त रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि परली का प्रयोग किसान भाई बायो डी कंपोजर का प्रयोग करते हुए खाद, बायोकोल, बायो फ्यूल एवं सीबीसी आदि के रूप में करें। इसके लिए किसान भाइयों को निशुल्क बायो डी कंपोजर की बोतल/कैप्सूल का वितरण किया जाएगा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, उपनिदेशक कृषि व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जिले में यातायात माह शुरू, जागरूकता वाहन रवाना

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों व गम्भीर रूप से घायल लोगों की संख्या में कमी लाये जाने, यातायात नियमों के पालन के साथ वाहनों का संचालन तथा वाहन का संचालन करते समय शत-प्रतिशत हेमलेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने के प्रति आमजन में जनजागरूकता पैदा करने के उद्देश्य 01 से 30 नवम्बर 2023 तक आयोजित होने वाले यातायात माह के शुभारम्भ अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर से मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा व मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. ने यातायात जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने यातायात जागरूकता कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने वाले सभी स्टेक होल्डर्स को बधाई देते हुए कहा कि यातायात नियमों के पालन के लिए मात्र जिला प्रशासन का सहयोग काफी नहीं होगा। बल्कि इसके लिए लोगों की सोच में परिवर्तन लाये जाने की आवश्यकता है।

# खेतों में पड़ी पराली बेखौफ जला रहे किसान, बिगड़ रहा पर्यावरण संतुलन

**जन एक्सप्रेस । अशोक उपाध्याय**

**डीएम की किसानों से अपील ना जलाएं पराली**



**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने किसानों से पराली ना जलाने की अपील की है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पराली जलाने वाले किसानों से अनुरोध करते हुए कहा है कि पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत पराली ना जलाएं, पराली जलाने से मानव स्वास्थ्य पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ता है तथा पशुओं के चारे की कमी हो जाती है। उन्होंने जनपद के सभी कंबाइन हार्वेस्टर मालिकों को चेताया है कि कंबाइन मशीन के साथ स्ट्रा रीपर अवश्य लगाकर ही कटाई करें अन्यथा कंबाइन सीज करते हुए किसान के विरुद्ध पर्यावरण क्षतिपूर्ति का अर्थ दंड लगाया जाएगा तथा विधिक कार्यवाही भी की जाएगी।

**बहराइच।** जिले में किसान धान का अवशेष प्रबंधन करने में रुचि नहीं ले रहे है। मजदूर के भाव में के अभाव में कंबाइन मशीन से धान की फसल की कटाई की जा रही है। अवशेष खेतों में ही छोड़ दिया जाता है। इसके बाद किसान अब जब रवि की फसल बुवाई की तैयारी कर रहे हैं तो ऐसे में खेतों में पडे धान के अवशेष को आज के हवाले कर रहे हैं। धू-धू कर पराली हर तरफ जल रही है। जिलाधिकारी के सख्त निर्देश हैं कि राजस्कर्मी और किसी विभाग के अधिकारी कर्मचारी गांव में जाकर किसानों को जागरूक करें और साथ में पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करें। लेकिन राजस्व व कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी गांव की ओर रुख नहीं कर रहे हैं। बल्कि जिला अधिकारी के आदेश को दरकिनार कर रहे हैं। किसान बेखौफ होकर खेतों में ही पराली जला रहे हैं। इससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ने की संभावना बढ़ रही है।

जनपद में किसान बड़े पैमाने पर धान की खेती करते हैं। कुछ ही इलाके हैं जहां किसान दलहन, मक्का, मूंगफली और अन्य फसले उगते हैं। अब किस रवि की फसल की तैयारी कर रहे हैं। धान की फसल की कटाइ तेजी से की जा रही है। धान की फसल की कटाई के लिए मजदूर किसानों को मिल नहीं पा रहे हैं। दूसरी तरफ मजदूरी महंगी होने के कारण किसान भी धान की कटाई मजदूरों से न करा कर कंबाइन मशीन से कर रहे हैं। कंबाइन मशीन धान काटने के बाद फसल अलग कर परली खेतों में ही छोड़ देती है।

कंबाइन मशीन जड़ से धान की फसल की कटाई भी नहीं करती। इस कारण धान का विशेष खेतों में ही लगा रह जाता है। रवि की फसल के लिए खेत की तैयारी कर रहे। किसान अब खेतों में पड़ी पराली और धान के अवशेष को जला रहे हैं। जिससे वायु प्रदूषण फैलने की संभावना काफी अधिक हो गई है। इस तरफ अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे।

# गांव ओडीएफ घोषित, खुले में शौच जा रहे बच्चे, महिलाएं–पुरुष

**मिहीपुरवा में मजाक बनी हर घर शौचालय योजना**

**कागजों में हर घर शौचालय निर्माण पूरा, धरातल पर आधा से अधिक लाभार्थी वंचित**

**जन एक्सप्रेस । अनिल मौर्य**



ग्रामीण रेशमा पत्नी रफीक ने बताया कि जंगल किनारे घर पड़ता है घर मे शौचालय नही है खुले में शौच के लिए जाना पड़ता आये दिन जंगली जानवरों का भय बना रहता है लेकिन प्रशासन द्वारा किसी प्रकार का सहयोग नही मिल रहा है।



शाहीन खातून पत्नी सुबराती का कहना है कि पैसों की तंगी के कारण अभी तक शौचालय नही बनवा पाये। लोगों ने बताया कि ऑनलाइन करो तब बनेगा ऑनलाइन कराए दो वर्ष हो गए। लेकिन अभी तक शौचालय के लिए धन का आवंटन नहीं हुआ है।



कुसुमी पत्नी मोतीचन्द का कहना है कि जीवन के पांच दशक से अधिक व्यतीत करने के बाद भी किसी भी प्रकार का सरकारी योजना का लाभ नही मिला। योगी राज में कुछ आस जगी थी। लेकिन इनके राज में भी वही हाल है।

**मिहीपुरवा, बहराइच।** जनपद बहराइच के मिहींपुरवा विकास खण्ड के ग्राम सभा चहलवा में सरकार द्वारा चलायी जा रही भारत स्वच्छता मिशन के तहत हर घर शौचालय बनवाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसके सापेक्ष 1747 लोगों के आवेदन ऑनलाइन कराए गए इनमें से 1090 लोगों के आवेदन पत्र स्वीकृत हुए इनको शौचालय आवंटन के बाद धनराशि भी दे दी गई। लेकिन शौचालय का निर्माण अधिकतम 250 के लोगों के घरों में ही कराया गया। लोगों ने आधी अधूरी धनराशि मिलने का हवाला देकर निर्माण ही नहीं कराया। अब गांव के बच्चे बूढ़े और महिलाएं खुले में शौच जा रहे हैं। इतना ही नहीं गांव में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण तक नहीं कराया गया। न ही कर्मचारी रखे गए हैं। जिससे कि उनकी साफ सफाई की जा सके। भारत सरकार द्वारा संचालित ग्रामीण स्वच्छता मिशन के अंतर्गत प्रत्येक गांव के हर घर में शौचालय का निर्माण किए जाने का निर्देश है। इसके लिए ग्राम पंचायत की ओर से प्रत्येक परिवार का चयन कर ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया पूरी की जाती है। इस प्रकार आवेदक को शासन की ओर से शौचालय निर्माण हेतु ?12000 की धनराशि आवंटित की जाती है। हालांकि यह धनराशि भी शौचालय निर्माण के लिए नाकाफी है। यह धनराशि भी लाभार्थियों को आधी अधूरी ही मिलती है। ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव कीओर से की जा रही धन की बंदर बांट शौचालय निर्माण में लाभार्थियों के लिए आडे आ रही है। लाभार्थियों के चयन में भी पारदर्शिता नहीं बरती जाती। वोट देने न देने की राजनीति भी शौचालय चयन में आडे आती है।

विकास खण्ड मिहींपुरवा के ग्राम पंचायत चहलवा में जन एक्सप्रेस संवाददाता ने सर्वे किया। जिस दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत से 1747 लोगों का चयन कर उनके ऑनलाइन आवेदन किए गए थे। इनमें 1090 लोगों को शौचालय निर्माण के लिए धनराशि आवंटित की गई। ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव की ओर से हैं लाभार्थियों को जानकारी देते हुए बैंक से धन निकालने के लिए जानकारी दी गई और कहा गया कि वह अपना शौचालय का निर्माण कर लें इन लाभार्थियों में से अधिकतर लोगों की शिकायत है कि शौचालय निर्माण के लिए मिलने वाली?12000 की धनराशि में से महेश ?6000 दिए गए हैं ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत में निवासरत अधिकतम 250 लोगों ने कुछ धन अपने पास से शामिल कर शौचालय का निर्माण करा लिया। धन की कमी आड़े आने की वजह से अन्य परिवार के लोग शौचालय का निर्माण नहीं करा सके। जिनके शौचालय पूर्ण हो गए वह खुले में शौच नहीं जा रहे। बाकी का पूरा गांव और हर परिवार के बच्चे, बूढ़े और महिलाएं खुले में शौच जाने के लिए मजबूर हैं। बिडम्बना यह है कि सिर्फ कागजों में शौचालय का निर्माण करा दिया गया। आधी अधूरी धनराशि मिलने के कारण काफी संख्या में लोगों ने शौचालय पूर्ण ही नहीं कराया। वह भी खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। धरातल पर आधे से अधिक ग्रामीणों के घर मे अभी भी महिलाएं व पुरूष खुले में शौच के लिए जाते है। लेकिन धरातल पर लाभार्थियों की संख्या सिर्फ 200 से 250 के लगभग है। इसमें भी 50 से अधिक शौचालय धन की कमी के चलते अपूर्ण पड़े है। स्थानीय ग्रामीण ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा बनवाये गए शौचालयों में किसी मे सीट नही लगा तो किसी मे छत नही है। हद तो तब हो गयी जब लोगों ने बताया कि किसी -किसी मे तो सीट और दरवाजा लगा है। लेकिन उनमें टैंक ही नही बना है। फिल-हाल ग्रामीणों का कहना कि ग्राम प्रधान व अधिकारियों की मिलीभगत योगी राज में जनता के अरमानों पर पानी फेरने में कोई कोर कसर नही छोड़ रही।

# तीर्थ पुरोहित समाज की उपेक्षा आने वाले चुनाव में पड़ेगा महंगा, शोषण–उपेक्षा बर्दाश्त नहीं: दुर्गेश पांडेय

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में प्रतिदिन हजारों तीर्थ यात्री, पर्यटक एवं श्रद्धालु यहां सरयू स्नान, दर्शन, पूजन के लिए आते हैं।

जिन्हें अयोध्या का पुरोहित समाज बिना सरकारी वेतन के आने वाले राम भक्तों को हर प्रकार की सुविधा, दर्शन पूजन इत्यादि करवाता है। जिसको लेकर श्री अयोध्या धाम तीर्थ पुरोहित समाज सेवा ट्रस्ट के बैनर तले पुरोहित समाज की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला प्रशासन की उपेक्षा के चलते कई तरीके से तीर्थ पुरोहित समाज का उत्पीड़न जारी है । जिसके संबंध में कई मुद्दों पर चर्चा विचार विमर्श हुआ व निर्णय लिया गया। श्री अयोध्या धाम तीर्थ पुरोहित समाज सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष दुर्गेश पांडे ने प्रेस प्रतिनिधि को बताया सरयू घाट से छान छप्पर हटा दिया गया। आने वाले यात्री पुरोहित समाज एवं पर्यटक चिलचिलाती धूप में बैठने को मजबूर हैं। जिसके चलते कई लोग बीमार हो रहे हैं। तीर्थ पुरोहित समाज के वृद्ध असहाय एवं गरीब लोगों को अंत्योदय राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड इत्यादि की सुविधा नहीं प्रदान किया गया है। टेढी बाजार स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र पुरोहितों को आवास न देकर अपात्र बाहरी व गैर जनपदों के लोगों को सुविधा शुल्क के आधार पर आवास आवंटन कर दिया गया। श्री अयोध्या धाम तीर्थ पुरोहित समाज सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष दुर्गेश पांडे ने आगे बताया। अयोध्या धाम तीर्थ पुरोहित समाज सेवा ट्रस्ट हमेशा जिला प्रशासन के उपेक्षा व शोषण का शिकार हुआ करता है। जिला प्रशासन से लेकर शासन तक होने वाली बैठकों में प्रतिनिधित्व करने हेतु कभी बुलाया नहीं गया। उपेक्षित रखना तीर्थ पुरोहित समाज के मान सम्मान के खिलाफ हैं। जब-जब चुनाव आता है। तो सत्ता पक्ष के बड़े-बड़े नेता आकर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं।

चुनाव के बाद इनका कोई सुध लेने वाला नहीं है। अध्यक्ष दुर्गेश पांडे ने कहा आने वाले चुनाव में जनप्रतिनिधि शसर्त बात के बाद कोई निर्णय लिया जाएगा। सरयू स्नान घाट से लेकर मठ मंदिर तक प्रवेश समाज का स्थानीय प्रशासन व जिला प्रशासन का शोषण जारी है। बैठक में उपाध्यक्ष सुनील पांडे महामंत्री ओम प्रकाश पांडे कोषाध्यक्ष नंदलाल पांडे राहुल पांडे दिलीप पांडे आदि दर्जनों वरिष्ठ तीर्थ पोहित गण मौजूद रहे।

# एलएसडीपी पब्लिक स्कूल के समर्थ व विनायक का हुआ एनसीएससी के जूनियर वर्ग में चयन

**जन एक्सप्रेस । रुदौली-अयोध्या**



राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की जिला बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन सोमवार को जिंगल बेल अकादमी अयोध्या में संपन्न हुआ। इस आयोजन में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 100 बाल वैज्ञानिक समूहों ने प्रतिभाग किया जिसमें एलएसडीपी पब्लिक स्कूल गौरियामऊ के समर्थ गुप्ता व विनायक वैश्य सहित राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस के लिए चार समूह के आठ बाल वैज्ञानिकों का चयन किया गया एलएसडीपी पब्लिक स्कूल गौरियामऊ के प्रधानाचार्य आदित्य पाठक ने बताया कि विद्यालय के 5 ग्रुप के 10 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था जिसमें जूनियर समूह मे विद्यालय के समर्थ गुप्ता व विनायक वैश्य का चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि विद्यालय ने इस वर्ष पहली बार इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जिसमें पहली बार में ही स्कूल के दो बच्चों का चयन होनें से विद्यालय में खुशी का माहौल है। इस प्रतियोगिता में इन दो बच्चों के अतिरिक्त सीनियर समूह में जेबीए की समीक्षा रस्तोगी, श्रेया मिश्रा व भवदीय पब्लिक स्कूल की छात्रा अनुष्का कुशवाहा, निम्मी राय व उदया पब्लिक स्कूल के छात्र आकाश पांडेय, आयुष सिंह का चयन हुआ है। प्रतियोगिता के दौरान इस कार्यक्रम के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ जी. एस. सिंह, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर डॉ. अंजलि खरे, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर के. के. मिश्रा सहित सभी विद्यालयों के गाइड शिक्षक उपस्थित रहे।

# अयोध्या की आध्यात्मिकता की छवि दिखेगी भरतकुण्ड रेलवे स्टेशन में: लल्लू सिंह

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

जनपद के भरतकुण्ड रेलवे स्टेशन की सौर्न्दयीकरण किया जाएगा। जिसके लिए 12 करोड की धनराशि स्वीकृत कर दी गई है। स्टेशन के नई बिल्डिंग 244 स्क्वायर मीटर में बनेगी। सौर्न्दयी करण के साथ-साथ स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का विकास किया जाएगा। चारपहिया व दोपहिया वाहनों हेतु पार्किंग की सुविधा, सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी, रैन हारवेटिंग सिस्टम, यात्रियों की सुविधा हेतु नए डिस्प्ले बोर्ड, दिव्यांग जनो के लिए आवगमन जैसी सुविधाओं का विकास किया जाना प्रस्तावित है।

सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि केन्द्र सरकार अयोध्या तथा परिक्षेत्र में अवागमन के बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। भरत जी की तपोस्थली तथा धर्मिक स्थल भरतकुण्ड है। देश भर से श्रृद्धालु यहां दर्शन हेतु आते है। रेलवे द्वारा बेहतर आवागमन की सुविधा प्रदान करने हेतु यहां के स्टेशनों का सौर्न्दयीकरण का कार्य किया जा रहा है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात् अयोध्या में आने वाले श्रृद्धालुओं की संख्या काफी बढ़ जाएगी।

# यातायात नियमों का पालन कर जान और धन हानि को काम किया जा सकता है: एसएसपी राजकरन नय्यर

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



एक माह तक चलने वाला यातायात माह बुधवार को यातायात नियमों के पालन की शपथ के साथ शुरू हुआ। सभी ने नियमों के पालन की शपथ ली और एसएसपी राजकरन नय्यर ने फीता काटकर माह का आगाज किया। अयोध्या के नयाघाट पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसएसपी ने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर जान और धन हानि को काम किया जा सकता है।उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों कर्मचारियों तथा समाज के लोगों और चालकों को यातयात नियमों के पालन की शपथ दिलाई। यातायात पुलिस के अधिकारियों ने निर्धारित स्थान पर ही वाहन पार्क करने, वाहन को निर्धारित लेन में ही चलाने, ओवरटेक से बचने, नो एंट्री का ख़ास ख्याल रखने, सीट बेल्ट व हेलमेट का अनिवार्य प्रयोग, जरूरी होने पर ही हॉर्न बजाने, वाहन चलाते समय गति पर नियंत्रण रखने, ओवरस्पीड एवं रश ड्राइविंग से बचने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने व नशे की हालत में गाड़ी न चलाने की अपील की। साथ ही सड़क दुर्घटना होने पर घायल की मदद और पुलिस को सूचना और सुरक्षित व सावधानी से वाहन चलाने की अपील की। इस अवसर पर एसपी यातायात राजेंद्र गौतम, एसपी सिटी मधुबन सिंह, सीओ यातायात प्रमोद यादव, निरीक्षक यातायात समेत अन्य मौजूद रहे।

# समाजसेवा के रास्ते पर चलकर युवा अवनीश तिवारी लड़ सकते हैं फैजाबाद से लोकसभा चुनाव

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

युवा समाजसेवी अवनीश तिवारी उर्फ टिक्कू कोरोना के समय से लोगों के बीच जाकर व्यापक पैमाने पर काम किया सैकड़ों गरीब और बेसहारा लोगों के लिए उन्होंने भोजन-पानी का इंतजाम किया।

अवनीश तिवारी टिक्कू ने कहा कि हम मानव हैं और मानव होने के नाते हमारा पहला धर्म मानवता का परिचय देना है। लेकिन आज समाज जिस दिशा पर जा रहा है। उसको देखकर ऐसा अहसास होता है कि इंसान में इंसानियत का और आत्मियता का अभाव होता जा रहा है। लेकिन समाज के कुछ लोग ऐसे भी हैं जो समाजसेवा के माध्यम से मानवता का परिचय देते रहते हैं। साथ ही समाज के लोगों को मानवता का पाठ भी पढ़ाते हैं। श्री तिवारी ने यह भी कहा जीवन में समाजसेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं है। समाज के प्रत्येक नागरिक को अपने सामाजिक एवं पारिवारिक दायित्वों के साथ-साथ समाजसेवा के लिए भी समय अवश्य निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब वह 2024 में होने वाले चुनाव में अयोध्या फैजाबाद लोकसभा से चुनाव लडूंगा और इसी के सहारे लोगों की सुख-दुख का साथी भी बनूंगा हमारा लक्ष्य है।

# कार्यालय, नगर निगम अयोध्या

पत्रांक : 597/न0नि0अयो0/2023 दिनांक : 01.11.2023

नगर निगम अयोध्या के समस्त वर्ष 2023-24 में पंजीकृत/नवीनकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अन्तर्गत तथा उ0प्र0 सरकार के आधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2023-24 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाएं निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र मुख्य अभियंता कार्यालय से निविदा के एक दिन पूर्व तक प्राप्त किये जा सकते हैं। सादे प्रार्थना पत्र पर निविदा किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

शासनादेश सं0-तक0सेल/07/निदे0/2019 दिनांक- 28 जून 2019 द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में भविष्य में आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं में जिन निविदादाता का नगर निगम में पंजीकृत एवं नवीनीकरण नहीं है उनके लिये नगर निगम अयोध्या में निम्नानुसार सर्वनिम्न निविदादाता होने पर पंजीकरण एवं नवीनीकरण कराया जाना आवश्यक होगा जो कि वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत ही मान्य होगा। पेवर (HMP) से जो सड़कें बनायी जानी हैं उनके लिए आवश्यक होगा कि निविदादाता का हाटमिक्स प्लान्ट नगर निगम मुख्यालय से 50 किमी0 परिधि में होना चाहिए।

| श्रेणी | अधिकृत निविदा धनराशि | जमानती धनराशि | हैसियत प्रमाण पत्र | पंजीकरण/नवीनीकरण शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| सुपर ''ए'' (एचएमपी) | हाटमिक्स प्लान्ट से किये जाने वाले समस्त कार्य | 150000/- | 50 लाख | 50000/20000.00 |
| ''ए'' | रूपये 2 करोड़ से अधिक | 500000/- | 50 लाख | 50000/25000.00 |
| ''बी'' | रूपये 75 लाख से अधिक 2 करोड़ तक | 200000/- | 40 लाख | 30000/15000.00 |
| ''सी'' | रूपये 40 लाख से अधिक 75 लाख तक | 100000/- | 20 लाख | 20000/10000.00 |
| ''डी'' | रूपये 40 लाख तक | 50000/- | 05 लाख | 10000/5000.00 |

निविदा के सम्मुख अंकित जमानती धनराशि एवं निविदा शुल्क का भुगतान निविदा की वेबसाइट etender.up.nic.in पर उपलब्ध भुगतान लिंक के माध्यम से करते हुये उसकी रसीद लिफाफे में रखकर डालना अनिवार्य होगा। लिंक निम्नलिखित है- https://compulsive.payu.in/ayodhyamc

सामान्य निविदा के प्रत्येक कार्य की निविदायें अलग-अलग लिफाफे में बन्द की जानी चाहिये एवं लिफाफे के ऊपर कार्य का नाम सम्बन्धित वार्ड संख्या आगणन धनांक एवं ठेकेदार का नाम अंकित करना अनिवार्य है। इसी के साथ निविदा स्वीकृति की सूचना प्राप्त होने पर 7 दिन के अन्दर आवश्यक स्टाम्प पेपर जमा करने पर नगर निगम को निर्धारित प्रपत्रों पर कार्य पूरा कराने हेतु अनुबंध करना होगा।

नगर आयुक्त अयोध्या को बिना कारण बताये किसी भी अथवा सभी निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने अथवा अन्य ठेकेदारों के मध्य कार्य विभाजन करने का अधिकार सुरक्षित है। समस्त निविदायें मुख्य अभियंता कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में नीचे दिये गये विवरण के अनुसार प्राप्त की जायेंगी साथ ही मुख्य अभियन्ता कार्यालय में निविदाओं की बिक्री की जायेगी। निविदा मूल्य की रसीद निर्माण विभाग से प्राप्त की जायेगी। कार्यों की निविदा नोटिस अयोध्या नगर निगम के नोटिस बोर्ड से प्राप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त निविदायें ई-प्रोक्योरमेंट की वेबसाइट www://etender.up.nic.in के माध्यम से आमंत्रित की जायेंगी।

निविदादाता निविदा खुलने के समय उपस्थित रह सकते हैं। निविदा डालने अथवा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो निविदायें अगले कार्य दिवस में निर्धारित समयानुसार डाली/खोली जायेंगी। निविदा सम्बन्धी अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में मुख्य अभियंता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

निविदा विवरण निम्न प्रारूप में उल्लिखित कार्यों का अलग-अलग विवरण उनकी आगणन लागत निविदा की अर्नेस्ट मनी निविदा मूल्य तथा समय अवधि आदि का विवरण मुख्य अभियंता कार्यालय में उपलब्ध कार्य विवरण सूची सूचना पट पर देखा जा सकता है। विवरण के अनुसार प्रत्येक कार्य हेतु अलग-अलग निविदा आमंत्रित है।

**शर्ते:-**

1. जो निविदादाता निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित अर्नेस्ट मनी नहीं लगायेगा उस दशा में उसका पंजीकरण/नवीनीकरण निरस्त करते हुये लगाई गई अर्नेस्ट मनी जब्त कर ली जायेगी।
2. सामान्य निविदा प्रपत्र एवं लिफाफे पर कार्य का नाम ठेकेदार का नाम के साथ निविदादाता के स्पष्ट हस्ताक्षर एवं मोहर होना आवश्यक है। यदि लिफाफे पर उक्त विवरण अंकित नहीं होंगे तो लिफाफा अवैध माना जायेगा एवं ऐसी निविदा का संज्ञान नहीं लिया जायेगा।
3. निविदा प्रपत्र के साथ निविदा मूल्य के रूप में नगद धनराशि लगाने वाले ठेकेदारों की निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. निविदा प्रपत्र में प्रतिशत उच्च/निम्न को अंको एवं शब्दों में लिखना आवश्यक है।
5. ठेकेदारों द्वारा 10 प्रतिशत तक निम्न निविदा प्रदत्त करने पर शासनादेश के अनुसार 0.50 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न निविदा प्रदत्त करने पर 01 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत निम्न दर पर अतिरिक्त सिक्योरिटी / परफार्मेन्स गारंटी के रूप में जमा करनी आवश्यक होगी।
6. निविदा शर्तों के विरुद्ध निविदा डालने वाले ठेकेदार की जमानती धनराशि जब्त करते हुये काली सूची में दर्ज कर दिया जायेगा।
7. एकल कर प्रणाली के अन्तर्गत कार्य के देवकों पर शासन द्वारा निर्धारित जीएसटी की दरों के अनुसार भुगतान व कटौती की जायेगी। कार्य के आगणन में जीएसटी सम्मिलित है एवं निविदा की दर मूल आगणन पर प्रभावी होगी। निविदा मूल्य पर 18 प्रतिशत जीएसटी0 देय होगी।
8. सड़क निर्माण/सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या-715/ नौ-5-2018-120बजट / 2013 दिनांक 17 मार्च 2018 के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।
9. निविदा में किसी प्रकार के संशोधन (यथा निविदा तिथि में वृद्धि निविदा संशोधन कार्यों की संख्या/आगणन में परिवर्तन अथवा सुधार आदि) की सूचना मुख्य अभियन्ता के कार्यालय के सूचना पट पर पढ़ी व देखी जा सकती है। इस हेतु निविदा शुद्धि पत्र का प्रकाशन समाचार पत्रों में नहीं किया जायेगा।
10. उच्च श्रेणी का ठेकेदार अपने से निम्न समस्त श्रेणियों की निविदाओं में प्रतिभाग कर सकता है।
11. निविदा से संबंधित अन्य नियम व शर्ते निविदा की बेवसाइट etender.up.nic.in पर पढ़ी जा सकती है।
12. आगणन धनांक रू040.00 लाख से अधिक कार्यों में टी-2 प्रपत्र निविदा के साथ संलग्न/अपलोड करना अनिवार्य है। धनांक रू0-40.00 लाख एवं इससे अधिक की धनराशि के समस्त कार्यों की निविदाएं टू-बिड् पद्धति से आमंत्रित की जायेंगी।
13. यदि किसी फर्म द्वारा पूर्व में अनुबंधित कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण न किया हो तो संबंधित फर्म उक्त निविदा में प्रतिभाग नही कर सकता है, यदि प्रतिभाग करता है तो निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी।
14. यदि फर्म द्वारा कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण नहीं किया जाता है तो नियमानुसार दण्डरोपण की कार्यवाही की जायेगी।
15. पार्टनरशिप फर्म होने की दशा में फर्म के समस्त पार्टनर के चरित्र प्रमाण पत्र एवं कम्पनी होने की दशा में कम्पनी का हैसियत प्रमाण पत्र संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।
16. प्रत्येक रु0 05 लाख के ऊपर की निविदा में ठेकेदार/फर्म को सिविल प्रकृति के कार्य का अनुभव संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
17. ठेकेदार/फर्म को रु0 05 लाख से ऊपर की निविदा के साथ किसी राजकीय विभाग/नगर निगम में पंजीकरण की रसीद अपलोड करना अनिवार्य होगा।
18. स्व-घोषणा प्रमाण-पत्र रु0 100/- के स्टाम्प पेपर के प्रथम पृष्ठ पर कार्य का नाम बाल पेन से अंकित करना अनिवार्य होगा। मूल प्रति पर कार्य का नाम एवं शपथकर्ता के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। जिसे दोनो ओर से स्कैन कर अपलोड करना भी अनिवार्य होगा तथा पेन्सिल से अंकित किया गया कार्य का नाम होने पर शपथ पत्र मान्य नही होगा। ई-स्टाम्प के प्रथम पृष्ठ पर कार्य का नाम अंकित किया जाना अनिवार्य होगा तथा शपथकर्ता द्वारा शपथ पत्र के सभी पृष्ठ पर हस्ताक्षर करना भी अनिवार्य होगा तथा स्व-घोषणा प्रमाण-पत्र पर नोटरी,निविदा आमंत्रण दिनांक से निविदा के समाप्त होने के दिनांक तक ही मान्य होगी। (शपथ पत्र का प्रारुप T-6 अपलोड है।)
19. ठेकेदारों द्वारा 10 प्रतिशत तक निम्न निविदा प्रदत्त करने पर शासनादेश के अनुसार 0.50 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न निविदा प्रदत्त करने पर 01 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत निम्न दर पर अतिरिक्त सिक्योरिटी/परफार्मेन्स गारंटी के रूप में जमा करनी आवश्यक होगी।
20. निविदा में निविदादाता को टैक्निकल बिड के साथ इस आशय प्रमाण पत्र रु0 10/- के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर देना होगा कि बिड 90 दिनों के लिए वैध है तथा निविदादाता किसी बार काउन्सिल में रजिस्टर्ड नही है तथा निविदादाता के विरुद्ध किसी भी न्यायालय मे कोई वाद-विवाद दायर नही है। Affidavit that Bid is Valid for 90 days and Bidder has neither criminal record nor registered in any bar council on non judicial stamp paper of Rs.10/-
21. निविदादाता की फर्म के अधीन कार्यरत श्रमिकों का पंजीकरण श्रम आयुक्त उ0प्र0 के श्रम विभाग में होना अनिवार्य है। जिसे अपलोड करना भी अनिवार्य होगा।
22. एकल निविदा प्रथम बार में स्वीकृत नही की जायेगी।
23. उपरोक्त कार्य में प्रयुक्त सामग्री की परीक्षण परिणाम (टेस्टिंग रिर्पोट) मानक के अनुरुप आने के उपरान्त ही भुगतान किया जोयगा।
24. जिन ठेकेदारों पर 03 कार्यो से अधिक कार्य है और उनके द्वारा अनुबन्ध की कार्यवाही पूर्ण नहीं करायी जा रही है एवं कार्यादेश प्राप्त होने के पश्चात कार्य प्रारम्भ नहीं किये जा रहे है, ऐसी फर्मो/ठेकेदारों को निविदा की प्रक्रिया में प्रतिभाग करने से वंचित किया जाता है।
25. यदि कोई वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसका न्याय क्षेत्र जनपद अयोध्या ही होगा।
26. अपराधिक रिकार्ड वाले निविदादाता को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।
27. कोई भी निविदादाता जो स्टेट बार काउन्सिल में पंजीकृत है वह निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेगा तथा बाद में संज्ञान में आने पर निविदा निरस्त करते हुये नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।
28. ठेकेदार/निविदादाता को निर्माण के समय यातायात के आवागमन को बिना किसी अवरोध के बनाये रखने हेतु पर्याप्त सुविधा/व्यवस्था करना अनिवार्य होगा।
29. कार्य स्वीकृत होने के पश्चात कार्य प्रारम्भिक फोटो, कार्य प्रगति की फोटो एवं कार्य समाप्ति की फोटो/वीडियोग्राफी पत्रावली में लगाया जाना अनिवार्य होगा।
30. शर्त युक्त निविदा मान्य नहीं होगी।

| | |
|---|---|
| निविदा अपलोड की तिथि | दिनांक 02.11.2023 |
| निविदा की अन्तिम तिथि | दिनांक 24.11.2023 सायं 05.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 25.11.2023 पूर्वान्ह 11.00 बजे तक |

| क्रमांक | कार्य का नाम | स्वीकृत आगणन धनराशि जी.एस.टी. सहित | स्वीकृत निविदा धनराशि जी.एस.टी. रहित | जमानती धनराशि | निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य समाप्त करने की अवधि | मद का नाम | सक्षम स्तर से स्वीकृति तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ई-निविदा | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | एकल-बिड पद्धति | | | | | | | |
| 1. | तकपुरा दशरथ कुण्ड के सामने जाने वाले मार्ग पर रामकुमार के मकान से तकपुरा मार्ग तक सी0सी0 द्वारा सड़क सुधार व आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 2728076.22 | 2311929.00 | 231192.90 | 3245.00 | 90 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 2. | रानोपाली के मोहल्ला दरगाह बगिया में अनील यादव के मकान से राघवेन्द्र सिंह के मकान होते हुए रघुवरदास के मकान तक सी0सी0 सड़क तथा आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 3200413.70 | 2712216.00 | 271221.60 | 3835.00 | 90 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 3. | सीताकुण्ड वार्ड में श्री वैदिकादर्श संस्कृत महाविद्यालय सरयूबाग अयोध्या के गेट के सामने से राम उजागिर एजुकेशन ट्रस्ट बाउण्ड्री के अन्तिम छोर तक सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 3860597.22 | 3171693.00 | 317169.30 | 4602.00 | 90 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 4. | पाठकपुर उपरहार श्यामबीर मौर्या के मकान से मथुरा प्रसाद व विनोद के मकान से वीरेन्द्र विश्वकर्मा के मकान तक सी0सी0 द्वारा सड़क सुधार व आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 2297378.22 | 1946931.00 | 194693.10 | 2714.00 | 90 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 5. | रानोपाली में मोहल्ला मोहबरा बाजार में शिव कुमार तिवारी के मकान से साधना पाण्डेय के मकान तक व संलग्न गलियों में सी0सी0 सड़क तथा नाली निर्माण कार्य। | 3007917.40 | 2549083.00 | 254908.30 | 3599.00 | 90 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 6. | रानोपाली में मोहल्ला मोहबरा बाजार में हरीराम यादव के मकान से डा0 आर0के0 पाण्डेय के मकान तक व संलग्न गलियों में सी0सी0 सड़क तथा आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 3007738.68 | 2548932.00 | 254893.20 | 3599.00 | 90 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 7. | हैबतपुर में भरतलाल के मकान से पप्पू के मकान तक सी0सी0 सड़क व आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 3588754.76 | 3041318.00 | 304131.80 | 4048.00 | 90 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |

शेष पृष्ठ 9 पर....

# पिपरिया कस्तान गांव के ग्रामीण चंदा इकट्ठा कर फॉगिंग करवाने को मजबूर

**जन एक्सप्रेस | मोहम्मदी खीरी**



तहसील क्षेत्र में वायरल फीवर तेजी से अपने पैर पसार चुका है,वहीं मोहम्मदी स्वास्थ्य विभाग के द्वारा औपचारिक रूप से कैम्प लगाकर इतिश्री किया जा रहा है,जिससे मौतों की संख्या दिनपर दिन बढ़ती जा रही है,लेकिन इन मौतों से नाही जनप्रतिनिधियों को कोई फर्क पड़ रहा है और ना ही स्वास्थ्य विभाग पर कोई असर देखा जा रहा है ग्राम पंचायत पिपरिया कस्तान में 2 हफ्ते के अंदर लगभग 12 लोगों की मौत रहस्यमय बुखार के कारण हो गई ब्लॉक प्रशासन के द्वारा नही गांव में किसी प्रकार का छिड़काव किया गया और ना ही गांव में फैली गंदगी को साफ कराया गया जिसके चलते गांव में रोजाना एक या दो लोगों की मौत हो रही है ग्रामीणों ने बताया की लगातार ग्रामीणों के द्वारा स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर गांव में फैली महामारी को रोकने का आग्रह किया गया लेकिन स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कोई भी उचित कार्रवाई नहीं की गई ग्रामीणों का कहना है 1 या 2 दिन पहले गांव में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कैंप लगाई गई थी लेकिन कर्मचारी खानापूर्ति करके चले गए कुछ मरीजों को दवा तक नहीं दी गई वह इधर से उधर परेशान घूमते रहे कुछ मरीजों के सेम्पल लिए गए थे जिनमे चार को डेंगू होने की पुष्टि हुई है।आपको बताते चलें कि ग्रामीणों में बीमारी का भय इस प्रकार व्याप्त है कि लोग गांव से पलायन करने को विवश हो रहे हैं।गांव में हर दूसरा व्यक्ति बुखार की चपेट में है तथा आज तक मृतकों की संख्या 12 पहुंच गई है,मृतकों में मुन्नी देवी 55,रंजीत राठौर 32,राजरानी यादव 70,गायत्री देवी 64,रतीराम वर्मा 48,पुत्तुलाल वर्मा 70,देवकीनंदन 55,रामदुलारी वर्मा 45,फातिमा वेगम 50,मुल्लो देवी 75,नोखे लाल वर्मा 70 की बुखार से मौत हो चुकी है।मोहम्मदी तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांवों में वायरल फीवर अपने पैर पसार चुका है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के द्वारा वृहद रूप से गांव में ना ही कैंप लगाई जा रही हैं और ना ही मरीजों की गणना कराई जा रही है। जिस गांव में बुखार से मरीजों की मौत होने लगते हैं वहीं स्वास्थ्य विभाग कैंप लगाकर दवाई वितरण करते हुए देखा गया है। मोहम्मदी खंड विकास अधिकारी के द्वारा गांवों में ना तो छिड़काव की व्यवस्था कराई गई ना ही गांव में सफाई व्यवस्था समुचित कराई गई जिससे बरसाती पानी में पनप रहे मलेरिया जनित मच्छरों से लगातार लोग बुखार की चपेट में आ रहे हैं।गांव के अधिकांश संक्रमित मरीज प्राइवेट अस्पतालों में अपना इलाज कराने को मजबूर हैं। वही ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी जांच में डेंगू की पुष्टि नहीं हो रही है लेकिन प्राइवेट लैब की जांच में डेंगू की पुष्टि पाई जाती है धीरे-धीरे ग्रामीणों का विश्वास सरकारी स्वास्थ्य विभाग से उठ रहा है।इस बारे में जब सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर मयंक मिश्रा से बात की तो उन्होंने बताया कैंपिंग लगाकर लगातार मरीज के ब्लड सैंपल लिए जा रहे हैं अभी तक 4 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है गाँव में हुई मौतों पर अधीक्षक ने कहा एक दो को छोड़कर बाकी सभी नॉर्मल मौतें हैं।ब्लॉक के अधिकारियों को बार-बार लिखित रूप से गांव में छिड़काव करने को कहा गया लेकिन अधिकारियों के द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की गई जिससे मजबूरन पिपरिया कस्तान के ग्रामीणों के द्वारा चंदा जमा कर फागिंग की व्यवस्था कराई जा रही है।

# एक ईमान रखता हूं बहुत खुद्दार हूं कोई ना झूठी शान रखता हूं









**जन एक्सप्रेस | आशीष कुमार तिवारी**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर साईं मैरिज लानं में पुस्तक विमोचन एवं विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवियों ने रात भर दर्शकों को हंसाया। शुभारंभ राष्ट्रीय कुर्मी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह वर्मा व धर्मेंद्र गिरि उर्फ मोंटी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। नपा अध्यक्ष विजय शुक्ला उर्फ रिंकू एवं जिला पंचायत सदस्य शिखा अशोक कनौजिया ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। अवकाश प्राप्त प्रवक्ता गेंदन लाल कनौजिया की दो पुस्तकें जगत मुसाफिरखाना व फूल सम तुम जियो का विमोचन किया शुभारंभ कवित्री संध्या त्रिपाठी ने मां सरस्वती की वंदना से हुआ। शब्दों में मधु कर भरकर मां अक्षर अक्षर निखार दीजिए धवल काव्य सरिता को मैया



नितिनव नूतन धार दीजिए। लखनऊ से आए कवि योगेश चौहान ने पढ़ा यदि पटेल भारत माता के आंगन में जिंदा होते तो देशद्रोहियों की गर्दन में फांसी के फंदे होते। हास्य कवि आलोक शुक्ला ने कहा इश्क करो तो हिम्मत रखो रखो कुछ बलबूता या तो उनका लइ भागो या तो खाओ धड़ाधड़ जूता। संयोजक मुनेंद्र प्रताप मंजुल ने पढ़ा खरीदा जा नहीं सकता वह एक ईमान रखता हूं बहुत खुद्दार हूं कोई ना झूठी शान रखता हूं। गेंदनलाल कनौजिया ने कहा कि चांद बड़ा उन्नत ललाट दिव्य तेज के निधान मानी दिनकर अंश अवतारी संविधान हो बल्लभ तुम्हारी कर्म निष्ठा है। प्रणम्य जग संकट विमोचन महान हनुमान हो।आयोजक अशोक कनौजिया ने सभी का आभार जताया। कवि रमेश पांडे शलभ, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, नंदी लाल निराश, डॉक्टर राम लखन, डॉक्टर रामशरण, डॉक्टर मनोज वर्मा, प्रबंधक संजीव वर्मा, राजेश पटेल, मनोज गबड़ा, सर्वेश वर्मा, विनोद वर्मा, प्रवक्ता के के शुक्ला, मुनीश पटेल, आनंद वर्मा, सुरेश चंद्र कनौजिया एडवोकेट आदि लोग मौजूद रहे।

# जनपद खीरी में हुआ यातायात माह का आगाज

## * डीएम-एसपी ने दिलाई ट्रैफिक नियमों के पालन की शपथ

**जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी**

यातायात माह का बुधवार को पुलिस लाइंस में भव्य आगाज हुआ, जिसका शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व गणेश प्रसाद साहा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद छात्र छात्राओं को ट्रैफिक नियमों को पालन करने की शपथ दिलाई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अपील की कि यातायात निमयों का पालन कर हादसों पर अंकुश लगाने में सहयोग करे। ओवर स्पीडिंग का कोई लाभ तो नही मिलता बल्कि खतरा जरूर बढ़ जाता है। हेलमेट को अपनी आदत व दिनचर्या में शामिल करे। डीएम ने मौजूद बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए यातायात नियमों का पालन जरूर करने की बात कही। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने यातायात नियमों के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए बताया कि भारतवर्ष में एक वर्ष में करीब 1.5 लाख लोग यातायात दुर्घटना में अपनी जान गवां देते हैं। यातायात माह मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य प्रतिवर्ष होने वाली दुर्घटना में मृत्युदर को कम किया जाना है। कुशल यातायात संचालन के लिए एसपी ने (4-E) कॉन्सेप्ट का पालन किये जाने के सम्बन्ध में बताया। जहाँ पर सर्वप्रथम लोगों को यातायात नियमों के बारे में E-एजुकेट करना तथा विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए यातायात संचालन में आने वाली श्व-इंजीनियरिंग सम्बन्धी समस्यों का निदान किया जाना तथा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध E-इनफोर्समेन्ट की कार्यवाही करते हुए सुसंगत धाराओं में चालान किये जाने के सम्बन्ध में बताया, जिससे प्रभावी यातायात नियन्त्रण हो सके साथ ही साथ चौथे श्व-इन्वायरमेन्ट को भी यातायात नियन्त्रण में महत्वपूर्ण भूमिका के रूप में बताया।




**डीएम-एसपी ने दिखाई यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी**

बुधवार को पुलिस लाइन्स से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने एएसपी नेपाल सिंह, एआरटीओ आलोक कुमार, सीओ सदर संदीप सिंह की मौजूदगी में यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। टीएसआई के नेतृत्व में रैली में शामिल एनसीसी कैडेट्स व छात्र-छात्राओं में हाथों में यातायात जागरूकता की तख्तियां थामे यातायात जागरूकता का संदेश देते नजर आए। यह जागरूकता रैली पुलिस लाइन से जीआईसी तिरहा, चिकित्सालय घंटाघर तिराहा से होती हुई पुलिस लाइन में विसर्जित हुई। इस जागरूकता रैली में धर्मसभा इंटर कॉलेज, स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज, जीआईसी के छात्र शामिल हुए।

## डीएम ने ली अफसरों की बैठक

**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी**

बुधवार को आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति को लेकर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलक्ट्रेट सभागार में अफसरों की बैठक ली, जिसमें आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति बढ़ाने को लेकर रणनीति तय हुई। निर्देश दिए की जिले में आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों के कार्ड अभियान चलाकर प्राथमिकता के साथ बनाया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। डीएम ने बताया कि वृहद स्तर पर जनपद में आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का अभियान में तेजी लाए। पात्र लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए भी लगातार प्रेरित किया जाए। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आह्वान किया कि अभियान चलाकर राशन कार्ड में छह या उससे अधिक यूनिट होने एवम् राशन कार्ड के 60 वर्ष से अधिक आयु वाले वृद्धजनों के भी आयुष्मान कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित करें।

## किसान नेता श्यामू शुक्ला ने ग्रहण की भाकियू टिकैत की सदस्यता

**जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी**

मैगलगंज लगभग एक साल बाद जेल से जमानत पर रिहा हुए किसान नेता श्यामू शुक्ला जेल से रिहा होने के बाद दिल्ली में संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत व उत्तर प्रदेश अध्यक्ष राज्यपाल शर्मा ने दिलाई सदस्यता आगे होने वाली किसान पंचायत में मिलेगी जिम्मेदारी संगठन की नीतियों के बारे में राकेश टिकैत ने दिया सुझाव इस दौरान श्यामू शुक्ला के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष तराई मयंक सिंह चौहान राहुल मिश्रा हरिहर मास्टर अतुल दीक्षित अमिताभ सिंह आदि मौजूद रहे । किसानों की समस्या को लेकर 67 दिनों तक लगातार धरना प्रदर्शन करने के बाद जब प्रशासन



कुम्भकर्णी नींद सोता रहा तो परेशान होकर आत्मदाह करने का निर्णय लिया था जिसमे पुलिस ने आंदोलनकारी के ऊपर लाठी चार्ज किया और फर्जी मुकदमे लिखकर श्यामू शुक्ला सहित पांच लोगों जेल भेज दिया था उसके बाद 10 माह 15 दिन का समय लग गया सभी मामलों मे जमानत न्यायालय द्वारा दी गई उसके बाद किसान नेता श्यामू शुक्ला ने दिल्ली में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की सदस्यता ग्रहण की।

पृष्ठ 8 का शेष....

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8. | रानोपाली के मोहल्ला पटवारी का पुरवा में कमलेश शर्मा के मकान से लक्ष्मी सदन, राजेश के मकान से अनिल कुमार के मकान तक सी0सी0 सड़क तथा आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1640316.20 | 1390099.00 | 139009.90 | 1947.00 | 90 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 9. | रघुकुल रेस्टोरेन्ट के पास एवं प्राथमिक विद्यालय से परिक्रमा मार्ग तक सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 2392450.71 | 2027501.00 | 202750.10 | 2832.00 | 90 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 10. | सरदार भगत सिंह वार्ड के मोहल्ला बढ़ई का पुरवा में नन्दलाल के मकान से त्रिपाठी टेऊर्ड होते हुए श्री महेश के मकान तक सी0सी0 सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 3033196.43 | 2570506.00 | 257050.60 | 3599.00 | 90 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 11. | पूरे-साकेतपुरी कालोनी में रेनू सिंह के मकान से संतोष वर्मा के मकान तक सी0सी0 सड़क तथा आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1945601.87 | 1648816.00 | 164881.60 | 2301.00 | 90 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 12. | जनौरा वार्ड में मोहल्ला पक्का तालाब में प्रतीक गारमेन्ट से अजमल के मकान तक सी0सी0 सड़क तथा आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 2871424.92 | 2433411.00 | 243341.10 | 3422.00 | 90 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 13. | खोजनपुर में धमशा चक्की से राजेश श्रीवास्तव, कमलेश सोलंकी व कमलेश श्रीवास्तव के मकान तक सी0सी0 सड़क व आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1598513.88 | 1354673.00 | 135467.30 | 1888.00 | 90 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 14. | नाका बाईपास के पास गौरव स्वीटस से गुप्ता मेडिकल स्टोर तक हॉटमिक्स सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 3183077.00 | 2697524.00 | 269752.40 | 3776.00 | 90 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| | टू-बिड पद्धति | | | | | | | |
| 15. | जीयनपुर गुड्डू के मकान से भरतकुण्ड होते हुए उदासीन आश्रम रोड तक सी0सी0 द्वारा सड़क सुधार व आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 5209368.06 | 4414720.00 | 441472.00 | 6195.00 | 120 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 16. | आसिफबाग में परिक्रमा मार्ग पर राहुल जनसेवा केन्द्र से अमरनाथ यादव व मिठाई लाल के मकान से सतगुरू के मकान तक सी0सी0 सड़क व आर0सी0सी0 नाली सुधार कार्य। | 8626957.10 | 7310981.00 | 731098.10 | 10207.00 | 120 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 17. | शाहजंहापुर में के0के0 उच्च माध्यमिक विद्यालय से गुड्डू के मकान तक एवं रीता उपाध्याय के मकान के सामने से रेलवे लाइन तक व संलग्न गलियों में सी0सी0 सड़क तथा नाली निर्माण कार्य। | 5891053.08 | 4992418.00 | 499241.80 | 6962.00 | 120 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 18. | शाहनेवाजपुर में तिवारी का पुरवा दर्शननगर बाईपास रोड पर रामतेज यादव के मकान से गिरीश मौर्या व मनोज से राजकुमार के मकान तक नाली व सी0सी0 द्वारा सड़क सुधार कार्य। | 5211286.80 | 4416345.00 | 441634.50 | 6195.00 | 120 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 19. | रानोपाली के मोहल्ला पटवारी का पुरवा में श्री राममूरत वर्मा के मकान से राजहोम्स होते हुए रमाकान्त वर्मा के मकान तथा श्री अशोक वर्मा के मकान से मां काली मन्दिर तक सी0सी0 सड़क तथा नाली निर्माण कार्य। | 5094406.33 | 4317362.00 | 431736.20 | 6018.00 | 120 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 20. | जीयनपुर में गौतमबुद्व मन्दिर से सुरेश वर्मा के मकान तक व जूनियर हाईस्कूल की बाउण्ड्रीवाल से लल्लू के मकान तक सी0सी0 द्वारा सड़क सुधार व आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 6740365.79 | 5712175.00 | 571217.50 | 7965.00 | 120 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 21. | शाहजंहापुर में संतोष झां के मकान से विक्रम सिंह के मकान होते हुए गोपीनाथ श्रीवास्तव के मकान से विजय कुमार वर्मा के मकान तक सी0सी0 सड़क तथा आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 6491659.55 | 5501407.00 | 550140.70 | 7670.00 | 120 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 22. | साँईकापुरवा में रामबनगमन मार्ग से ब्रह्माकुमारी आश्रम तक सी0सी0 सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 4555924.24 | 3860953.00 | 386095.30 | 5428.00 | 120 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 23. | शाहजंहापुर में दिव्य मेडिकल स्टोर से सुभाष चन्द्र पाण्डेय के मकान होते हुए ज्ञानेन्द्र चतुर्वेदी के मकान एवं जगदीश शुक्ला के मकान से जायसवाल के मकान तक सी0सी0 सड़क तथा आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 4335278.01 | 3673965.00 | 367396.50 | 5133.00 | 120 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 24. | रामचन्द्र परमहंस के मोहल्ला खाले का पुरवा सरयू नगर में हरवंश लाल मौर्या के मकान से सचिदानन्द त्रिपाठी के मकान होते हुए अजीत मिश्रा के मकान तक एवं संलग्न गलियों में सी0सी0 सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 5685657.30 | 4818354.00 | 481835.40 | 6726.00 | 120 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 25. | मझवा गद्दौपुर में श्री मोनू मिश्रा के मकान से श्री धर्मेन्द्र सिंह/श्रीमती अर्चना सिंह के मकान तक सी0सी0 सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 7164967.89 | 6072007.00 | 607200.70 | 8496.00 | 120 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 26. | जोगीतारा में सीमा हास्पिटल से श्री राम केवल के मकान से श्री दिनेश कुमार के मकान तक हॉटमिक्स सड़क का निर्माण कार्य। | 19811957.00 | 16789795.00 | 1678979.50 | 23423.00 | 120 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 27. | देवकाली मे श्री आशुतोष के मकान से लाइफलाइन हास्पिटल तक हॉटमिक्स सड़क का निर्माण कार्य। | 12043595.00 | 10206437.00 | 1020643.70 | 14219.00 | 120 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 28. | बेनीगंज देवकाली मुख्य मार्ग से अभिनव मेडिकल स्टोर तक हॉटमिक्स सड़क का निर्माण कार्य। | 15845104.00 | 13428055.00 | 1342805.50 | 18762.00 | 120 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 29. | मऊ शिवाला दीपापुर में श्री फुन्नू वर्मा के मकान से श्री हरिवंश मालवीय के मकान तक हॉटमिक्स सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 4720334.14 | 4000284.00 | 400028.40 | 5605.00 | 120 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 30. | अयोध्या में रामपुर हलवारा में निर्मित 32 के0एल0डी0 फीकल ट्रीटमेन्ट प्लान्ट के पहुंच मार्ग तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। | 22775366.02 | 19301158.00 | 1930115.80 | 26904.00 | 120 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |
| 31. | मझवा गद्दोपुर में रायबरेली मुख्य मार्ग से श्री मोनू मिश्रा व श्री राम उग्रेज सिंह के मकान तक हॉटमिक्स सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 6743430.00 | 5714771.00 | 571477.10 | 7965.00 | 120 दिन | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 28.10.2023 |

(राजवीर सिंह)
मुख्य अभियन्ता

# जागरूकता एवं सतर्कता ही जीवन का रक्षाकवचः संजय सिंह गंगवार

* राज्यमंत्री एवं पुलिस अधीक्षक ने गांधी प्रेक्षागृह में यातायात सप्ताह का फीता काटकर किया शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत






गन्ना विकास एवं चीनी उधोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा है कि जागरूकता एवं सतर्कता ही जीवन का रक्षा कवच है। उन्होनें कहा की सफर के दौरान हैलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करना सभी को जरूरी है। राज्यमंत्री श्री गंगवार आज बुद्धवार को गांधी प्रेक्षागृह में आयोजित यातायात सप्ताह का शुभारम्भ करने के बाद उपस्थित जनसमूह हो सम्बोधित कर रहे थे। उन्होनें कहा की सफर के दौरान यातायात नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है इससे न सिर्फ हम अपना बचाव करते है बल्कि दूसरों का भी बचाव करते है सुरक्षित यात्रा करना ही यात्रा की सफलता होती है उन्होनें प्रेक्षागृह में उपस्थित स्कूली बच्चों एवं आमजनों से अपील की अपने घर के लोगो को सफर के दौरान हैलमेट और सीटबेल्ट के प्रयोग करने का आग्रह जरूर करें। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा की आने बाले दिनों में कोहरा आदि का सामना सफर के दौरान लोगो को करना पड़ेगा इसलिए सफर में सतर्कता अति आवश्यक है उन्होनें यातायात नियमों का पालन करने की लोगो से अपील की। इससे पूर्व राज्यमंत्री श्री गंगवार और पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने यातायात सप्ताह का फीता काटकर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनील कुमार यादव, सी0ओ0सिटी, सी0ओ0 सदर, ए0आर0टी0ओ0, टी0एस0आई0 सहित यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। बाद में राज्यमंत्री श्री गंगवार ने याता यात जागरूकता वाहन रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

# सजना है मुझे सजना के लिए...

* सोलह सिंगार कर सुहागन महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत परायण कर अपने पतियों के दीर्घायु की मंगल कामना की
* चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत खोला समाजसेवी संजय अग्रवाल ने भी रखा करवा चौथ का व्रत



जन एक्सप्रेस । अरूण भारद्वाज

**पीलीभीत।** सनातन धर्मी सुहागिन महिलाओं ने आज कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को करवा चौथ का व्रत रखा और महिलाओं ने चंद्रमा को अरग देकर विद विधान से चंद्रमा का पूजन किया और अपने पति के दीर्घायु होने की भगवान से मंगल कामना की आज ब्रह्म मुहूर्त से ही सुहागन महिलाओं ने 16 श्रृंगार करके हाथों में मेहंदीया सजाकर रंग-बिरंगे आभूषण पहनकर पाक पकवान बनाकर करवा चौथ की परंपरागत कहानी एक दूसरे महिला को सुना कर करवा चौथ व्रत का परायण किया। घर की बुजुर्ग महिलाओं ने अपनी पुत्रवधुओं को करवा चौथ की कहानी सुना कर व्रत का पारायण किया सबसे महत्वपूर्ण बातें रही की समाजसेवी संजय अग्रवाल सीए ने पत्रकार अरुण भारद्वाज को यह बात बता कर चौंका दिया कि जिस तरह बागवान फिल्म में अमिताभ बच्चन ने भी अपनी पत्नी हेमा मालिनी की दीर्घायु के लिए और अपनी पत्नी के साथ जन्म जन्म का साथ बने रहने के लिए करवा चौथ का व्रत रखा इस तरह मैंने भी आज करवा चौथ का व्रत रखा है श्री अग्रवाल ने बताया वह बीते कई बरसों से अपनी शादी के उपरांत से लगातार प्रतिवर्ष करवा चौथ का व्रत रखते चले आ रहे हैं। श्रीमती संतोष भारद्वाज ने बताया की मैं अपनी सास जयंती रानी तिवारी के बताए हुए विधि विधान के अनुसार ही प्रतिवर्ष 1982 से अपने पति की दीर्घायु के लिए करवा चौथ का व्रत रखती चली आ रही हूं।

# जिलाधिकारी ने वन स्टॉप सेन्टर का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार द्वारा जिला अस्पताल परिसर में संचालित वन स्टॉप सेन्टर का औचक निरीक्षण किया गया। वन स्टॉप सेन्टर में एक ही छत के नीचे पीड़ित महिलाओं को अल्पवास, मेडिकल, काउन्सलिंग, विधिक व पुलिस सहायता के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान वन स्टॉप सेन्टर में 05 पीड़ित महिलाऐं पाई गयी। जिसमें से 3 पीड़ित महिलाओं को मेडिकल के लिए भेजा गया हैं। जिलाधिकारी द्वारा पीड़ित महिलाओं से भोजन की गुणवत्ता की भी जानकारी ली गई जिसमें पीड़ित महिलाओं द्वारा सही बताया गया। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा साफ सफाई करने के निर्देश दिए गए। इसके उपरान्त केस पंजिका आगंतुक रजिस्टर की जांच की गई केन्द्र पर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में अल्पावासित महिलाओं के सम्बन्ध में जिला प्रोबेशन अधिकारी से पूछताछ कर जानकारी ली गई। केन्द्र पर संचालित सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की गई। केन्द्र पर रात्रि के समय सुरक्षा को लेकर जानकारी ली गई। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी स्टाफ नर्स सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पुलिस द्वारा चलाया गया सोंधा गौंटिया में साइबर जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस/बीसलपुर। दियोरिया कलां साइबर पुलिस टीम द्वारा उच्चाधिकारियों के द्वारा निर्गत आदेश के क्रम में दिन प्रतिदिन तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध की रोकथाम व बचाव के बारे में बेनीपुर चौकी इंचार्ज सलमान अली, हेड कांस्टेबल मनोज सिंह, कंप्यूटर आपरेटर निकेत वर्मा, कांस्टेबल आशीष कुमार, कांस्टेबल अंकित शुक्ला के द्वारा गांव सोंधा गौंटिया में महिलाओं पुरुषों और बच्चों को साइबर अपराध से बचाव हेतु बरती जाने वाली सावधानियों एवं साइबर अपराध की शिकायत के संबंध में सरकार द्वारा जारी किए गए साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 व साइबर पुलिस पोर्टल के संबंध में लोगों को अवगत कराया तथा विस्तार से जानकारी दी। साइबर क्राइम के बारे में जानकारी देते हुए बेनीपुर चौकी इंचार्ज सलमान अली ने बताया कि किसी अंजान नंबर पर कभी भी अपना ओटीपी साझा न करें। साइबर अपराधी रोज नयी तकनीक के साथ जनता से ठगी का प्रयास कर रहे हैं। किसी भी अंजान फोन काल पर अपनी जानकारी साझा न करें। कोई भी घटना होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

## 30 बेड का बना दियोरिया कलां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

बीसलपुर। लंबे समय के बाद करोड़ों रुपए की लागत से उच्चीकृत किया गया दियोरिया कलां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्टाफ के अभाव में मात्र खानापूर्ति कर चलाया जा रहा है। जबकि नियमानुसार एक नियमित चिकित्साधिकारी की नियुक्ति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अनिवार्य है क्योंकि दियोरिया में थाना कोतवाली स्थित है ऐसी स्थिति में घायलों का मेडिकल परीक्षण बिना एमओ, आईसी के कैसे होगा। जब दियोरिया पुलिस को मेडिकल परीक्षण के लिए घायलों को बिलसंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जाएगा। फिर दियोरिया में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किस लिए बनाया गया है। यहां पर 30 बेड का अस्पताल बनाकर तैयार कर दिया गया है। जिसका संचालन भी शुरू हो गया है लेकिन स्टाफ के नाम पर मात्र चार लोगों को तैनात कर खानापूर्ति कर दी गई है। अभी तक न तो कोई मशीनें पहुंची हैं और न ही कोई स्टाफ भेजा गया है। जिससे आने वाले मरीजों को मात्र कुछ दवाएं देकर काम चलाया जा रहा है। पूरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खाली पड़ा हुआ है। तीस बेड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अभी तक एक भी बेड नहीं पहुंचा है।



# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गन्ना किसानों द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

आज बरखेड़ा ब्लॉक परिसर में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के द्वारा किसान गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें किसान भाइयों के द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा महेश पाल वर्मा द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप विधानसभा 128, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानन्द (क्षेत्रीय महामंत्री किसान मोर्चा बृज क्षेत्र) उपस्थित रहे, जिन्होंने सभी किसान भाईयों का सम्मान करते हुए उनके विकास की बात की। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी कमलेश गंगवार, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा महेश पाल वर्मा, जिला महामंत्री किसान मोर्चा नागेंद्र प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा आशीष मंडल व धर्मेंद्र गुर्जर, बरखेड़ा मण्डल अध्यक्ष प्यारे लाल कश्यप, जिला मंत्री कि?मो? सुखलाल व शिवकुमार जी, जिला मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा अजीत डे, वीरेंद्र शर्मा, विजय प्रजापति, सी0 पी0 दीवाकर, सुबोध गंगावर, ओमकर, केशव तिवारी, सूरज श्रीवास्त्व, अमित गुप्ता, मदन लाल श्रीवस्तव, खेमकरण मौर्य, शांति स्वरूप शर्मा व मंडल अध्यक्ष किमो धर्मेश सिंह एवं समस्त किसान बंधु उपस्थित रहे ।

## फास्ट फॉरवर्ड ⏭

### जिलाधिकारी-पुलिस अधीक्षक ने यातायात माह जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा, पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स ग्राउंड जौनपुर में यातायात जागरुकता रैली के दौरान प्रतिभागियों को हरी झण्डी दिखाकर माह नवम्बर-2023 को शुभारम्भ किया। सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु आयोजित इस यातायात जागरूकता कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर कुलदीप कुमार गुप्ता, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन श्री अनुपम सिंह, यातायात प्रभारी जी0डी0 शुक्ला व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें। रैली में यातायात पुलिसकर्मी के साथ विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से आम जनमानस में यातायात नियमों का पालन सम्बन्धी जागरूकता जैसे सीट बेल्ट हेलमेट पहनना, ओवर स्पीडिंग न करना, रेड लाइट जम्पिंग न करना, वाहन चलाते हुए मोबाइल फोन ईयर फोन का प्रयोग न करना, नशे नींद की हालत में वाहन न चलाने आदि के संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा है

### इमलों पांडेय पट्टी गांव के डॉ. विशेष नारायण मिश्र अवध-मार्तण्ड सम्मान से लखनऊ में किये गए सम्मानित



जन एक्सप्रेस। जौनपुर। गौराबादशाहपुर। धर्मापुर विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत इमलों पांडेय पट्टी गांव निवासी व राज संगीतज्ञ हिंदू साम्राज्य परिषद, संगीत श्रृंग से अलंकृत, जौनपुर रत्न, वाग्गेकार, श्रेष्ठ संगतकार, मानस कंठी , हिंदू धर्म निष्ठ, भजन सम्राट, संगीताचार्य, जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट उत्तर प्रदेश के संगीत विभाग में सहायक आचार्य डॉ. विशेष नारायण मिश्र को शरद पूर्णिमा के अवसर पर लखनऊ में जनउद्घोस सेवा संस्थान द्वारा लक्ष्मणपुर सवांद कार्यक्रम में संगीत क्षेत्र में बेहतर योगदान हेतु अवध मार्तण्ड सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान डॉ. विशेष नारायण मिश्र को राजभवन के सामने लोक निर्माण विभाग परिसर के सभागार में आयोजित ज्ञानवापी मंदिर मॉडल व प्रतीक चिन्हों की प्रदर्शनी एवं बृहद बौद्धिक समागम सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं विधिक रूप से समाज , राष्ट्र व धर्म के समक्ष वर्तमान परिस्थितियों पर विमर्श, काशी मथुरा और भोजशाला विजय की रणनीति कार्यक्रम में जनउद्घोष सेवा संस्थान लखनऊ के संस्थापक अध्यक्ष संयोजक कुलदीप तिवारी एवं कार्यक्रम संरक्षिका रंजना अग्निहोत्री के द्वारा अवध मार्तण्ड सम्मान उन्हें दिया गया। इमलों पांडेय पट्टी गांव के डॉ. विशेष नारायण मिश्र के इस सम्मान पाए जाने से गांव के ग्राम प्रधान दसरथ बिंद, हृदय नारायण मिश्र, ऋषिकेश मिश्र, शेष नारायण मिश्र, शीतला प्रसाद मिश्र, सुखराम बिंद, राम सजीवन मिश्र, मंजेश यादव आदि ने बुधवार को उनके घर पर पहुचकर उन्हें बधाई दिया।

### निराश्रित गौवंशों की धरपकड़ के लिए टीम रवाना

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सुईथाकला। शासन की मंशा के अनुरूप निराश्रित गौवंशों की धरपकड़ के लिए बुधवार को ब्लाक परिसर से टीम रवाना हुई। अभियान के पहले दिन बनाई गई टीम के द्वारा बारह गौवंशों को पकड़ कर संरक्षित किया जा सका। गौरतलब हो कि शासन की मंशा के अनुरूप 1 नवम्बर से निराश्रित गौवंशों को पकड़ कर संरक्षित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाना था । इसी कड़ी में बुधवार को पशुपालन विभाग के नोडल अधिकारी डा आलोक सिंह पालीवाल और खण्ड विकास अधिकारी सुभाष चंद्र के द्वारा बुधवार को ब्लाक परिसर से टीम रवाना की गई । बतौर नोडल अधिकारी डाक्टर आलोक ने बताया कि कुल पांच टीमें बनाई गई। प्रत्येक टीम में ग्राम विकास से पांच और पशुपालन से एक लोगों को शामिल किया गया है। प्राथमिकता के आधार पर पहले लखनऊ बलिया राजमार्ग पर अभियान चलाकर गौवंशों को पकड़ने का कार्य शुरू किया गया । खबर लिखे जाने तक टीम द्वारा 12 गौवंशों को पकड़ कर सवायन स्थित गौशाले में संरक्षित किया जा सका है ।इस दौरान एडीओ पंचायत राजेश कुमार, जितेन्द्र शाह, जय प्रकाश मौर्य, मो.शाहिद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# मौलाना अनवार बने कांग्रेस अल्पसंख्यक कमेटी के प्रदेश सचिव




जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**खेतासराय।** मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना अनवर कासमी कासमी ने लखनऊ में कांग्रेस दफ़्तर पर बुधवार को कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। पार्टी ने उन्हें अल्पसंख्यक कमेटी में प्रदेश सचिव नामित किया। जौनपुर शहर निवासी क़ई अल्पसंख्यक संस्थान चला रहे मौलाना अनवार क़ासमी को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आदेश पर अल्पसंख्यक कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश प्रवक्ता हम्माम वहीद ने बताया कि मौलाना अनवार का शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा योगदान है, निश्चित ही पार्टी को मजबूती मिलेगी। कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश सचिव अनवार क़ासमी ने बताया कि कांग्रेस ही अल्पसंख्यक समाज की लड़ाई लड़ सकती है, आज देश की निगाहें राहुल गांधी पर टिकी हुई है। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज़ आलम भुट्टो, जिलाध्यक्ष फैसल हसन तबरेज़, क्वार्डिनेटर शमीम खान, मो आज़म, राशिद कमाल ने प्रसन्नता जताई है।

## एडीओ पंचायत की कार्यशैली से नाराज ग्राम प्रधानों ने खोला मोर्चा, सुधार न होने पर ताला बंदी की दी चेतावनी



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**सुजानगंज।** ब्लॉक सभागार में प्रधान संघ द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया जहां पर ग्राम प्रधानों ने ऐड़ियो पंचायत सुजानगंज के कार्यशैली तथा उनके द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार पर सवाल उठाते हुए मांग किया कि अगर जल्द सुधारा नहीं हुआ तो ऑफिस पर तालाबंदी करने के लिए हम लोग मजबूर होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार ृष्ठ्ह पंचायत कार्यालय मे ब्याप्त आर्थिक भर्ष्टाचार के संदर्भ मे खासकर के ब्यक्तिगत शौचालय के पात्र लाभार्थीयों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के बाद अकारण बिना जाँच के वर्तमान ADO पंचायत डिलीशन करवा देते है और फिर नाजायज पैसे की डिमांड करते है इस तरह पुरे विकास खंड के ग्राम प्रधान ऑनलाइन करवाते करवाते थक गए है प्रधान संघ अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह ने उक्त बातों की जानकारी देते हुए बताया कि आज के बैठक मे विशेष चर्चा एडीओ पंचायत सुजानगंज के ही विषय मे हुयी और सर्वसमती से निर्णय लिया गया कि यदि 15 दिन के अंदर राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अंतर्गत ब्यक्तिगत शौचालय का जो ऑनलाइन रेजिस्ट्रेशन हुआ है उन पात्र लाभार्थीयों को धनराशि नहीं मिली तो मजबूरन ADO पंचायत सुजानगंज के सारे कार्यों का बहिस्कार करते हुए हम सभी प्रधान इनके कार्यालय मे तालाबन्दी करने के लिए बाध्य होंगे। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) की होंगी उपरोक्त सारे प्रस्ताव बैठक मे पढ़ के सुनाये गए। और सर्वसमति से पास किये गए जिसकी प्रति खण्डविकास अधिकारी को प्रेषित की गयी है। जहां पर क्षेत्र के ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## युवक को गांजे के साथ पुलिस ने गिरफ्तार करने का किया दावा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

खेतासराय पुलिस ने बुधवार को आज़ाद पुलिया के पास से एक युवक को गांजा के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है। आरोपित को सम्बंधित मामले में चालान न्यायालय भेज दिया। पुलिस के मुताबिक थानाध्यक्ष चन्दन रॉय बुधवार को मय हमराह उक्त स्थान पर चेकिंग के दौरान लेदरही निवासी युवक मो अरशद पुत्र सलाहू को पकड़ा । तलाशी में उसके पास से एक किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद करने का दावा किया गया है। पुलिस का यह भी कहना है वह शातिर है। आरोपित युवक पर पूर्व में एक भी मामला पंजीकृत नही है। एसओ चन्दन राय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों और तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के साथ उपनिरीक्षक विनोद कुमार तिवारी, समेत अन्य पुलिस के जवान मौजूद रहे।

# समय से स्कूल नहीं पहुंचे गुरुजीः कई घंटे बाहर खड़े रहे बच्चे, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

जन एक्सप्रेस । जौनपुर





**केराकत।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय केराकत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें स्कूल के गेट पर बच्चों द्वारा साइकिल लेकर गेट पर खड़ा होना स्कूल के टीचर का इंतजार करना, बना चर्चा का विषय। शिक्षा में सुधार हो या ना हो और शिक्षक समय से स्कूल आये, या ना आये मगर शिक्षक खातों में महीने का सैलेरी जरूर आना चाहिए। एक तरफ प्रदेश की योगी सरकार लगातार शिक्षा विभाग को लेकर कार्य कर सभी लोगों जागरूक कर रही है वहीं दूसरी तरफ शिक्षकों का स्कूल में लापरवाही देखने को मिल रही है। जब मीडियाकर्मी पहुंचे तो विद्यालय के गेट पर ताला लटका हुआ मिला। और प्रधानाध्यापक समेत एक भी अध्यापक विद्यालय पर नही उपस्थित मिले। और विद्यालय पर सभी बच्चे सुबह 9 बजकर 2 मिनट पर पहुँच गेट पर लगे ताले के बाहर सड़क के किनारे खड़े होकर अध्यापक का बच्चे इंतजार कर रहे थे। वहीं शिक्षक विद्यालय से नदारत रहे। आखिर ऐसे गैर जिम्मेदार प्रधानाध्यापक और अध्यापक पर कब और किस तरह की उच्चाधिकारियों द्वारा कार्रवाई की जाएगी। देखना दिलचस्प होगा। जब इस संबंध में केराकत खंड शिक्षाधिकारी अखिलेश कुमार झाँ से बात की गई तो उन्होंने बताया कि लापरवाह प्रधानाध्यापक व अध्यापक को नोटिस जारी कर करवाई सबसे पहले करते हैं। और साथ ही उन्होंने स्पष्टीकरण प्रधानाचार्य व शिक्षक से मांगने का अवगत कराया। और कहां की हम इस पर त्वरित कार्यवाही करते हैं।

# पुलिस मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय शातिर अपराधी को लगी गोली, अस्पताल में भर्ती

* शाहगंज सर्किल पुलिस की 24घंटे में पुलिस बदमाशों की दूसरी मुठभेड़

जन एक्सप्रेस । जौनपुर






शाहगंज। क्षेत्राधिकारी शुभम तोदी के पर्यवेक्षण में थाना खुटहन खेतासराय की संयुक्त टीम के साथ बीती रात हुए पुलिस बदमाशो की मुठभेड़ में एक अन्तर्जनपदीय शातिर अभियुक्त को लगी गोली गिरफ्तार अस्पताल में भर्ती अभियुक्त के कब्जे से तमंचा कारतूस, नकदी मोटर साइकिल बरामद किया। बताया जाता है कि बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0अजय पाल शर्मा के द्वारा जिले में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में, डा0 बृजेश कुमार अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व शुभम तोदी, क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष खुटहन मय हमराह व थानाध्यक्ष खेतासराय मय हमराह द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान अन्तर्जनपदीय शातिर चोर मो0 नाजिम पुत्र जान मोहम्मद निवासी लमहन थाना महराजगंज को खुटहन थाना क्षेत्र के पटैला रसूलपुर मोड के पास पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। अभियुक्त के कब्जे से एक देशी तमन्चा 315 बोर मय एक खोखा कारतूस व एक जिन्दा कारतूस व एक मोटर साइकिल बरामद किया गया। बताया जाता है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध जिले समेत विभिन्न जिलों में एक दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे पंजीकृत है।

# चंडिका देवी में अस्थाई सात दुकानों में संदिग्ध हालात में लगी आग

* लाखों के नुकसान का लगाया जा रहा अनुमान
* आग के कारणों की नहीं मिली सटीक जानकारी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



बारासगवर थाना क्षेत्र के बक्सर स्थित चंडिका देवी मंदिर प्रांगण में बीती देर रात संदिग्ध हालातों आग लगने से सात अस्थाई दुकाने जलकर स्वाहा हो गई। घटना की जानकारी पर स्थानीय लोगों व दुकानदारों ने कड़ी मशक्कत के बाद निजी संसाधनों से आग पर काबू पाया। घटना से लाखों के नुकसान की बात कही जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है। फिलहाल आग लगने के सटीक कारणों का पता नहीं चल सका है। बक्सर स्थित जिले के सुप्रसिद्ध चंडिका देवी मंदिर परिसर में साल भर भक्तों की भीड़ बनी रहती है। जिसके चलते मंदिर के आसपास बड़ी संख्या में खाद्य सामग्री, सौंदर्य प्रसाधन और खिलौनों की अस्थाई दुकानें वहां लगी रहती हैं। मंगलवार देर रात इन्हीं दुकानों में संदिग्ध हालातों में आग लग गई। देखते ही देखते तेज ने विकराल रूप धारण करते हुए एक एक कर सात दुकानों को चपेट में ले लिया। आग की लपटों में ऊपर से गुजरी विद्युत केवल जलकर नीचे गिर गईं। यह देख वहां चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों व दुकानदारों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दुकानों का सामान पूरी तरह जल कर राख हो गया। दुकानदारों ने लाखों के नुकसान की बात कही है। जिनकी दुकानों में आग लगी उनमें पवन पुत्र विश्वंभर दयाल, लाला बच्चा पुत्र खोखा, कृपा शंकर पुत्र वासुदेव, पिंकी पत्नी ज्ञानेंद्र बहादुर, श्रीराम पुत्र चंद्र मौली, अशोक व बजरंगी सिंह शामिल हैं। आग लगने की सही वजह नहीं पाता चल सकी है। एसओ दिलीप कुमार प्रजापति ने बताया दुकानदार पवन कुमार ने घटना की तहरीर दी है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि आपसी खुन्नस के चलते आगजनी की गई है। वहीं कुछ लोग शार्ट सर्किट के चलते आग लगने की बात भी कहते नजर आए।

# छात्रा और दो बुजुर्गों के फंदे से लटके मिले शव

* सफीपुर कोतवाली और माखी थाना क्षेत्र की घटनाएं

जन एक्सप्रेस । दीप कृष्ण शुक्ला



**उन्नाव।** अलग अलग थाना क्षेत्रों में छात्रा और दो वृद्धों के शव संदिग्ध हालातों में फंदे से लटके मिले। घटना की जानकारी से परिजन रो रोकर व्याकुल हैं। सबंधित थानों की पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### केस एक

माखी थाना क्षेत्र के रामसिंह खेड़ा गांव निवासी तुलसी (65) पुत्र नन्हू मंगलवार की रात को गांव के बाहर स्थित खेत में खड़ी फसल की रखवाली करने गया था। देर रात मृतक के परिजन खेत पर पहुंचे तो आम के पेड की डाल पर गमछे के फंदे के सहारे बुजुर्ग का शव लटका मिला। ग्रामीणों के अनुसार मंगलवार की शाम को घर के सदस्यों में विवाद हुआ था जबकि मृतक के परिजन पड़ोसी से रास्ते का विवाद बता कर हत्या किए जाने की शंका जता रहे हैं। इस बारे में एसओ वीर बहादुर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। मृतक के छह बेटे हैं श्याम सुंदर, हरिश्चंद्र, सुखवीर, नौरंग, सौरंग, दशरथ हैं जिसमें तीन दिल्ली में मजदूरी करते हैं। शेष तीनों घर पर रहकर पिता के साथ खेती किसानी करते हैं। पति मौत वृद्ध शिवकली बेहाल है।

### केस दो



सफीपुर कोतवाली के कुशैला निवासी गुलाम मोहम्मद उर्फ कल्लू (70) खेती किसानी करता था। बुधवार को रोज की भांति भोर पहर करीब 4 बजे घर से गांव के बाहर गढ़ा तालाब किनारे बने झोपड़ी में जाने के लिए निकला था। उधर शौच को गए ग्रामीणों ने झोपड़ी की धन्नी से लुंगी के फंदे से उसका शव लटका देख परिजनों को सूचना दी। जिससे घर वालों में कोहराम मच गया। परिजनों के मुताबिक मृतक ने गुलाम मोहम्मद फाइलेरिया के साथ ही अन्य बीमारियों से पीड़ित होने के कारण परेशान रहता था। उसी से आहत होकर उसके आत्महत्या करने की आशंका जताई जा रही है। मृतक के इकलौते बेटे हबीबुल्ला की भी तीन साल पहले बीमारी से मौत हो चुकी है। पौत्र नईम, नदीम व मोइन बाबा का खेती में हाथ बताते थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। कोतवाल श्याम नारायण सिंह ने बताया कि परिजनों ने कोई आरोप नही लगाया है।

### केस तीन

माखी थाना क्षेत्र के खुमान खेड़ा निवासी श्रावणी यादव (18) पुत्री जितेंद्र यादव शहर के जीजीआईसी कालेज में इंटरमीडिएट की छात्रा थी। बुधवार दोपहर कालेज से घर पहुंचने के बाद उसने घर में छत के कुंडे से साड़ी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। छोटी बहन पलक ने बहन को फंदे से लटका देख पिता को घटना की जानकारी दी। पिता ने आनन फानन उसे फंदे से उतार कर निजी साधन से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ईएमओ डा. दिलीप अग्रवाल ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया। मृतका दो बहनों में बड़ी थी। उसकी मां की आठ वर्ष पूर्व बीमारी से मौत हो चुकी है। पिता आटो चला कर दोनों बेटियों की परवरिश कर रहा था। छात्रा के आत्मघाती कदम के पीछे वजह क्या रही इस संबंध में परिजन कोई सटीक जानकारी नहीं दे सके।

## फास्ट फॉरवर्ड

### लावारिस बाइक का अभी तक नहीं मिला है कोई वारिस



**जन एक्सप्रेस/उन्नाव/बिछिया।** दही थाना क्षेत्र के मुर्तजानगर नहर पर मंगलवार शाम से एक लावारिस बाइक खड़ी है जिसमें चाभी भी लगी हुई है। गेटमैन के सूचना देने के बाद भी पुलिस नही पहुंची है। मुर्तजानगर नहर की रेलवे क्रासिंग पर मंगलवार शाम से एक बाइक खड़ी है। केविन पर ड्यूटी पर तैनात अरविंद सिंह की नजर जब बाइक पर पड़ी तो उसके इंडिकेटर जल रहे थे जिसके बाद उसकी सूचना स्टेशन पर दी जिसके बाद देर रात तक कोई उस बाइक को लेने नही आया तो पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद सुबह फिर पुलिस को सूचना दी लेकिन दही पुलिस लावारिस बाइक के पास नही पहुंची गेटमैन ने बताया की कई बार पुलिस को सूचना दी गई लेकिन मौके पर नहीं पहुंची न गाड़ी को कब्जे में लिया है। खबर लिखे जाने तक बाइक लावारिस खड़ी रही है। दही थाना प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया मामला जानकारी में है। बाइक को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की जा रही है।

### सड़क पर क्षतिग्रस्त वाहन खड़े होने के कारण लगा जाम

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** बुधवार दोपहर करीब एक बजे लखनऊ से कानपुर जा रहा एक डंपर हाइवे स्थित जाजमऊ चौकी के पहले खराब खड़े ट्रक में जा घुसा। जिससे दोनों वाहन सड़क पर आ गये। बीच सड़क पर क्षतिग्रस्त वाहन खड़े होने के कारण बड़े वाहन नहीं निकल सके और जाम लगना शुरू हो गया। जाम में तमाम वीआईपी, एम्बुलेंस और लंबी दूरी की बसें फंस गई। जाम को देख जाजमऊ चौकी पुलिस पहुंची। जहां पुलिस ने जाम हटवाने का प्रयास किया लेकिन जाम टस से मस नहीं हिला। जिस पर क्रेन मंगवाकर वाहनों को किनारे किया गया। जिसके बाद जाम हट सका। इस दौरान तीन बजे तक हाइवे पर जाम की स्थिति बनी रही।

### शंकरपुर गांव में लक्ष्मण शक्ति व मेघनाद व कुम्भकर्ण वध का मंचन

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** अशोक वाटिका श्री राम लीला पंचायती समिति की ओर से शंकरपुर गांव में लक्ष्मण शक्ति व मेघनाद व कुम्भकर्ण वध का मंचन किया गया। जहां रामलीला के मंचन में युद्ध के लिए रावण राम की सेना आमने-सामने खड़ी हुई। लक्ष्मण के साथ रावण के पुत्र मेघनाथ का भीषण युद्ध हुआ। दोनों महारथी हार मानने को तैयार नहीं थे। इस पर मेघनाद ने शक्ति बाण का प्रयोग कर लक्ष्मण को मूर्छित कर दिया। लक्ष्मण के मूर्छित होते ही रामादल में शोक छा जाता। लक्ष्मण को मूर्छित देख श्री राम बिलाप करने लगते है। श्रीराम को विलाप करते देख उपस्थित दर्शकों की आंखों से आंसू बहने लगे। विभीषण की सलाह पर श्री हनुमानजी इलाज वैद्यराज सुषेण को लाते है। सुषेण वैद्य की सलाह पर हनुमानजी पर्वत से संजीवनी बूटी लेकर आते हैं। उसके सेवन से लक्ष्मण स्वस्थ हो जाते हैं। स्वस्थ होने के बाद लक्ष्मण फिर युद्ध भूमि में जाते हैं और घनघोर युद्ध के बाद मेघनाथ का वध कर देते हैं। मेघनाथ के वध की सूचना पर रावण मूर्छित हो जाता है। यह देख दर्शक जयकारे लगाते हैं।

### गैंगस्टर नसीम की सम्पत्ति पर की कुर्की की कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** बुधवार को डीएम के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी नगर आशुतोष कुमार, गंगाघाट कोतवाल राज कुमार, राजस्व कर्मियों व भारी पुलिस फोर्स के साथ अखलॉक नगर पहुंचे। जहां बस्ती से लगी हुई जमीन पर कुर्की और जब्ती की बोर्ड लगाये गये। वहीं डुगडुगी पिटवा कर लोगों को भी अवगत कराया गया। सीओ सिटी ने बताया कि गैंगस्टर नसीम अहमद पुत्र हाजी अखलॉक जो मूल निवासी केडीए कॉलोनी जाजमऊ कानपुर का है। जिलाधिकारी के आदेश पर धारा 14 (1) उत्तर प्रदेश गिरोह जहां गिरोहबंद अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। अपराधी द्वारा समाज विरोधी क्रियाकलापों से अर्जित की गई अवैध अचल संपत्ति जिसकी कीमत करोड़ों रूपये है। उसे जब्त और कुर्क किया गया है। उन्होंने बताया कि नसीम ने आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिये अवैध तरीके से गैंग बनाकर गंगाघाट थाना क्षेत्र के कटरी पीपर खेड़ा व आस पास के इलाकों में गरीब किसानों की जमीन कब्जा कर उस पर प्लाटिंग कर अवैध रूप से बेचकर आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहा है। भूमाफिया और अपने भाई, भतीजे के साथ मिलकर संगठित गिरोह बनाकर समाज विरोधी क्रियाकलापों में संलिप्त रहते हुये आपराधिक कार्य कर संपत्तियां अर्जित किया है। खुद व अपनी पत्नी एवं पुत्र के नाम से खरीदा है। समाज विरोधी क्रियाकलापों से अर्जित की गई कटरी पीपर खेड़ा की 11 स्थानों पर पड़ी 20 करोड़ 84 लाख 46 हजार अवैध अचल को कुर्क किया गया है।

### करवा चौथ पर मांगी पतियों की लंबी उम्र

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** पति की दीर्घायु के लिए मनाया जाना वाला करक चतुर्थी (करवा चौथ) पर्व नगर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही महिलाएं घरों में पूजन को लेकर तैयारियों में जुटी रही। इसके साथ ही घरों में पकवान बनाये। शाम होते ही सुहागिनें सोलह श्रृंगार कर निर्जला व्रत रखते हुए चांद निकलने का इंतजार कर रही थीं। जैसे ही चांद निकला महिलाओं ने छतों पर चांद की विधि-विधान से पूजा अर्चना की। महिलाओं ने चांद को अर्ध्य देकर निर्जला व्रत का पारण किया। इसके साथ ही पटाखों व आतिशबाजी से पूरा आकाश रंग बिखरी छटा बिखेरता रहा।

### लखनऊ नगर निगम में होने वाले धरने की तैयारी को लेकर चर्चा



**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** कानपुर नगर निगम कर्मचारी संघ की बैठक संघ कार्यालय में बुधवार को देवीदीन भाऊ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संघ के महामंत्री रमाकांत मिश्रा ने बताया कि बैठक में उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के आवाहन पर 13 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर 4 नवंबर 2023 को लखनऊ नगर निगम में होने वाले धरने की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित धरने में कानपुर नगर निगम से लगभग 100 कर्मचारी शामिल होंगे। बैठक में अध्यक्ष देवीदीन भाऊ, महामंत्री रमाकांत मिश्रा, उपाध्यक्ष नीलू निगम, मुन्ना हजारिया, मुन्ना पहलवान, रामगोपाल समुद्र,चंद्र प्रकाश शर्मा, पंकज शुक्ला, अकील मसूद, शिव शंकर मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# सूने घर को चोरों ने बनाया निशाना, नगदी जेवर समेत दो लाख का माल किया पार

* फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के हिंदूपुर गांव की घटना

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गांव हिन्दूपुर में चोरों ने सुने घर को निशाना बनाते हुए नगदी जेवर समेत तकरीबन दो लाख का माल पार दिया। घटना की जानकारी गृह स्वामी को तब हुई जब उसका मामा त्योहारी देने पहुंचा और समान बिखरा देख उसे सूचना दी। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गांव हिंदूपुर निवासी राजू कानपुर में रहकर हलवाई का कार्य करता है। मंगलवार को उसके मामा मुरली त्योहारी देने गांव आए थे। जैसे ही वह घर के बाहर पहुंचे तो उन्होंने गेहूं और भूसा घर के बाहर बिखरा पड़ा देखा। इसके बाद उन्होंने फोन पर राजू को सूचना दी। बुधवार की सुबह राजू जैसे ही गांव पहुंचा तो घर के सभी ताले टूटे देख वह सन्न रह गया।उसने बताया कि कर छत के रास्ते चोर चोरी करने आए थे। पीड़ित के अनुसार चोरों ने छत के रास्ते आकर घर से करीब 25 हजार की नगदी, डेढ़ लाख का जेवर सहित करीब दो लाख का माल पार कर दिया है।वहीं राजू की मां राधा नया बंगला गांव में दूसरे घर में रहती है।पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। सफीपुर सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि सूचना पर थाना पुलिस को मौके पर भेजा गया है।जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।






# सनातन की स्थापना करने के लिए होता है भगवान का अवतार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास पं0 शिवा कान्त महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिवस की कथा में भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा प्रारंभ करते हुए बताया कि जब-जब पृथ्वी पर धर्म और अत्याचार बढ़ता है। षड्यंत्र कार्यों के द्वारा सनातन संस्कृति की क्षति पहुंचाने का प्रयास किया जाता है गाय ब्राह्मण संतों पर अत्याचार होता है तब तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेकर दस्तों का संघार कर धर्म की पुनः स्थापना करते हैं भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के प्रसंग में अंतराष्ट्रीय कथा व्यास पं0 शिवा कान्त महाराज ने यह बताया कि जब-जब हुईं हैं धर्म की हानि तब तब बाड़ई असुर अधम अभिमानी श्री कृष्ण जन्मोत्सव की बधाई सुनकर श्रोता समाज आनंद मय होकर नाचने लगे पुष्कर शुक्ला भाजपा मण्डल अध्यक्ष बिठूर, आचार्य शिवम् मिश्रा, आचार्य आशुतोष गौड़, अमित त्रिवेदी, हरि शरण त्रिवेदी, कोयला नगर कानपुर नगर से भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव में पहुंचे कथा की पूरी जानकारी पं0 उत्तम शुक्ला द्वारा दी गई।




# अनोखी पहल: बिठूर थाने में पारिवारिक मामले के निस्तारण के लिए पारिवारिक काउंसलिंग की 7 सदस्यी टीम का हुआ गठन

जन एक्सप्रेस । सनी राव मोघे

**कानपुर नगर।** समाज के नजरिए को बदलने के लिए लगातार कानपुर कमिश्नरेट पुलिस नई खोज कर रही है। इसी कड़ी में बिठूर थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह ने पारिवारिक मसलों को निपटने के लिए बिठूर थाने में पारिवारिक काउंसलिंग टीम का गठन किया है। यह टीम पति-पत्नी के विवाद और पारिवारिक विवादों को सप्ताह के प्रत्येक सोमवार के दिन बिठूर थाने में बैठकर दोनों पक्षों को सुनने के बाद निपटने का प्रयास करेंगी। इस टीम में बिठूर के संभ्रांत नागरिकों के अलावा पुलिस के रिटायर्ड उप निरीक्षकों को भी शामिल किया गया है। पिछले दो सप्ताह में दो मामलों को कुशलतापूर्वक निपटाया जा चुका है। बिठूर थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि इस टीम के गठन होने से जहां एक और समाज का नजरिया पुलिसिया कार्यवाही से बदलेगा। इस 7 सदस्यी टीम में लक्ष्मीकांत दीक्षित पूर्व उप निरीक्षक, विजय सिंह सिंगर पूर्व उप निरीक्षक, जयवीर सिंह प्रधानाचार्य, नीलम कुमार सिंह रि0 संयुक्त आयुक्त उद्योग विभाग, कुमारी वीके तपस्या ब्रह्माकुमारी आश्रम, कुमारी रमा मिश्रा पूर्व प्रधानाचार्य, व छोटे खान उर्फ रसीद खान शामिल हैं।

# ककवन के उटठा गांव की रामलीला में तहसीलदार ने भगवान राम की आरती उतारी

* भगवान राम का विलाप देख भाव विभोर हुए दर्शक

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील के ककवन विकास खंड के उट्ठा गांव में रामलीला के अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी व महामंत्री डॉ अमरनाथ राजपूत की देख रेख में आयोजित हो रही छह दिवसीय रामलीला में मंगलवार को अन्तिम दिवस की लीला का शुभारंभ तहसीलदार तिमिराज सिंह के द्वारा भगवान श्रीराम जी आरती के साथ किया गया। अंतिम दिवस की लीला में कलाकारों के द्वारा मेघनाथ से युद्ध के दौरान लक्ष्मण को लगी शक्ति , मूर्छित लक्ष्मण को देखकर भगवान राम का विलाप , राम भक्त हनुमान के द्वारा संजीवनी बूटी लाने और लक्ष्मण की मूर्छा दूर होने के उपरांत लक्ष्मण के द्वारा मेघनाथ का वध , भगवान राम के द्वारा युद्ध में कुंभकरण का उसके उपरांत लंकापति रावण का वध किया गया। जहां लक्ष्मण के मूर्छित होने पर दर्शक भगवान राम का विलाप देखकर भाव विभोर हो गए वहीं दशानन का वध होते ही जय श्री राम के जयकारे गूंज उठे। लंका विजय के बाद मां जानकी और भ्रात लक्ष्मण सहित भगवान राम की अयोध्या वापसी और बधाई गीतों के बीच भगवान राम का राज्याभिषेक किया गया। इस मौके पर पंकज त्रिपाठी द्वारा आए हुए अतिथियों को माला पटुका और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जिसमें प्रमुख रूप से तहसीलदार तिमिराज सिंह पत्रकार अनुराग उर्फ मार्शल अवस्थी राहुल त्रिपाठी आनंद तिवारी, ओम जी मिश्रा, अजय मोहन शुक्ला , अधिवक्ता शीलू अग्निहोत्री , बछना प्रधान पति सुखबीर, अखिलेश द्विवेदी, रामू शुक्ला आदि सहित सैकड़ो की तादाद में भक्त मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम करते वक्त मजदूर की मौत

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज, उन्नाव

गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा निवासी एक राजमिस्त्री की काम करने के दौरान गिरकर मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। देर शाम उसका शव घर लाया गया। चंपापुरवा निवासी स्व0 विशंभर का बड़ा बेटा आकाश (25) राजमिस्त्री का काम करता था। बुधवार को वह कानपुर बांस मंडी में एक इमारत पर काम कर रहा था, तभी अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। आकाश की मौत की सूचना उसके परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही मां बताशी देवी, भाई विकास, विशाल, बहन आरती का रो रो कर बुरा हाल हो गया। देर शाम पोस्टमार्टम के बाद उसका शव घर लाया गया। शव देख परिजनों में कोहराम मच गया।

# बिल्हौर तहसील क्षेत्र में करवा चौथ पर बिना लाइसेंस धारकों ने बाजरों में खूब बेचे पटाखे

* हर कस्बे में भीडभाड इलाकों में बिना अग्निशमन यंत्र के पुलिस की देखरेख में बिकते रहे पटाखे

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ककवन चौबेपुर शिवराजपुर बिल्हौर सभी थाना क्षेत्र में लगने वाली छोटी बड़ी बाजारों में करवा चौथ पर भीडभाड़ इलाकों में खूब पटाखे बिना लाइसेंस के अवैध रूप से स्टालों पर बिकते रहे वहीं पर सबसे महत्वपूर्ण यह है तहसील क्षेत्र में लगभग 4 करोड़ का पटाखा आकर कस्बे से ग्रामीण क्षेत्रों में दुकानों दुकानों पहुंचा दिया गया है बिना सुरक्षा के बिक्री हो रहा है। पिछले वर्षों में दिवाली पर पुलिस प्रशासन द्वारा बाजारों और कस्बो से दूर सुरक्षित मैदान में सभी लाइसेंस धारक अपने-अपने इंस्टॉल हुआ अग्निशमन यंत्र दूर-दूर लगाते हैं जिससे अगर कोई अप्रिय घटना हो तो उससे जनहानि को बचाया जा सके। लेकिन करवा चौथ के त्यौहार में पटाखा दुकानों के बगल भगवान की फोटो बिक रही हैं उसी दुकान के बगल में चाट के ठेले लगे हैं वहीं पर करवा चौथ के अन्य सामान भी बिक रहे हैं सब्जी भी बगल में बिक रही है लेकिन इन सब की परवाह किए बिना कई वर्षों पहले बिल्हौर की इसी बाजार में पटाखा की दुकान में आग लग गई थी जिसको बुझाने में प्रशासन के छक्के छूट गए थे जनहानि तो नहीं हुई थी लेकिन पटाखा और आसपास की दुकानें जलकर राख हो गई थी इससे भी प्रशासन सबक नहीं लेता है और पटाखा माफिया ने महीना पहले तैयारी करके करोड़ों का पटाखा बिना लाइसेंस और बिना टैक्स अदा किया अपनी चाहेती दुकानदारों के घरों तक पहुंचा दिया है जिसमें लगभग 50त्न भुगतान भी प्राप्त कर लिया है आगे सूत्रों ने बताया कि पटाखा माफिया पुलिस और प्रशासन के साथ अक्सर फोटो खींचाते नजर आते हैं । अब जो छोटी-छोटी दुकानों पर बैठी महिलाएं और पुरुष बिक्री कर रहे हैं उनको प्रतिदिन के हिसाब से पैसा मिलता है माल माफिया का है चल जाए माफिया का और ?5 का पैकेट ?20 का बिक्री होता है इस तरह से सभी पटाखे में चार गुना पैसा आता है जिससे थोड़ा बहुत माल अगर पकड़ा भी जाता है तो पटाखा माफिया का नुकसान नहीं होता है जिम्मेदारों के घरों तक भी पटाखा पहुंच चुका है जिसके चलते बुधवार को पुलिस बाजारों के आसपास खड़ी रही और पटाखा दुकानदार आराम से हंसते हुए बेचते नजर आए इस संबंध में बिल्हौर एसीपी आईपी सिंह से फोन पर बात की तो उन्होंने बताया कि कितने लोगों को सर्किल क्षेत्र में लाइसेंस मिला है इसकी अभी कोई जानकारी नहीं है कानपुर के अधिकारियों से इस संबंध में संपर्क करे।

# गाजा छोड़कर मिस्र जा रहे विदेशी

# पहली बार राफा क्रॉसिंग खोला गया

## करीब 400 लोग इजिप्ट पहुंचेंगे, इनमें फिलिस्तीन के घायल भी शामिल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेल अवीव

इस्राइल और हमास के बीच जारी हिंसक संघर्ष में अब तक 9000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इसी बीच 20 लाख से अधिक लोगों की आबादी वाले क्षेत्र गाजा पट्टी से विदेशी लोगों के बाहर निकलने का सिलसिला शुरू हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक पहली बार रफा क्रॉसिंग के माध्यम से युद्धग्रस्त इलाकों में फंसे लोग मिस्र में शरण लेने जा रहे हैं।



### जंग से जुड़े अहम अपडेट्स...

- जंग के बीच बोलिविया ने इजराइल के साथ संबंध तोड़ दिए हैं। वहीं, कोलंबिया और चिली ने गाजा में नागरिकों की मौत की निंदा करते हुए अपने राजदूतों को वापस बुला लिया है।
- अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन 3 नवंबर को फिर से इजराइल दौरे पर जाएंगे।
- जबालिया कैंप पर हुए हमले में अल जजीरा के एक इंजीनियर के परिवार के 19 सदस्यों की मौत हो गई।
- इजराइल हर रोज 100 ट्रकों को गाजा जाने की मंजूरी देगा, ताकि आम लोगों को राहत सामग्री मिल सके।
- न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इजराइल में मौजूद अमेरिकी कमांडो गाजा में बंधकों की लोकेशन पता करने की कोशिश कर रहे हैं।

### गाजा के सबसे बड़े रिफ्यूजी कैंप पर हमला

मंगलवार रात इजराइल ने उत्तरी गाजा में सबसे बड़े जबालिया रिफ्यूजी कैंप को निशाना बनाया। इजराइली सेना ने दावा किया कि उसने इस हमले में हमास के एक सीनियर कमांडर इब्राहिम बियारी सहित 50 लड़ाकों को मार गिराया है। गाजा के जबालिया क्षेत्र में मौजूद शरणार्थी शिविर करीब 1.4 स्क्वायर किमी के इलाके में फैला है। हमले से पहले यहां करीब 1.16 लाख लोगों ने पनाह ले रखी थी। हमास के कंट्रोल वाली गाजा की हेल्थ मिनिस्ट्री ने कहा कि इजराइली हमलों में दर्जनों की मौत हो गई है, तो वहीं सैकड़ों लोग घायल हुए हैं।

### गाजा में फिर से कम्युनिकेशन और इंटरनेट सेवाएं ठप

इजराइली हमलों के बीच गाजा में फिर से कम्युनिकेशन और इंटरनेट सेवाएं ठप हो गई हैं। इससे गाजा में 20 लाख से ज्यादा लोग दुनिया से कट गए हैं। इधर, इजराइली सेना ने बताया कि इस दौरान उनके 11 सैनिकों ने भी जान गंवाई। अब तक कुल 326 सैनिकों की मौत हो चुकी है। यमन से मंगलवार को हूती विद्रोहियों ने भी इजराइल पर मिसाइल दागी। इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसने एक मिसाइल और कुछ ड्रोन्स को हवा में ही मार गिराया। 'टाइम्स ऑफ इजराइल' के मुताबिक हूती के प्रवक्ता याह्या ने माना कि इजराइल के ऐलत शहर पर ड्रोन्स, बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइल दागी गई हैं। हूती के प्रवक्ता ने आगे कहा- यह हमले गाजा के लोगों के सपोर्ट में किए गए हैं, क्योंकि अरब देश कमजोर हैं और इजराइल का छिपकर साथ दे रहे हैं। यमन की जनता चाहती है कि हम इजराइल पर हमले करें। ये हमले आगे भी होंगे। हम जानते हैं कि इजराइल के पास मजबूत एयर डिफेंस सिस्टम है और उसने हमलों का नाकाम बना दिया, लेकिन ये हमले जल्द ही कामयाब भी होंगे। हूती विद्रोहियों ने 2014 में यमन की राजधानी सना पर कब्जा कर लिया था। अब वो देश के बड़े हिस्से पर काबिज हैं। हूती ने कुछ दिन पहले कहा था कि वो हमास के साथ है और उसकी हर तरह से मदद करेगा।

### गाजा पट्टी में 20 लाख से अधिक लोग

संकट गहराने के बीच ये जानना भी जरूरी है कि जर्मनी, अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई देशों के नागरिक युद्धग्रस्त इलाकों में फंसे हैं। विदेशी सरकारों का कहना है कि 44 देशों के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र निकायों सहित 28 एजेंसियों के पासपोर्ट धारक गाजा पट्टी में रह रहे हैं। बता दें कि हमास हमलों के जवाब में 2.4 मिलियन लोग तीन सप्ताह से अधिक समय से लगातार हो रही इस्राइली बमबारी झेल रहे हैं।

### 9000 से अधिक मौतें, दो तिहाई महिलाएं-बच्चे

हमास के नेस्तनाबूंद करने की कसम खा चुके इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के फरमान पर गाजा पट्टी की पूर्ण नाकेबंदी कर दी गई है। इस कारण गाजा में रहने वाली जनता को भोजन, पानी और बिजली की 卐भयावह卐 कमी का सामना करना पड़ रहा है। हमास संचालित गाजा में इस्राइली सेना की बमबारी में 9000 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबरें आ चुकी हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मरने वालों में दो-तिहाई महिलाएं और बच्चे हैं।

### मिस्र के अस्पताल में घायलों का इलाज

रिपोर्ट के मुताबिक मिस्र ने कहा, 81 गंभीर रूप से बीमार या घायल फलस्तीनियों के पहले समूह को बुधवार को चिकित्सा उपचार की अनुमति दी जाएगी। मिस्र की खुफिया सेवाओं के करीबी टीवी चैनलों पर टर्मिनल में प्रवेश करने वाले एम्बुलेंस के काफिले की तस्वीरें भी दिखाई गईं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक फलस्तीनी सूत्रों ने कहा, उन्हें उम्मीद है कि 88 लोगों को मिस्र के अस्पतालों में इलाज के लिए ले जाया जाएगा। गौरतलब है कि मिस्र के विदेश मंत्रालय की तरफ से मंगलवार को सख्त बयान जारी किया गया। इसमें जबालिया शिविर पर हमले की कड़े शब्दों में निंदा की गई।

### कुछ विदेशी नागरिकों को जल्द रिहा करेंगे: हमास

हमास की आर्म्ड विंग ने मंगलवार को घोषणा की कि वो आने वाले दिनों में कुछ और बंधक बनाए गए विदेशी नागरिकों को रिहा करेगा। साथ ही हमास के कासिम ब्रिगेड के प्रवक्ता अबु ओबैदा ने कहा कि वो गाजा को दुश्मनों की सेना और राजनेताओं के कब्रिस्तान में बदल देंगे। हमास अब तक बंधक बनाए गए 4 नागरिकों को रिहा कर चुका है। इनमें से 2 अमेरिकी और 2 इजराइली नागरिक हैं। रिहा किए गए 4 बंधक महिलाएं हैं।

### फलस्तीनी इलाके में जाते दिखे लोग

खबरों के मुताबिक बड़ी संख्या में विदेशी पासपोर्ट धारकों ने बुधवार को युद्धग्रस्त गाजा छोड़ना शुरू कर दिया। खबर लिखे जाने तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि मिस्र की सीमा से सटे गाजा की दक्षिणी सीमा पर राफा क्रॉसिंग पार कर कितने लोग सुरक्षित जगहों पर जाने में कामयाब रहे। कुछ वीडियो रिपोर्ट्स में घटनास्थल के लाइव फुटेज में लोगों की भीड़ को टर्मिनल के फलस्तीनी हिस्से में प्रवेश करते हुए दिखाया गया है।

### 200 से अधिक ट्रकों का मिस्र से गाजा में प्रवेश

इस्राइल-हमास युद्ध के कारण पैदा हुए अभूतपूर्व मानवीय संकट के बीच अत्यंत जरूरी मदद की खेप ले जाने वाले 200 से अधिक ट्रक मिस्र से गाजा में प्रवेश कर चुके हैं। विदेशी लोगों के निकलने का सिलसिला शुरू होने के बावजूद रिपोर्ट्स में बताया गया है कि किसी भी व्यक्ति को प्रभावित क्षेत्र से भागने की अनुमति नहीं दी गई है। अनुमान के मुताबिक लगभग 400 विदेशी और दोहरी नागरिकता वाले लोग बुधवार को सीमा पार कर सकते हैं।

## सर्वदलीय बैठक के बाद शिंदे बोले, कानूनी प्रक्रिया के लिए समय दें, आंदोलन खत्म करें

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

मराठा आरक्षण को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार सुबह साढ़े 10 बजे सर्वदलीय बैठक की। इसमें शरद पवार समेत 32 पार्टियों के नेता शामिल हुए। करीब 3 घंटे की बैठक के बाद दोपहर डेढ़ बजे शिंदे सहयाद्री भवन से बाहर आए और मीडिया से करीब 2 मिनट बात की। शिंदे ने कहा- सर्वदलीय बैठक में सभी दलों के नेता इस बात पर सहमत हुए कि मराठा समुदाय को आरक्षण मिलना चाहिए। यह निर्णय लिया गया कि आरक्षण कानून के दायरे में और अन्य समुदाय के साथ अन्याय किए बिना होना चाहिए। आरक्षण के लिए अनशन पर बैठे मनोज जारांगे से भी अपील है कि वो अनशन खत्म करें। हिंसा ठीक नहीं है। इधर, आरक्षण की मांग को लेकर मंगलवार को एक महिला समेत 9 और लोगों ने आत्महत्या कर ली। 19 से 31 अक्टूबर तक यानी 13 दिनों में 25 लोग सुसाइड कर चुके हैं। यह संख्या 1990 के मंडल आंदोलन के दौरान की गई आत्महत्याओं के आंकड़े के बाद सबसे ज्यादा है। इस साल सितंबर में शुरू हुआ आंदोलन 10 जिलों में हिंसक हो गया है।

# दिल्ली में धार्मिक स्थलों के पास नहीं बिकेगा मांस

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली में धार्मिक स्थलों के आसपास मांस बेचने पर प्रतिबंध लग गया है। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और श्मशान घाटों के 150 मीटर के दायरे मीट की दुकानें नहीं खुलेंगी। दिल्ली नगर निगम के सदन ने 54 प्रस्तावों को मंजूरी दी, जिसमें मीट शॉप लाइसेंस पॉलिसी भी शामिल है। नई पॉलिसी के तहत किसी भी धार्मिक स्थल और मांस की दुकान के बीच न्यूनतम 150 मीटर की दूरी होगी। मस्जिद समिति या इमाम से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट लेकर मस्जिद के पास मांस की बिक्री की जा सकेगी। हालांकि, मस्जिद के 150 मीटर के दायरे में पोर्क बेचने पर सख्त पाबंदी लगाई गई है। वेटनरी सर्विसेज डिपार्टमेंट की तरफ से नोटिफिकेशन जारी होने के बाद नई मीट शॉप लाइसेंस पॉलिसी लागू हो जाएगी। एमसीडी ने कहा कि लोगों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखने हुए ये फैसला लिया गया है। एमसीडी की नई लाइसेंस पॉलिसी का मीट व्यापारियों ने विरोध किया है। दिल्ली मीट मर्चेंट एसोसिएशन ने कहा कि अवैध मीट दुकानों के लाइसेंस रिन्यूअल के लिए पहले 2,700 रुपए का भुगतान करना होता था। इसे बढ़ाकर अब 7,000 रुपए कर दिया गया है। दुकानदारों के लिए इतना भुगतान करना मुश्किल है। अगर एमसीडी ने लाइसेंस पॉलिसी वापस नहीं लिया तो वे इसके खिलाफ कोर्ट जाएंगे।

### प्रोसेसिंग यूनिट्स के लिए लाइसेंस रिन्यूअल फीस 1.5 लाख रुपए

इस पॉलिसी में मीट की छोटी दुकानों से लेकर प्रोसेसिंग यूनिट, पैकेजिंग या स्टोरेज प्लांट के लिए लाइसेंस देने और रिन्यूअल को लेकर नए नियम बनाए गए हैं। इसके मुताबिक, दिल्ली के पूर्ववर्ती उत्तर, दक्षिण और पूर्वी निगमों में मांस बेचने का लाइसेंस और रिन्यूअल की फीस दुकानों के लिए 18,000 रुपए और प्रोसेसिंग यूनिट्स के लिए डेढ़ लाख रुपए तय की गई है। लाइसेंस जारी होने के बाद हर तीन साल पर रिन्यूअल फीस और जुर्माने में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाएगी।

## 'वीरता और बुद्ध में आस्था के लिए जाना जाता है लद्दाख'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि लद्दाख में आध्यात्मिक, एडवेंचर, इको और स्वास्थ्य पर्यटन से जुड़ी अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि लद्दाख युद्ध में वीरता और बुद्ध में आस्था के लिए जाना जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की लद्दाख यात्रा के दूसरे दिन बुधवार को लद्दाख प्रशासन की ओर से सिंधु घाट पर एक नागरिक स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपति और लद्दाख के एलजी द्वारा सिंधु नदी की पूजा करने के साथ हुई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लेह में उनके सम्मान में आयोजित एक नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने लेह और लद्दाख के सौन्दर्य की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के माध्यम से केन्द्र शासित प्रदेश के 80 प्रतिशत परिवारों तक नल से जल पहुंच चुका है। उन्होंने यहां के लोगों की वीरता की प्रशंसा की। राष्ट्रपति ने लद्दाख की जनता से विभिन्न क्षेत्रों में अपने योगदान को बढ़ाते रहने का आह्वान किया । उन्होंने आशा व्यक्त की कि अपनी भौगोलिक ऊंचाइयों की भांति ही लद्दाख की जनता भी प्रगति की ऊंचाइयां छुएगी।

## 'मैतेई-कुकी लोगों को साथ बैठकर सुलझाना चाहिए मुद्दा'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



मणिपुर की मैतेई और कुकी समुदायों को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिजोरम के टिपा में खुलकर बोला है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, पिछले नौ वर्षों में पूर्वोत्तर शांत रहा है। हालांकि हमने मणिपुर में हिंसा देखी है, जो बेहद दर्दनाक है। साथ ही उन्होंने कहा, हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। दोनों समुदायों को एक साथ बैठकर मुद्दों को सुलझाना चाहिए। इसमें दिल से दिल की बातचीत जरूरी है। पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, मणिपुर में दोनों समुदायों को स्थिति में सुधार के लिए एक-दूसरे से बात करनी चाहिए। जब मणिपुर में स्थिति बिगड़ रही थी, तब कांग्रेस ने इस पर राजनीति करने की पूरी कोशिश की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर भी जमकर हमला बोला, उन्होंने कहा, जब मणिपुर में स्थिति बिगड़ रही थी, तब कांग्रेस ने इस पर राजनीति करने की पूरी कोशिश की। मिजोरम और पूर्वोत्तर समेत पूरे देश को कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति से दूर रखने की जरूरत है। उन्होंने चुनावी रैली में कहा, अगर राज्य में भाजपा सत्ता में आती है तो मिजोरम को नशा मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा, नरेंद्र मोदी सरकार का मानना है कि जब तक पूर्वोत्तर वास्तव में विकसित नहीं होगा तब तक भारत का सपना पूरा नहीं होगा। बता दें मणिपुर में बीते महिनों में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच संघर्ष देखा गया। 3 मई को राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 180 से अधिक लोगों की जान चली गई है। मैतेई समुदाय द्वारा अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किया गया था। मणिपुर की आबादी में मैतेई लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इम्फाल घाटी में रहते हैं, जबकि आदिवासी, जिनमें नागा और कुकी शामिल हैं, 40 प्रतिशत हैं और ज्यादातर पहाड़ी जिलों में रहते हैं।

# हर समस्या की जड़ निजीकरण: राहुल गांधी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने खदानों के निजीकरण पर चिंता जताते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि यह श्रम कानूनों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि खदानों का निजीकरण करने का मतलब श्रमिकों को बंधुआ मजदूरी की ओर धकेलना है। गांधी ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो साझा किया है। इसमें कांग्रेस नेता कार्यकर्ताओं से कहते दिखाई दे रहे हैं कि कांग्रेस का रुख बहुत स्पष्ट है कि रणनीतिक क्षेत्रों में कोई निजीकरण नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, %कुछ दिन पहले मुझे सिंगरेनी कोयला खदानों के श्रमिकों एवं कर्मचारियों से मिलने और बात करने का मौका मिला। उनकी समस्याओं को सुना और सुनने के बाद मुझे पता चला कि हर समस्या की जड़ खदानों का निजीकरण है।' उन्होंने कहा, 'यह निजीकरण श्रम कानूनों का उल्लंघन है और श्रमिकों को बंधुआ मजदूरी में धकेलने का एक साधन है। कुछ पूंजीपतियों को इससे फायदा होगा और इसका परिणाम वही होगा, जो मैं लंबे समय से कहता आ रहा हूं- अमीर अमीर हो जाएंगे और गरीब गरीब हो जाएंगे।' वीडियो में कार्यकर्ता राहुल गांधी से यह सुनिश्चित करने के लिए कहते हैं कि कांग्रेस अपने घोषणापत्र में कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इस तरह के निजीकरण के खिलाफ अपना रुख स्पष्ट करे। गांधी ने पिछले महीने अपनी तेलंगाना यात्रा के दौरान श्रमिकों के साथ अपनी बातचीत में आश्वासन दिया था कि सिंगरेनी कोयला खदानों का निजीकरण नहीं किया जाएगा और आरोप लगाया कि इसे अदाणी को बेचने का प्रयास किया गया था, लेकिन उनके प्रयासों से इसे रोक दिया।

### यूनेस्को क्रिएटिव सिटी नेटवर्क में ग्वालियर-कोझिकोड शहर शामिल

## हमारे लिए गौरवान्वित पल: पीएम मोदी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कोझिकोड और ग्वालियर को यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क में शामिल किया गया। जिसके बाद पीएम मोदी ने कहा, यह सांस्कृतिक आख्यानों को पोषित करने के सामूहिक प्रयास को दर्शाता है। कोझिकोड की समृद्ध साहित्यिक विरासत और ग्वालियर की सुरीली विरासत के यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क में शामिल होने से भारत की सांस्कृतिक जीवंतता वैश्विक मंच पर चमक रही है। पीएम मोदी ने कहा, इस उपलब्धि पर कोझिकोड और ग्वालियर के लोगों को शुभकामनाएं। हमारा राष्ट्र हमारी विविध सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे पहले केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा, यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क में दो और भारतीय शहरों को शामिल किया जाना देश के लिए गर्व का क्षण है। भारत से ग्वालियर और कोझिकोड उन 55 नए शहरों में शामिल हैं, जो मंगलवार को यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क में संगीत के शहर और साहित्य के शहर के रूप में शामिल हुए। विश्व शहर दिवस पर यूनेस्को महानिदेशक ऑड्रे अजोले द्वारा 55 शहर यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क (यूसीसीएन) में शामिल हो गए। विश्व निकाय के मुताबिक, नए शहरों को उनकी विकास रणनीतियों के हिस्से के रूप में संस्कृति और रचनात्मकता का उपयोग करने और मानव-केंद्रित शहरी नियोजन में नवीन प्रथाओं को प्रदर्शित करने की उनकी मजबूत प्रतिबद्धता के लिए स्वीकार किया गया।

### राज्य सरकार ने चीनी मांझों के इस्तेमाल पर लगाया बैन, प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर किया जायेगा दण्डित



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

तमिलनाडु सरकार ने राज्य में नायलॉन का धागा और चीनी मांझा के निर्माण और बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की अधिसूचना जारी की है। 30 अक्तूबर को जारी की गई अधिसूचना में तमिलनाडु सरकार ने तर्क दिया कि ये चीनी मांझा मनुष्यों और जानवरों के लिए एक गंभीर खतरा पैदा करते हैं। कभी-कभी इन मांझों की वजह से गंभीर चोटें और मौत भी हो जाती है। यह अधिसूचना पर्यावरण, मौसम और वन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव सुप्रिया साहु ने लागू किया है। उन्होंने कहा कि प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के तहत दंडित किया जाएगा। साल 2017 में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने चीनी मांझा और अन्य नाइलॉन धागों के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था।

# पायलट-क्रू मेंबर्स माउथवॉश या टूथ जेल यूज नहीं कर सकेंगे

## डीजीसीए ने जारी की रिवाइज्ड गाइडलाइन, ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट को बेहतर करने के लिए बने नियम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



पायलट और क्रू मेंबर्स माउथवॉश, टूथ जेल या किसी ऐसी चीज का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे, जिसमें अल्कोहल हो। डीजीसीए ने इसके लिए रिवाइज्ड गाइडलाइन जारी की हैं। इसके तहत ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट जरूरी कर दिया गया है। डीजीसीए का कहना है कि नॉर्म्स में बदलाव एयरक्राफ्ट ऑपरेशन को ज्यादा सुरक्षित बनाने के इरादे से किए गए हैं। एविएशन इंडस्ट्री से मिले सुझाव के आधार पर 30 अक्टूबर को सिविल एविएशन रिक्वायरमेंट्स के नियमों में बदलाव हुआ है। शराब के सेवन के लिए भी विमान कर्मियों के मेडिकल टेस्ट की प्रोसेस से संबंधित कई नियम बदले गए हैं। अब कोई भी क्रू मेंबर अल्कोहल वाले प्रोडक्ट्स यूज नहीं करेगा। इसके लिए उन्हें फ्लाइट से पहले कंपनी के डॉक्टर से सलाह लेनी होगी। डीजीसीए के मुताबिक, फ्यूल सेल टेक्नोलॉजी वाले ब्रेथ एनालाइजर का यूज अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही एजेंसियों की निगरानी और निरीक्षण की एक प्रक्रिया शुरू की गई है। पैसेंजर के रूप में ट्रैवल कर रहे ऑपरेटिंग क्रू मेंबर के लिए भी बोर्डिंग एयरपोर्ट पर ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट कराना जरूरी होगा।

### ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट की कैमरा रिकॉर्डिंग जरूरी

इसके अलावा तीर्थयात्रा संचालन और नॉन शिड्यूल्ड ऑपरेशन में लगे ऑपरेटरों के लिए ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट की कैमरा रिकॉर्डिंग जरूरी कर दी गई है। राज्य सरकारों को बेस स्टेशनों पर जरूरी सुविधाएं जुटाने के निर्देश दिए गए हैं। अगर किसी क्रू मेंबर या पायलट को एयरपोर्ट पहुंचने के बाद लगता है कि वह बीमारी की वजह से अपनी ड्यूटी सुरक्षित रूप से पूरा नही कर सकता है तो उसे अपनी कंपनी को सूचित करना होगा। ऐसी स्थिति में ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट नहीं किया जाएगा, और उसे टेस्ट से छूटा हुआ नहीं माना जाएगा। उसे उस दिन ड्यूटी के लिए रोस्टर में शामिल नहीं किया जाएगा। आगे रोस्टर में शामिल करने के बारे में कंपनी तय करेगी।

### ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट में पॉजिटिव मिलने पर कड़ी सजा

भारत के बाहर से आने वाली सभी फ्लाइट्स के क्रू और केबिन क्रू का यहां आने के बाद ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किया जाएगा। इसमें पॉजिटिव पाए जाने पर कड़ी सजा का प्रावधान है। हालांकि यह इस बात पर निर्भर करता है कि वह बार-बार टेस्ट में फेल होता है या नहीं।

### जेट एयरवेज-नरेश गोयल की मुसीबतें नहीं हो रही कम; भारत से लेकर विदेशों में फैली 538 करोड़ की संपत्ति जब्त

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल और उनके परिवार के सदस्यों के साथ ही कंपनी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने बुधवार को इस बारे में जानकारी दी। एजेंसी के अधिकारी ने बताया कि कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े एक मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच के तहत जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल, उनके परिवार के सदस्यों और कंपनी की 538 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई है। यह संपत्तियां लंदन, दुबई और भारत में स्थित हैं। जांच एजेंसी के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जेट एयरवेज (इंडिया) लिमिटेड (जेआईएल) के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के प्रावधानों के तहत 538.05 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी रूप से जब्त की है। जब्त की गई संपत्तियों में 17 आवासीय फ्लैट और बंगले और वाणिज्यिक परिसर शामिल हैं। लंदन, दुबई और भारत के विभिन्न शहरों में स्थित ये संपत्तियां जेटएयर प्राइवेट लिमिटेड और जेट एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, नरेश गोयल, उनकी पत्नी अनीता और बेटे निवान और कुछ अन्य कंपनियों के नाम पर हैं। धन शोधन का यह मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से जेट एयरवेज, गोयल, उनकी पत्नी अनीता गोयल और कंपनी के कुछ पूर्व अधिकारियों के खिलाफ कथित धोखाधड़ी के मामले में दर्ज प्राथमिकी से सामने आया है। बैंक की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसने जेट एयरवेज (इंडिया) लिमिटेड को 848.86 करोड़ रुपये का ऋण दिया था जिसमें से 538.62 करोड़ रुपये बकाया थे। इससे पहले रिमांड पर सुनवाई के दौरान जांच एजेंसी ने कहा था कि जेट एयरवेज के संस्थापक ने विदेश में विभिन्न ट्रस्ट बनाकर भारत से विदेशों में धन की हेराफेरी की। जांच में पता चला कि आरोपी ने विदेश में कई ट्रस्ट बनाए हैं और उन ट्रस्टों के माध्यम से उसने विभिन्न अचल संपत्तियां खरीदी हैं। इसमें कहा गया था कि इन ट्रस्टों के लिए इस्तेमाल किया गया धन कुछ और नहीं बल्कि अपराध से अर्जित धन (पीओसी) है जिसे भारत से विदेश भेजा गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# शहीदों के कर्ज को उतारना किसी देशवासी के बस की बात नहीं है: सरपंच सुंदर लाल

**जन एक्सप्रेस | बी.पी. पाण्डेय**

**गुरूग्राम।** अमृत कलश यात्रा में साथ देने के लिए मानेसर की जनता का सरपंच सुंदर लाल यादव ने आभार व्यक्त किया है।

मालूम हो कि भारत सरकार के मेरी माटी मेरा देश के तहत महीने भर शहीदों की मिट्टी कलश में एकत्रित करने का अभियान मानेसर से लेकर जिला गुडग़ांव में चल रहा था। मानेसर की कमान की पंचायती राज के जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल के हाथ में थी। जो महीने भर से अमृत कलश यात्रा के अभियान पर काम कर रहे थे और मानेसर नगर निगम के सैकड़ों गांवों में जाकर लोगों को प्रेरित कर रहे थे और गांवों से शहीदों की मिट्टी कलश में इकट्ठा करने का काम कर रहे थे। मालूम हो कि सरपंच सुंदर लाल श्रेष्ठ कार्यों के कारण मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह से सम्मानित किए जा चुके हैं। सरपंच सुंदर लाल यादव ने अमृत कलश यात्रा अभियान को अपने जीवन का अनमोल भाग्यशाली अवसर समझकर दिन रात एक कर दिया और पूरी टीम के साथ नई दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ पर अमृत कलश के साथ पहुंचे जहां पर प्रधानमंत्री मोदी ने देश की जनता को संबोधित किया और शहीदों की मिट्टी को नमन किया।



सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि शहीदों की वजह से हम खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। शहीदों के कर्ज को उतारना किसी देशवासी के बस की बात नहीं है।

हम उन्हें नमन कर सकते हैं, श्रद्धांजलि दे सकते हैं और शहीदों की अनुपम गाथा को अपनी भावी पीढ़ी को सुना सकते हैं, बता सकते हैं। सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि नई दिल्ली में देश के शहीदों की मिट्टी से जो अमृत वाटिका बनेगा।

वह देश की भावी पीढ़ी को उनके बलिदान की याद दिलाएगी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व का यह कालखंड सदा याद रखा जाएगा। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि मानेसर की जनता ने कलश यात्रा में उनका बड़ा साथ दिया। इसके लिए वह मानेसर की जनता गांव के लोगों के बड़े आभारी हैं।

## संत कुमार बने पाटलिपुत्र सांस्कृतिक चेतना समिति के महासचिव

**जन एक्सप्रेस | गुरुग्राम**



सामाजिक संस्था पाटलिपुत्र सांस्कृतिक चेतना समिति की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन संस्था के वरिष्ठ बीएन लाल की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें संस्था के पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए। सर्वसम्मति से तीसरी बार संत कुमार को संस्था का महासचिव व श्रीनिवास ओझा को कोषाध्यक्ष चुना गया। संस्था की गतिविधियों पर चर्चा की गई और छठ पूजा को धूमधाम से मनाने के लिए सदस्यों से आग्रह किया गया। संत कुमार का कहना है कि उन्हें फिर से संस्था की जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वह बखूबी सभी सदस्यों के सहयोग से निर्वाह करेंगे। इस अवसर पर संजय कुमार सिंह, अजय सिंह, अनिल यादव, अनुपम झा, राजेश यादव, देवानंद यादव, डा. राम प्रकाश राय, बसंत शर्मा, धनंजय कुमार, शैलेंद्र कुमार, मंजय कुमार गुप्ता, सत्यनारायण गुप्ता, उमाशंकर मिश्रा, उपेंद्र यादव, दिनेश शर्मा, सुनील पांडे, गगन सोनी, बेचन, जयराम आदि मौजूद रहे।

# तिब्बत को चीन के कब्जे से आजाद कराने के लिए भारत सरकार काम कर रही है: विधायक सुधीर सिंगला



**जन एक्सप्रेस | गुरुग्राम**

गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने तिब्बत रिफ्यूजी हैंडलूम एसोसिएशन द्वारा आयोजित शीतकालीन कपड़ों के मेले का शुभारंभ किया। यहां राजपूत वाटिका में लगाई गई तिब्बत मार्केट में सर्दियों के वस्त्रों की उपलब्धता रहेगी। इस अवसर पर तिब्बती लोगों का स्वागत करते हुए विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि तिब्बत के लोगों के लिए भारत देश बड़ा बाजार है। यहां वे खुली हवा में सांस ले सकते हैं। बिना किसी रोक-टोक के देश में कहीं आ-जा सकते हैं। उनका देश में हर शहर में उचित मान-सम्मान होता है। शासन, प्रशासन उन्हें उनका बाजार चलाने में पूर्ण सहयोग देते हैं। 18 साल से यहां तिब्बत मार्केट लगाते आ रहे इन लोगों को आज तक कोई दिक्कत नहीं आई है। उन्होंने कहा कि भारत में शांति के मार्ग पर चलने वाले हर किसी का स्वागत होता है। यहां की शांति भंग करने वालों के साथ सख्ती होती है। सिंगला ने कहा कि तिब्बत का चीन के कब्जे से आजाद कराने के लिए भारत सरकार सकारात्मक सोच के साथ काम कर रही है।

भारत-तिब्बत सहयोग मंच अपने स्तर पर जागरूकता फैलाने में लगा है। तिब्बत की आजादी और मानसरोवर की मुक्ति का मिशन लेकर यह मंच लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि तिब्बत के लोगों को चीन से अधिक भारत पर भरोसा है। यहां उन पर व्यापार, दुकानदारी को लेकर कोई प्रतिबंध नहीं है। खुले मन से उनका सब शहरों में स्वागत होता है। उनकी मार्केट और प्रोडक्ट को लोग पसंद भी करते हैं। खूब खरीदारी यहां की जाती है। इस अवसर पर महिंद्र सिंह, संतोष ठाकुर, अशोक सिंह, महेश राघव, आरपी सिंह के अलावा तिब्बती मार्केट टीम से डोलमा स्ट्रिंग, टेंजिन धवला, टेंजिन पलजोम, पेमा, टेंजिन चोसंग व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# सरस मेले में मशहूर गायक दलेर मेहंदी अपनी प्रस्तुति से शमां बांधने का काम करेंगे

**जन एक्सप्रेस | गुरुग्राम**

सरस आजीविका मेला 2023 में गुजरात से कुल उन्नीस स्टॉल लगाए गए हैं, जिसमें हेंडीक्राफ्ट व हेंडलूम के 18 व एक फूड आइटम के स्टॉल लगाए गए हैं। गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले से आई हुई, महिला सशक्तिकरण केंद्र समूह की सबीरा ने बताया कि मेरे स्टॉल नंबर 36 पर गुजराती बांदनी साड़ी, सूट, जुट बैग, रबारी आर्ट किया हुआ फाइल फोल्डर, बैग्स, डायरी आदि प्रोडक्ट उपलब्ध हैं। यहां आप को दो सौ से लेकर ग्यारह सौ रुपये तक के सामान मिल जाएंगे। गुजरात की सूरत जिले से आई हुईं शिव स्व सहाय जुथ समूह की भावना ने बताया कि हमारे स्टॉल नंबर 186 पर आप को गुजराती होम डेकोरेशन के सामान मिल जाएंगे। इसमें तोरन, हॉल हेंगिंग, साकड़ा, भगवानजी के आसन, कीरिंग आदि के सामान हैं। इस स्टॉल पर आप को दस रुपये से लेकर पंद्रह सौ रुपये तक के सामान उपलब्ध हैं। गुजरात के स्टॉल नंबर 184 पर आप को गुजराती आर्टिफिशियल ज्वेलरी के सामान मिल जाएंगे। इसमें माला, ब्रेसलेट, इयर रिंग आदि के आइटम उपलब्ध हैं। वहीं, कच्छ जिला से आई हुईं दीदी के स्टॉल नंबर 38 पर गुजराती गरबा में इस्तेमाल किए जाने वाले चनया चोली, बेल्ट, नेकलेस, बैंगल्स आदि के आइटम आपको मिल जाएंगे। मेले में जम्मू कश्मीर के स्टेट कोऑर्डिनेटर युनुस ऋषि ने बताया कि हमारे स्टेट से कुल ग्यारह स्टॉल हैं जिसमें हेंडीक्राफ्ट के कुल नौ और दो ड्राई फ्रूट्स के स्टॉल लगाए गए हैं। जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले से आई हुईं आफताब स्वयं सहायता समूह की मुनाजा ने



बताया कि हमारे स्टॉल नंबर 204 पर पश्मिना शॉल, तुषी शॉल, आरी वर्क शॉल, स्टोल, सूट, आदि सामान उपलब्ध हैं। इस स्टॉल पर आप को पंद्रह सौ रुपये से लेकर बारह हजार तक के सामान हैं। जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले से आई हुईं फरहान समूह की नुजहत ने बताया कि हमारे स्टॉल नंबर 387 पर मशहूर कश्मीरी ड्राइफ्रूट्स में कागजी अखरोट, कागजी बादाम, केसर, क्रेनबेरी, ब्लैकबेरी आदि के जहां ड्राईफ्रूट्स के आइटम हैं पहाड़ी लहसन, फूलों से तैयार किए गए हनी, कश्मीरी कहवा, केसर के परफ्यूम, शाही जीरा आदि प्रोडक्ट उपलब्ध हैं। सरस मेले में नियमित रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मशहूर गायक दलेर मेहंदी अपनी प्रस्तुति से समां बांधने का काम करेंगे। ज्ञात हो कि दलेर मेहंदी बॉलीवुड सिनेमा के गाने समेत भांगड़ा, डांस सांग के लिए मशहूर हैं।

दलेर मेहंदी का कार्यक्रम दो नवंबर को संध्या आठ बजे से आरंभ होगा। ज्ञात हो कि राजधानी से सटे गुरुग्राम में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा व हरियाणा सरकार के सहयोग से आयोजित सरस आजीविका मेला का आयोजन किया जा रहा है। 11 नवंबर तक आयोजित होने वाला मेला भारत की विविधता और सांस्कृतिक विरासत को दर्शा रहा है।

# जब से भाजपा आई, महंगाई 5 गुना-भ्रष्टाचार 10 गुना, बेरोजगारी 20 गुना बढ़ गई: पंकज डावर

**जन एक्सप्रेस | गुरुग्राम**

भाजपा सरकार के 9 साल के कार्यकाल पूरे होने पर भाजपा वाले आम जनता के बीच जाकर खुशियां क्यों नहीं मना पा रहे हैं इसके पीछे बड़ा कारण है यह कहना है कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कहा कि आज भाजपा के नेता अपने कार्यालय में बने कमरों के अंदर बैठकर भाजपा सरकार के 9 साल के कार्यकाल पूरे होने की खुशियां मना रहे हैं भाजपा के नेता जनता के बीच क्यों नहीं जा पा रहे हैं इसके पीछे कारण यह है कि जनता अब इन नेताओं से 9 साल में की गई काली कमाई का हिसाब मांगने लगी है गुडग़ांव विधानसभा से टिकट के प्रबल दावेदार कांग्रेस नेता पंकज डावर ने कहा कि भाजपा ने 9 सालों में सिर्फ जनता की जेब पर डाका डालने का कार्य किया भाजपा ने प्रदेश में दो बार आम जनता को गुमराह करके सरकार तो बना ली लेकिन उनके नेताओं ने सिर्फ अपनी तिजोरिया भरने का काम किया अब जनता खुद बता रही है कि 9 साल के कार्यकाल में भाजपा ने क्या किया भाजपा के 9 सालों में महंगाई 5 गुना भ्रष्टाचार 10 गुना बेरोजगारी 20 गुना बढ़ गई यह आंकड़े हमारे नहीं है



बल्कि जब हम आम जनता के बीच उनके दुख सुख में जाते हैं तो आम जनता यह बातें कर रही है कांग्रेस नेता पंकज डावर ने कहा कि कांग्रेस राज में हरियाणा प्रदेश में नंबर वन हुआ करता था। बीजेपी राज में गुडग़ांव कचरा सिटी बन गया है। पंकज डावर ने कहा कि प्रदेश की बीजेपी राज में 9 साल में गुडग़ांव में एक नया प्रोजेक्ट नहीं लगा है। केवल विकास का राग अलाप रही है बीजेपी सरकार। इसका हिसाब जनता चुनाव में लेगी। पंकज डावर ने कहा कि भाजपा के भ्रष्टाचारी नेता जिस तरह आम जनता को लूटने के लिए लिस्ट बनाते हैं उसी तरह अब प्रदेश की जनता आने वाले चुनाव में भाजपा के नेताओं की लिस्ट तैयार कर रही है प्रदेश की जनता ने अब भाजपा को वोट की चोट मार कर सबक सिखाने का मन बना लिया है।

# आचार्य नरेंद्र देव को उनकी जयंती पर किया याद, 'बड़ा असाधारण था उनका व्यक्तित्व'

**जन एक्सप्रेस | गुरुग्राम**



देश के प्रसिद्ध विद्वान, समाजवादी, विचारक, शिक्षाशास्त्री और देशभक्त आचार्य नरेन्द्र देव को उनकी जयंती पर उन्हें याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वह गर्म विचारों के व्यक्ति थे। 1916 से 1948 तक ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य रहे थे। देश की आजादी के लिए उन्होंने कई बार जेल यात्रा की और जवाहरलाल नेहरू के साथ अहमदनगर किले में बंद रहे। उन्होंने कहा कि उनका व्यक्तित्व बड़ा असाधारण था। वे हिन्दी, संस्कृत, फ़ारसी, अंग्रेज़ी, पाली आदि भाषाओं पर समान अधिकार रखते थे। बौद्ध दर्शन के अध्ययन आदि में उनकी विशेष रुचि थी। उनका जन्म सीतापुर उत्तर प्रदेश में प्रसिद्ध वकील बलदेव प्रसाद के घर हुआ था। परिवार में सामाजिक वातावरण होने के कारण उन्हें स्वामी रामतीर्थ, पंडित मदनमोहन मालवीय जैसे महानुभावों के दर्शनों का लाभ मिला था। यहीं से उनके अंदर भारतीय संस्कृति के प्रति अनुराग उत्पन्न हुआ और पिता के प्रभाव से राजनीति की ओर उनका झुकाव हो गया था। उन्होंने फैजाबाद में वकालत की, लेकिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का असहयोग आंदोलन में भाग लेने के कारण उन्होंने वकालत का त्याग कर दिया था। काशी विद्यापीठ में उन्होंने अध्यापन किया था और इसी संस्था के कुलपति उन्हें बनाया गया था। वक्ताओं ने कहा कि राजनीति की गतिविधियों में वह गर्म विचारों के व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे। जवाहरलाल नेहरु ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक डिस्कवरी ऑफ़ इंडिया की पांडुलिपि में उनसे संशोधन कराया था। 1934 में आचार्य नरेन्द्र देव ने कांग्रेस से त्यागपत्र देकर कांग्रेस समाजवादी पार्टी का गठन किया था। जयप्रकाश नारायण इसके सचिव थे। वक्ताओं ने युवाओं से आग्रह किया कि वे आचार्य नरेंद्र देव के जीवन से प्रेरणा लेकर देश व प्रदेश के विकास में अपना सहयोग दें।

# इंडस्ट्री श्रमिकों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें: अलका हुड्डा, डा. देशवाल

**जन एक्सप्रेस | गुरुग्राम**

इलेक्ट्रो प्लेटिंग वेलफेयर एसोसिएशन ने इलेक्ट्रोप्लेटिंग इंडस्ट्री पर कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें श्रम विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर अनुराग गहलावत, डॉ. अलका हुड्डा, डा. देशवाल, विजय चौधरी, एसएचओ वेदप्रकाश आदि मौजूद रहे।

आयोजन कमेटी के उमेश कुमार, नेहा चौहान, जतिन ग्रोवर, रामलाल ग्रोवर आदि ने कार्यक्रम में शामिल अतिथियों का स्वागत करते हुए उनके सहयोग की अपेक्षा की। अनुराग गहलावत ने इलेक्ट्रो प्लेटिंग इंडस्ट्री




के कार्यों पर बेहतर भविष्य को लेकर कई सुझाव दिए डा. अलका हुड्डा व डा. देशवाल ने एसोसिएशन से आग्रह किया कि वे श्रमिकों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। यदि श्रमिक स्वस्थ रहेंगे तो वे प्रतिष्ठान को अच्छा उत्पादन दे सकेंगे और अपने परिवार का सही रूप से लालन-पालन कर सकेंगे।

आयोजन में आईडीए के अध्यक्ष केके गांधी, जीआईए के अध्यक्ष जेएन मंगला, कादीपुर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा, फेडरेशन ऑफ नेशनल इंडस्ट्री के अध्यक्ष सुरेंद्र सैनी, जगतपाल सिंह आदि उद्यमी मौजूद रहे। गुरुग्राम एक्सपो के संयोजक गुंजन मेहता व धर्मेंद्र फौजी ने मंच संचालन किया।

# हरियाणा के उभरते गायक एवं कलाकार फतेह संधू ने कॉलेज की फ्रेशर पार्टी में शमा बांधा

**जन एक्सप्रेस | गुरुग्राम**

गुरुग्राम के सेक्टर 34 में स्थित डीपीजी आईटीएम इंजीनियरिंग कॉलेज में बी.टेक, एम.टेक, बीबीए एवं बीसीए के नए एकेडमिक सत्र में प्रवेश पाने वाले छात्र-छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी नवागत समारोह का आयोजन किया गया। सीनियर छात्रों ने प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं का स्वागत गुलाब के फूल और चॉकलेट देकर किया। इस अवसर पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में डांस, सिंगिग तथा नाटक के माध्यम से उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम में हरियाणा के उभरते गायक एवं कलाकार फतेह संधू विशेष रूप से आमंत्रित थे। कॉलेज की प्रबंधन कमेटी के जरनल सेक्रेटरी सुरेंद्र गहलोत एडवोकेट, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ प्रीति गहलोत, डायरेक्टर प्रोफेसर आर सी कुहाड, रजिस्ट्रार टी.आर नरूला, प्रशासनिक अधिकारी कर्नल के एस ठाकरान तथा डीन डॉ मुकेश यादव ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष ज्योति प्रज्वलित करके किया। सुरेंद्र गहलोत ने उपस्थित सभी फैकल्टी तथा विद्यार्थियों का स्वागत तथा अभिनंदन किया।

उन्होंने नए विद्यार्थियों को अपने उच्च अध्ययन के लिए डीपीजी आईटीएम इंजीनियरिंग कॉलेज का चुनाव करने हेतु बधाई दी कॉलेज की एम.डी. डॉ प्रीति गहलोत ने नवागन्तुक छात्र-छात्राओं को डीपीजी आईटीएम परिवार का हिस्सा बनने और संस्था पर भरोसा जताने के लिए बधाई दी तथा उन्हें उत्तम एवं प्रभावशाली शिक्षा प्रदान करने का भरोसा दिलाया। इस आयोजन में अनेक छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में मिलकर




अनेक तरह के गीत, नृत्य, नाटक, तथा संगीत के द्वारा उपस्थित लोगों का मनमोह लिया। हरियाणा के उभरते गायक फतेह संधू एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

कॉलेज के विद्यार्थी अंशु एवं भाव्या ने नृत्य किया। प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले हुनरबाज छात्रों की टीम ने बॉलीवुड गीतों पर नृत्य किया। खुशी और अमन की टीम ने भांगडा नृत्य किया।

### अवनी को मिस फ्रेशर एवं पीयूष को मिस्टर फ्रेशर का खिताब मिला

कार्यक्रम के दौरान फैशन परेड तथा छात्र-छात्राओं की विशिष्ट प्रतिभा की प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया तथा इसमें प्रथम व द्वितीय आने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में शिक्षक जजों मिस फ्रेशर अवनी एवं मिस्टर फ्रेशर पीयूष को चुना गया। परिजोत को मिस ईव और जसप्रीत को मिस्टर ईव के सम्मान से नवाजा गया। मिस टैलेंट की विजेता जिज्ञासा रही तो वहीं आर्यन व प्रनव को संयुक्त रूप से मिस्टर टैलेंट के सम्मान सम्मानित किया गया। कॉलेज के रजिस्ट्रार टी.आर नरूला और टीपीओ स्वाती भारद्वाज ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए विशेष तौर पर असि. प्रो. सागर पारुथी, वंदना कौशिक, नेहा शर्मा, डॉ रिम्मी सिंह, अभी बंसल, भूदेव दीक्षित, आकांक्षा कुलश्रेश्ठ, देवजनी भट्टाचार्य, डॉ. हिमानी गुप्ता, यश धनखड़, डॉ भावना, स्मृति द्विवेदी, अविक्षित शर्मा, सपना डडवाल, मोनिका ठाकरान, पूजा गौर, सिम्पी मेहता, डॉ प्रभा आर्य, पायल जिंदल, हरदीप ठाकरान, मिस रीटा, संगीता विश्वकर्मा, डीपी विनीत कुमार तेवतिया, रमेश चन्द्र, विकास वधावन का योगदान प्रदान करने के लिए धन्यवाद किया।

# फसल अवशेष प्रबंधन हेतु जन जागरूकता वाहन को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**किसान पराली अपने नजदीकी गौशाला में देकर पाएं गोबर की खाद: उप कृषि निदेशक**

जन एक्सप्रेस। अमेठी




जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से प्रमोशन ऑफ़ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन इन सीटू मैनेजमेंट ऑफ़ क्रॉप रेज्डयूयोजना अंतर्गत किसानों को पराली प्रबंधन के संबंध में जन जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।बताते चलें कि यह जन जागरूकता वाहन ग्रामीण जनों को पराली के सदुपयोग व प्रबंधन आदि कीजानकारी उपलब्ध कराएगी।उन्होंने कहा कि फसल कटाई के उपरांत पराली तथा अन्य फसलों के अवशेषों को खेत में कदापि ना जलाएं। फसल अवशेष खेत में जलाना मानवता के प्रति अपराध होने के साथ साथ हमारे पर्यावरण को प्रभावित करता है।तथा मिट्टी की उर्वरा शक्ति को भी नुकसान पहुंचाता है। इससे फसल के उत्पादन में कमी आती है। साथ ही कृषि की लागत भी बढ़ती है। फसल अवशेष को खेत में जलाने से पर्यावरण संतुलन बिगड़ने से जनजीवन भी प्रभावित होने की संभावना अधिक होती है। इसलिए हम सभी का यह कर्तव्य है कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने तथा भावी पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए किसी भी दशा में फसल अवशेष ना जलाएं।फसल अवशेष जलाने से फसल को प्राकृतिक रूप से मिलने वाले तत्वों की कमी से खेत अनुउपजाऊ व बंजर हो जाते हैं।तथा फसल में विभिन्न प्रकार के रसायनों का प्रयोग करना पड़ता है।जिससे लागत अधिक व मुनाफा कम हो जाता है। उन्होंने कहा कि फसल कटाई के उपरांत पराली व अन्य फसल अवशेष प्रबंधन हेतु कृषि मशीनों का प्रयोग कर उसे मिट्टी में पलट दें।अथवा बेस्ट डीकंपोजर का प्रयोग कर खेत में ही सड़ा दे। जिससे जमीन की उर्वरता बढ़ने के साथ ही उर्वरक आदि जैसे रसायनों पर रुपए को व्यय नहीं करना पड़ता।सर्वोच्च न्यायालय तथा राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के आदेशानुसार फसल अवशेष जलाना दंडनीय अपराध है। दो एकड़ तक रुपए 2500, दो से पांच एकड़ तक रुपए 5000 तथा उससे अधिक रकबे की फसल अवशेष जलाने पर रुपए 15000 जुर्माने के साथ कारावास की सजा का प्रावधान है। तथा फसल अवशेष जलाने पर शासन की तरफ से मिलने वाली विभिन्न योजनाओं का लाभ,अनुदान,किसान सम्मान निधि से वंचित कर दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि किसान भाई पर्यावरण की सुरक्षा,खेत की उर्वरा शक्ति, मिट्टी की सेहत, पोषक तत्व एवं सूक्ष्मजीवों के साथ आने वाली पीढ़ी का भविष्य नष्ट न करें।उप कृषि निदेशक ने कहा कि किसान भाई अपने खेतों में पराली ना जलाकर पराली अपने नजदीकी गौशाला पर देकर उसके बदले में वहां से गोबर की खाद प्राप्त कर सकतें हैं।उप कृषि निदेशक ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन हेतु जनपद में फसल अवशेष प्रबंधन हेतु जन जागरुकता हेतु व्यापक रूप से प्रचार प्रसार विभिन्न माध्यमों से कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त कंबाइनहार्वेस्टर मालिकों को निर्देशित किया गया है कि बिना सुपर एक्स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम अथवा अन्य प्रणाली प्रबंधन यंत्र के साथ फसल की कटाई ना करें।यदि कोई कंबाइन हार्वेस्टर मलिक उपरोक्त निर्देश का अनुपालन नहीं करता है,तो उसके विरुद्ध विधि कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रतीक्षा पांडेय,उप कृषि निदेशक डॉक्टर एल बी यादव,जिला कृषि अधिकारी रविकांत सिंह सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# यातायात सुरक्षा, नियमों के प्रति जागरूकता हेतु यातायात माह का किया गया शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

**पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा यातायात जागरूकता प्रचारक वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना**



यातायात सुरक्षा, नियमों के प्रति जागरूकता हेतु बुधवार को पुलिस अधीक्षक रायबरेली आलोक प्रियदर्शी द्वारा ÷यातायात माह नवम्बर-2023÷ का शुभारम्भ किया गया। पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा यातायात जागरूकता प्रचारक वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस विभाग व अन्य विभाग के अधि0/कर्मचारीगण सम्मिलित हुए। यातायात जागरूकता प्रचारक वाहन द्वारा शहर के विभिन्न मार्गो एवं प्रमुख चौराहों कस्बों, बाजारों में भ्रमण कर आम जनमानस में यातायात नियमों के पालन संबंधी जागरूकता जैसे-यातायात सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए बताया गया कि मोटर साइकिल चलाते समय हेलमेट, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य धारण करें। वाहनों को कभी भी तेज गति में न चलायें, नशे की हालत में वाहन न चलायें, हमेशा अपने बायें चलें, उतावलेपन से वाहन न चलायें, चौराहा पार करते समय पहले दाहिने व बांयें देखकर ही आगे बढ़ें, स्टंट बाइकिंग न करें, प्रेशर हार्न, मोडीफाइड साइलेंसर का प्रयोग न करें एवं जेब्रा लाइन एवं यातायात नियमों की जानकारी दी जायेगी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात अमित कुमार सिंह, प्रभारी यातायात रायबरेली, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर, ट्रासपोर्ट यूनियन के पदाधिकारी, व्यापार मण्डल के विभिन्न पदाधिकारी, एनसीसी कैडेट्स, सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर किशोरी की जलाकर हत्या और आत्महत्या के बीच उलझी पुलिस

**पुलिस ने तीनों आरोपियों को किया गिरफ्तार**

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जनपद के थाना बाजारशुक्ल क्षेत्र में पांच दिन पहले घर में घुसकर किशोरी की जलाकर हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। संदिग्ध व्यक्तियों और वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर बाजार शुकुल पुलिस ने देवनगर चौराहे के पास से तीनों आरोपियों मोहम्मद फैजान, प्रिंस पाल व गुफरान को गिरफ्तार कर लिया। दो नामजद आरोपियों के खिलाफ अभी पुलिस की जांच जारी है।दरअसल ये पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के कस्बा स्थित बैंक आफ बड़ौदा के पास का है। जहाँ सोलह वर्षीय एक किशोरी की मकान के दूसरे तल पर जलकर मौत हो गई।घटना के बाद मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पड़ोस के गांव के रहने वाले ग्रामप्रधान समेत पांच नामजद और तीन अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।बुधवार को बाजार शुकुल पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी।इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीनों आरोपियों मोहम्मद फैजान, प्रिंस पाल और गुफरान को गिरफ्तार कर लिया।घटना में नामजद जावेद और ग्राम प्रधान राम बहादुर यादव के खिलाफ पुलिस की जांच अभी भी जारी है।

**हत्या का कारण स्पष्ट नहीं**

पिता की तहरीर पर पुलिस ने आनन फानन में पांच नामजद समेत तीन अन्य के खिलाफ हत्या समेत कई धाराओं में मुकदमा तो दर्ज कर लिया। लेकिन अभी तक हुई जांच में पुलिस किसी नतीजे तक नही पहुँच सकी है ।एसओ अवनीश चौहान की माने तो मामले की जांच अभी चल रही है ।और प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की बात सामने आई है ।मुख्य नामजद आरोपी फैजान से किशोरी के प्रेम प्रसंग चल रहा था ।जबकि एक अन्य आरोपी प्रिंस पाल से किशोरी का पहले से प्रेम प्रसंग था।

# यातायात माह के पहले दिन स्कूली बच्चों द्वारा निकाली गयी जागरूकता रैली

जन एक्सप्रेस। अमेठी



बुधवार को यातायात माह के उपलक्ष्य में जनपद पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। आयोजन के पहले दिन एमजेएस मेमोरियल ग्रीन वैली स्कूल/कॉलेज गौरीगंज अमेठी द्वारा निकाली गयी यातायात जागरूकता रैली को पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा पुलिसकार्यालय गौरीगंज से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में शामिल स्कूली बच्चों द्वारा मुख्य मुख्य चौराहों, बाजारों में यातायात नियमों का पालन करने जैसे नशे की हालत में वाहन न चलाने,निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, अवयस्क को वाहन न चलाने देने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहनो पर हेलमेट का प्रयोग करने,वाहनों को ओवर लोड न चलाने तथा यातायात नियमो का पालन करने आदि के संबन्ध में जागरूक किया गया। रैली में यातायात जागरूकता के साथ-साथ मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के प्रति महिलाओं, बालिकाओं के सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से 1090 वूमेन पॉवर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा,1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपात कालीन सेवा, 1098चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा आदि के बारे में भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात जगदीश कुमार, प्रभारी यातायात शोभनाथ तथा एमजेएस स्कूल गौरीगंज के प्रबंधक मंशाराम मौर्य सहित शिक्षक एवं स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# अद्भुत कलश के जरिए बढ़ाया है जिले का मान, ब्लॉक प्रमुख हुए सम्मानित

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर



अद्भुत कलश के जरिए दिल्ली में जिले का मान बढ़ाने वाले बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह और उनके वालंटियर को भाजपा प्रदेश मंत्री शंकर गिरी ने लखनऊ में सम्मानित किया। उन्होंने शिवकुमार सिंह और सभी वालंटियर को फूल माला पहनाकर सम्मान किया है। सम्मानित हुए वालंटियर में सुल्तानपुर और अमेठी के वालंटियर शामिल थे।

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह द्वारा तैयार कराया गया पीतल का जिले से 5 फीट ऊंचा कलश देश की राजधानी ले जाया गया जो वहां चर्चा का विषय बना। आजादी के अमृत महोत्सव योजना के तहत मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कलश जिले से दिल्ली के कर्तव्य पथ पर पहुंचा। जहां यात्रा का केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री व सांसद डा.महेंद्र नाथ पांडे ने स्वागत किया। पूरे देश से दिल्ली में पहुंचे कलश में प्रदेश का सुल्तानपुर से ले जाया गया कलश अपनी अलग पहचान बनाए हुए था। जिससे जिले का मान बढ़ा। इसलिए अब शिवकुमार सिंह को सम्मान दिया जा रहा है। गौरतलब रहे कि 16 अक्टूबर को 'मेरा माटी-मेरा देश' कार्यक्रम के मद्देनजर 70 किमी लंबी कलश यात्रा बल्दीराय ब्लॉक से निकाली गई थी। जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह व एसडीएम बल्दीराय विदुषी सिंह ने इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। जो बल्दीराय तहसील की 65 ग्राम सभाओं से होते हुए देर शाम जिला मुख्यालय पर पहुंची थी।यहां एडीएम प्रशांत सिंह व एएसपी विपुल श्रीवास्तव ने कलश यात्रा का स्वागत किया था।

इसके बाद इसे केशकुमारी बालिका इंटर कॉलेज में रखा गया था। फिर दुबेपुर ब्लॉक से कलश यात्रा 27 अक्टूबर को लखनऊ के लिए रवाना की गई। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह, डीएम कृतिका ज्योत्स्ना, एसपी सोमेन बर्मा व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आर.ए वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया। लखनऊ से कलश यात्रा अब दिल्ली पहुंच गई है।ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने बताया कि अमृत कलश यात्रा में 5 फिट ऊंचाई का कलश तैयार किया गया था। जिसका वजन करीब 36 किलो के आसपास था। उन्होंने ये भी बताया कि यूपी भर में इकलौता अनोखा कलश बना है, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है।

# गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए आवेदन 15 नवंबर तक करें

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय पुरस्कार दिये जाने हेतु जनपद के पात्र व्यक्तियों के आवेदन पत्र 15 नवम्बर 2023 तक चार प्रतियों में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है।

शासन द्वारा पूर्व में परिचालित किये गये मार्गदर्शी सिद्धान्त के अनुसार पुरस्कार प्राप्त करने की अर्हताए निर्धारित की गई है जिसमें भारत का मूल नागरिक हो। उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा के भीतर पुरस्कार पर विचार किये जाने के वर्ष में सामान्यतया निवास करता रहा हो। मानवाधिकार, सामाजिक न्याय व राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान रहा हो। गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार योजना के अधीन पूर्व में इस राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत न किया गया हो। प्रदेश में निवासरत व्यक्तियों में से कोई एक व्यक्ति, जिसने मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट कार्य किया हो तथा इस हेतु पूर्णतः समर्पित रहे हो, को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा गुरु गोविन्द सिंह जी के जन्म दिवस 5 जनवरी पर गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार प्रदान किया जाता है जिसके अन्तर्गत चयनित व्यक्ति को एक लाख रूपये का नगद पुरस्कार तथा प्रशस्ति-पत्र दिये जाने की व्यवस्था है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की संयुक्त आख्या में व्यापक जांच कर तथ्यात्मक विवरण अभिलेखीय साक्ष्यों सहित यह भी प्रमाण-पत्र अंकित किया जाये कि उनके विरूद्ध कोई अपराधिक मामला प्रचलित /लंबित नहीं है और किसी भी अपराधिक मामले में किसी न्यायालय द्वारा उन्हें दण्डित नही किया गया है। महत्वपूर्ण कार्यों आदि अभिलेखीय साक्ष्यों को 15 नवम्बर 2023 के पूर्व चार प्रतियों में उपलब्ध कराये। गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार हेतु पात्र महानुभावों के नामांकन तत्काल निर्धारित प्रारूप में कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को मुहैया करवा दी जाये।

# जन सामान्य एवं अर्ह मतदाता, मतदाता सूची में त्रुटियां को निर्धारित प्रारूप भरकर करायें दुरुस्त

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

**जनपद में दावे और आपत्तियां प्राप्त करने हेतु 04, 05, 25 व 26 एवं 02 व 03 दिसम्बर को चलेगा विशेष अभियान**



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 27 नवम्बर 2023 को किया गया है। आयोग के निर्देशानुसार कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के अनुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अनुसार दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि जो 27 नवम्बर से 09 दिसम्बर 2023 तक है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष अभियान की तिथियां 04 नवम्बर 2023 (शनिवार), 05 नवम्बर 2023 (रविवार), 25 नवम्बर 2023 (शनिवार) एवं 26 नवम्बर 2023 (रविवार), 02 दिसम्बर 2023 (शनिवार) व 03 दिसम्बर 2023 (रविवार) को प्रत्येक मतदेय स्थल पर सम्बन्धित बी0एल0ओ0 मतदाता सूची के साथ दावे/आपत्ति प्राप्त करने हेतु उपस्थित रहेंगे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के समस्त सामान्य एवं अर्ह मतदाताओं से अपील की है कि 01 जनवरी 2024 के आधार पर आलेख्य प्रकाशित मतदाता सूची का निरीक्षण अपने बीएलओ के माध्यम से कर लें, यदि कोई त्रुटियां पायी जाती है तो निर्धारित प्रारूपों में आवेदन पत्र दाखिल कर सकते है। उन्होंने बताया कि यदि कोई अर्ह मतदाता का नाम मतदाता सूची में नही है तो फार्म 6 में आवेदन करें। प्रवासी मतदाता यदि अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराना चाहते है तो फार्म 6 ए में आवेदन करें। यदि किसी का नाम मतदाता सूची में गलत तरीके से दर्ज है तो आपत्ति हेतु फार्म 7 में आवेदन करें। यदि मतदाता का नाम मतदाता सूची में है परन्तु उसकी फोटो शामिल नही है तथा मतदाता सूची में किसी मतदाता के नाम/किसी प्रविष्टि में/फोटो में गलती है तो फार्म 8 में आवेदन करें।

आयोग के निर्देशानुसार बीएलओ के पास अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर आलेख्य प्रकाशन सूची का निरीक्षण कर लें, यदि कोई त्रुटि पायी जाये तो उससे सम्बन्धित फार्म भरकर अपने बीएलओ को उपलब्ध कराते हुए मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिविहीन बनाये जाने में आपके सक्रिय सहयोग की अपेक्षा है।

# सेवानिवृत होने पर दी भावभीनी विदाई

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

ऑल इंडिया एससीएसटी पोस्टल इम्प्लाइज एसोसिएशन के मंडलीय सचिव सुरेशचंद्र ने अपने साथी मोहम्मद अतहर के सेवानिवृति पर डाक अधीक्षक एम एम हुसैन के नेतृत्व में भावभीनी विदाई दी। उन्होंने मो0अतहर के पूरे कार्यकाल को बेहतरी सेवा काल बताया और कहाकि कोई भी कर्मचारी सरकारी सेवा से तो रिटायर हो जाता है मगर देश व परिवार के कर्तव्यों से रिटायर नही होता बल्कि और ज्यादा सामाजिक व सक्रिय हो जाता है। चूंकि सेवाकाल की बंदिशें उसे हर दिन पाबन्द किये रहती है जिसके चलते वो सीमित हो जाता है। पोस्टमास्टर अशोक शुक्ला ने भी रिटायर साथी को माल्यर्पण कर विदाई दी। इस अवसर पर ओवरसियर अनिल तिवारी, आशिक हुसैन, राम नारायण यादव, राम प्रताप चैबे आदि मौजूद रहे।

# स्टॉफ नर्स आंचल की मौत से उठा पर्दा, सुसाइड नोट आया सामने

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

स्टॉफ नर्स आंचल खान ने पांच दिन पूर्व शहर के एक नर्सिंग होम में ड्यूटी के समय रूम के अंदर सुसाइड कर लिया था। इस घटना से हॉस्पिटल संचालक डॉक्टर व स्वयं लड़की के घर वाले हतप्रभ थे। दूसरे दिन पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में मौत की वजह हैंगिंग आई तो सभी पशोपेश में पड़े थे कि आखिर उसने ये कदम क्यों उठाया? लेकिन अब जब पांचवें दिन नर्स आंचल का सुसाइड नोट आया तो स्थिति साफ हो गई। उसने प्रेमी के नाम सुसाइड नोट लिखा है। जिसको मौत के लिए उकसाने के मामले में पुलिस ने दोषी मानते हुए पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। आंचल खान ने अपने प्रेमी जावेद के नाम सुसाइड नोट लिखा है। इसमें उल्लेख है, 'जावेद आपको लगता है आके फंस गए हो तो मैं अब आजाद कर देती हूं आपको। अब आपको नहीं लगेगा मैं फंस गया हूं। ओके मेरी जान। मैं अपने होशो हवास में खुद की जान दी है। जो सही हो करिएगा। मेरी फैमली वालों को ना ही मुझसे जुड़े लोगों को परेशान मत कीजिएगा।' उसके बाद उसने लिखा, 'अम्मी मुझे माफ कर दीजिएगा। जावेद मुझे माफ कर दीजिएगा।' आई एम सॉरी। दरअस्ल 27 अक्टूबर को कोतवाली नगर के गभड़िया क्षेत्र के एक निजी हॉस्पिटल में ड्यूटी के दौरान स्टॉफ नर्स आंचल खान ने रूम के अंदर सुसाइड कर लिया था।

इसकी सूचना हॉस्पिटल के संचालक ने कोतवाली पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव निकलवाया और पोस्टमार्टम में भेजा। पोस्टमार्टम में अगले दिन आंचल की मौत की पुष्टि हैंगिंग ही आई। लेकिन पुलिस के आगे बड़ा सवाल ये था कि परिजन की ओर से कोई तहरीर दी ही नहीं गई। दूसरे रोज ही आंचल को सुपुर्द-ए खाक कर दिया गया। उधर मोहल्ले में तरह-तरह की चर्चाओ का बाजार गर्म था। लेकिन अब जब आंचल का एक सुसाइड नोट मिला तो सभी चीजों से पर्दा उठ गया। उसके बाद आंचल के पिता मुश्ताक ने कोतवाली नगर में दिया कि स्टॉफ में ही जावेद नाम का एक लड़का काम करता था जो आंचल को परेशान करता था। उसी से तंग आकर उसने ये कदम उठाया। आंचल के पिता मुश्ताक का कहना है कि बेटी का सुसाइड नोट डॉक्टर ने हमें बुलाकर दिया जिस पर कार्रवाई कराई गई है।

# निर्माणाधीन बारात घर में भ्रष्टाचार उजागर, ध्वस्तीकरण के आदेश जारी

**जन एक्सप्रेस/लंभुआ/सुलतानपुर।** मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत लंभुआ नगर पंचायत में बारात घर मंडपम का निर्माण हो रहा है। सवा तीन करोड़ रुपए की लागत से अयोध्या की कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस निर्माण कार्य करा रही है। जिसमें घटिया क्वॉलिटी की सरिया व मौरंग प्रयोग हुआ है। मानक के अनुरूप नींव भी नहीं बनाई गई। इसकी शिकायत नगर पंचायत अध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह ने डीएम से की। जिस पर उन्होंने एसडीएम लंभुआ को जांच के निर्देश दिए। जांच में आरोपों की पुष्टि के बाद निर्माणाधीन बारात घर को ध्वस्त करने का आदेश हुआ है। लंभुआ नगर पंचायत के विवेक नगर वॉर्ड में अयोध्या की कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस द्वारा सवा तीन करोड़ रुपए की लागत से बारात घर का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। पैसे भी इसके खारिज हो गए हैं। कार्यदायी संस्था ने मंडपम की नींव भरवा दी जो मानक के अनुरूप नहीं थी। स्थानीय लोगों ने इस भ्रष्टाचार पर आवाज बुलंद की और नगर पंचायत अध्यक्ष अवनीश कुमार उर्फ अंगद सिंह से शिकायत किया। जिस पर नगर पंचायत अध्यक्ष तथा ब्लॉक प्रमुख डॉ. कुंवर बहादुर सिंह ने निरीक्षण किया। गड़बड़ी पाए जाने पर उन्होंने कार्य रुकवा दिया और डीएम कृतिका ज्योत्सना से शिकायत की। डीएम के निर्देश पर मंगलवार को एसडीएम दीपक वर्मा ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्यों की जांच की। निरीक्षण के बाद एसडीएम ने कहा कि अभी तक मंडपम का जो भी कार्य हुआ है वह घटिया सामग्री से हुआ है। कार्य को तत्काल रुकवा दिया गया है और जेई को तत्काल अभी तक हुए निर्माण को ध्वस्त करवाने तथा पुनः मानक के अनुरूप निर्माण कार्य करवाने का आदेश दिया गया है।